निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• 12 जून 2025 गुरुवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 26 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1381 :** इंग्लैंड में किसानों ने विद्रोह किया।
**1812 :** नेपोलियन बोनापार्ट ने रूस पर हमला किया।
**1964 :** दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ आंदोलन करने वाले नेता नेल्सन मंडेला को उम्र कैद की सजा।
**1975 :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनावी भ्रष्टाचार में दोषी करार दिया।
**2016 :** सायना नेहवाल ने दूसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता।
**2017 :** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित तेलुगु भाषा के प्रख्यात कवि सी. नारायण रेड्डी का निधन।

# झारखंड में सार्वजनिक जगहों पर सिगरेट पीना पड़ेगा महंगा, लगेगा एक हजार जुर्माना

## संशोधन बिल को राष्ट्रपति की मिली मंजूरी, पहले 200 था जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में अब से सार्वजनिक स्थान यानी पब्लिक प्लेस में सिगरेट पीते पकड़े जाने पर 1000 रुपए का जुर्माना लगेगा क्योंकि सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह जानकारी राजभवन सचिवालय ने दी है। इस संशोधन विधेयक को करीब चार साल पहले हेमंत सरकार ने विधानसभा से पारित कराया था। इस संशोधन विधेयक के स्वीकृत होने से पहले तक राज्य में पब्लिक प्लेस




में सिगरेट पीने पर 200 रुपए जुर्माना का प्रावधान था जो अब पांच गुणा बढ़कर 1000 रुपए हो गया है। जब यह संशोधन विधेयक सदन में आया था, तब तत्कालीन आजसू विधायक लंबोदर महतो ने संशोधन प्रस्ताव के जरिए पब्लिक प्लेस में सिगरेट पीने पर जुर्माने की राशि 1000 रुपए की जगह 10 हजार रुपए करने की मांग की थी। संशोधन विधेयक पर तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि सार्वजनिक स्थान पर थूकने पर भी जुर्माना लगेगा। उन्होंने यह भी कहा था कि 21 वर्ष से कम आयु के उपभोक्ताओं को तंबाकू बेचना दंडनीय अपराध होगा। बता दें कि जिस दिन झारखंड विधानसभा से यह बिल पास हुआ था उससे एक माह पूर्व झारखंड कैबिनेट ने राज्य में हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। सरकार ने स्पष्ट किया था कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को जेल या 1 लाख रुपए तक का जुर्माना देना होगा।

# सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से कोडरमा-हजारीबाग-बरकाकाना रेल लाइन दोहरीकरण को केंद्र सरकार से मंजूरी

**नवीन सिन्हा**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए आज का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। सांसद मनीष जायसवाल के सतत प्रयासों का फल तब मिला जब केंद्र सरकार ने कोडरमा-हजारीबाग-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट की स्वीकृति मिलने के साथ ही क्षेत्र में विकास की नई रफ्तार जुड़ने जा रही है। यह परियोजना लगभग 133 किलोमीटर लंबी होगी, जिसकी लागत 3,063 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। दोहरी लाइन बिछाने के साथ-साथ इसमें 17 बड़े पुल, 180 छोटे पुल, 42 रेलवे ओवर ब्रिज और 13 रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण शामिल है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव



का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा जिले के 938 गांवों के लगभग 15 लाख लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस रेल मार्ग के दोहरीकरण से पटना और रांची के बीच दूरी कम होगी और यह मार्ग तेज, पर्यावरण के अनुकूल तथा अधिक मालवाहन क्षमता वाला बनेगा। अनुमान के अनुसार परियोजना के क्रियान्वयन से हर वर्ष 32 करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी और 163 किलोटन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी– जो लगभग 7 करोड़ पेड़ों के रोपण के बराबर है। मनीष जायसवाल ने इसे आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक रूप से एक गेमचेंजर परियोजना बताया। उनका कहना है कि इस कदम से न केवल झारखंड-बिहार के बीच रेल संपर्क सुदृढ़ होगा, बल्कि व्यापार, पर्यटन और रोजगार के भी अनेक नए अवसर खुलेंगे। राजनीतिक सक्रियता और जनप्रतिनिधित्व की मिसाल पेश करते हुए सांसद मनीष जायसवाल लंबे समय से इस परियोजना के लिए संसद से लेकर मंत्रालय तक लगातार आवाज उठा रहे थे। अंततः उनकी मेहनत रंग लाई और क्षेत्र को एक बड़ी सौगात मिली।

# जियो फेंसिंग से मतदान केंद्र और उसके क्षेत्रों की तय होंगी सीमाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर रहनी चाहिए, जिससे मतदान के समय क्यू मैनेजमेंट और वोटिंग की स्पीड बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को सुविधा प्राप्त हो सके इस हेतु राज्य में विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जियो फेंसिंग के माध्यम से चिन्हित एवं ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं एवं उनके घरों तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रक्रिया के सम्पन्न होने के बाद सभी बीएलओ के अपने क्षेत्र निर्धारित होंगे एवं ऑनलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता अपने लोकेशन से ही अपने मतदान केंद्र, उसका लोकेशन एवं अपने बीएलओ को जान पाएंगे। के. रवि कुमार बुधवार को राज्य के विभिन्न जिलों के मतदान से संबंधित विभिन्न स्तर के अधिकारियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के ट्रेनिंग के दौरान




संबोधित कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 11 से 13 जून तक चलने वाले इस ट्रेनिंग सत्र में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के बारे में पुडुचेरी, भारतीय जनगणना कार्यालय एवं आईटी के विशेषज्ञों के अनुभवों को संकलित कर बनाए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल से विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी जाएगी, धुर्वा सेक्टर के क्षेत्रों का भ्रमण कराते हुए नजरी-नक्शा तैयार करने एवं मैप के की-पॉइंट्स को अंकित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके उपरान्त प्रतिभागियों के विभिन्न टीमों द्वारा इसे अलग- अलग प्रैक्टिकल के तौर पर तैयार कराया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी होगा, कम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुनः ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी, विभिन्न जिलों से आए उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं संबंधित जिलों के कर्मी उपस्थित रहे।

# तकनीक, प्रबंधन व सौंदर्य का बनेगा संगम : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने पटना में बिहार के पहले डबल डेकर फ्लाईओवर का किया लोकार्पण





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के लोगों को राज्य का पहला डबल डेकर पुल की बड़ी सौगात दी है। उन्होंने बुधवार को पटना के अशोक राजपथ पर बने डबल डेकर पुल का लोकार्पण कर उसे जनता को सौंप दिया। 422 करोड़ रुपए की लागत से बने इस पुल की लंबाई 2.2किमी है। यह डबल-लेवल एलिवेटेड कॉरिडोर न केवल अशोक राजपथ पर ट्रैफिक की भीड़ को कम करेगा बल्कि पटना मेट्रो प्रोजेक्ट और जेपी गंगा पथ से इसकी कनेक्टिविटी शहर के ट्रैफिक प्रबंधन को नई दिशा देगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन के अलावे कई मंत्री और बड़े अधिकारी मौजूद थे। डबल-डेकर पुल अशोक राजपथ, पीएमसीएच, साइंस कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय जैसे अत्यंत व्यस्त क्षेत्रों में ट्रैफिक दबाव को कम करेगा। जेपी गंगा पथ से सीधा लिंक, जिससे गांधी सेतु या कंकड़बाग की ओर से आने वाले वाहनों को नया वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। इस पुल को बाकरगंज नाला सड़क, मल्टी-लेवल पार्किंग और पटना मेट्रो रेल प्रोजेक्ट से भी जोड़ा जाएगा। इससे छात्र, मरीज, डॉक्टर, व्यापारी व आम नागरिक हर वर्ग को फायदा होगा। यह पुल न सिर्फ एक ट्रैफिक परियोजना है बल्कि शहर की एक नई पहचान बनने जा रहा है। तकनीक, प्रबंधन और सौंदर्य का संगम। दरअसल, पटना के अशोक राजपथ को आज एक बड़े अभिशाप से मुक्ति मिल गई है।

# भारतीय रेल की दो मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

## केंद्रीय कैबिनेट से झारखंड, कर्नाटक और आंध्र को मिली सौगात

**■ मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्तावों से प्रचालन सुव्यवस्थित होगा और भीड़-भाड़ में आएगी कमी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है। समिति ने रेल मंत्रालय की जिन दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है उनमें कोडरमा-बरकाकाना दोहरीकरण (133 किलोमीटर) परियोजना खंड झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरता है। इसके अतिरिक्त यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक कुशल रेल संपर्क है। वहीं बेल्लारी-



चिकजाजुर दोहरीकरण (185 किलोमीटर) परियोजना लाइन कर्नाटक के बेल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेल के लिए प्रचालनगत दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। इन मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्तावों से प्रचालन सुव्यवस्थित होगा और भीड़भाड़ में कमी आएगी। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को 'आत्मनिर्भर' बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और ये लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। श्री वैष्णव ने बताया कि झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को शामिल करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के विद्यमान नेटवर्क को लगभग 318 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। अनुमोदित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 1,408 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी, जिनकी आबादी लगभग 28.19 लाख है। कोयला, लौह अयस्क, परिष्कृत इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए ये आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 49 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) का अतिरिक्त माल यातायात होगा। रेलवे पर्यावरण का अनुकूल और ऊर्जा सक्षम साधन है जिससे जलवायु लक्ष्यों को अर्जित करने और देश की लॉजिस्टिक्स लागत को घटाने, तेल आयात (52 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन (264 करोड़ किलोग्राम), जो 11 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है, को कम करने में मदद मिलेगी।

# अब केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही 1 जुलाई से बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** एक जुलाई 2025 के बाद से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही तत्काल योजना के तहत टिकट बुक कर सकेंगे। 10 जून, 2025 के एक परिपत्र में मंत्रालय ने सभी जोनल रेलवे को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि तत्काल योजना का लाभ आम अंतिम उपयोगकर्ताओं को मिले। रेल मंत्रालय ने कहा कि 01 जुलाई से तत्काल योजना के तहत टिकट भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट/इसके ऐप के माध्यम से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे। इसके बाद 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार 01 जुलाई से तत्काल योजना के तहत टिकट भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट/इसके एप के माध्यम से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे। इसके बाद 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तत्काल टिकट भारतीय रेलवे के कम्प्यूटरीकृत पीआरएस (यात्री आरक्षण प्रणाली) काउंटरों/अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिए केवल सिस्टम-जनरेटेड ओटीपी के वेरिफिकेशन के बाद ही उपलब्ध होंगे। यह ओटीपी बुकिंग के समय यूजर्स की ओर से दिए गए मोबाइल नंबर पर सिस्टम के जरिए भेजा जाएगा। इस व्यवस्था को भी 15 जुलाई 2025 तक लागू किया जाएगा। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंट को तत्काल बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान ओपनिंग डे तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी। खास तौर पर, उन्हें सुबह 10 बजे से 10.30 बजे तक वातानुकूलित श्रेणियों के लिए और सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक गैर-वातानुकूलित श्रेणियों के लिए तत्काल टिकट बुक करने से प्रतिबंधित किया जाएगा। मंत्रालय ने रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र (सीआरआईएस) और आईआरसीटीसी को निर्देश दिया है कि वे प्रणाली में आवश्यक संशोधन करें और इन परिवर्तनों के बारे में सभी क्षेत्रीय रेलवे को सूचित करें। इसके अलावा रेलवे की ओर से आश्वासन दिया गया है कि आम जनता को सूचित करने के लिए सभी उपलब्ध माध्यमों से इन बदलावों का व्यापक प्रचार किया जाएगा।

# एसएसपी ने नए भवन में जल्द थाना को शिफ्ट करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बुधवार दोपहर नवनिर्मित बरवाअड्डा थाना भवन का निरीक्षण किया। बरवाअड्डा थाना के नए भवन का निर्माण उदयपुर में किया गया है। निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। भवन निर्माण के अंतिम प्रारूप से पहले एसएसपी ने निरीक्षण कर निर्माण से जुड़े कुछ बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने थाना प्रभारी को जल्द ही नये भवन में शिफ्ट करने का निर्देश भी दिया। उदयपुर में नवनिर्मित बरवाअड्डा थाना भवन भवन मे थाना प्रभारी का कक्ष, वेटिंग हॉल, सहायता केंद्र, सिरिस्ता, रिकॉर्ड रूम, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, महिला हाजत, पुरुष हाजत, सभागार, जवानों व पदाधिकारी के लिए रेस्ट रूम, किचन, बाथरूम, शौचालय, इंट्रोगेशन रूम, वायरलेस रूम, सीसीटीएनएस समेत अन्य सभी सुविधायों को ध्यान में रखने हुए नए थाना परिसर का निर्माण कराया गया है। जल्द ही बरवाअड्डा थाना को नए भवन में



शिफ्ट कर दिया जाएगा जिसकी प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। निरीक्षण के क्रम में एसएसपी कृषि बाजार स्थित बरवाअड्डा थाना पहुंचे जहाँ उन्होंने निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थानों मे लंबित कांड के बारे में जानकारी लेते हुए जांच के लिए अवधि निर्धारित करते हुए जल्द ही सभी लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त न्यायालय द्वारा निर्गत कुर्की, वारंट व इश्तेहार से सम्बन्धित मामलों की जानकारी लेते हुए आदेशों पर यथाशीघ्र तामिला का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सिरिस्ता, स्टेशन डायरी, विजिटर रजिस्टर, मालखाना, व थाना परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति, सिरिस्ता वितंतु कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मियों समेत महिला एवं पुरुष हाजत का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था में सुधार लाने को कहा। एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश में कहा कि थाना में पदस्थापित सभी पदाधिकारी व जवान वर्दी में तैनात रहकर ड्यूटी करेंगे। थाना में आने वाले फरियादियों के साथ शालीनता के साथ व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि समेत थाना में पदस्थापित सभी पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in



# कटिहार में हर्निया ऑपरेशन के दौरान मरीज की मौत

## परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही का लगाया आरोप, पेट दर्द की शिकायत पर लाए थे नर्सिंग होम

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार के निरोग नर्सिंग होम में मंगलवार को हर्निया ऑपरेशन के दौरान शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान ताजगंज चिलमारा गांव निवासी सुकृद्दीन अंसारी(50) के रूप में हुई है। उन्हें सुबह पेट दर्द की शिकायत पर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर बीएन गुप्ता ने हर्निया की पुष्टि कर ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ने लगी। डॉक्टर ने दोबारा ऑपरेशन किया, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

### डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप

मृतक के बेटे अफसर आलम और पत्नी सीतरि खातून ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों ने डॉक्टर से लिखित आश्वासन मांगा। डॉक्टर ने मरीज को हायर सेंटर रेफर करने का निर्णय लिया। एम्बुलेंस में मरीज को लिटाया गया, लेकिन परिजन ले जाने को तैयार नहीं हुए। इलाज के दौरान ही सुकृद्दीन की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। स्थानीय समाजसेवी और डॉक्टर भी मौके पर पहुंचे। पुलिस परिजनों की शिकायत पर कार्रवाई कर रही है। डॉक्टर ने मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# बिहार में रिकॉर्ड 8303 मेगावाट बिजली की खपत, भीषण गर्मी में बढ़ी डिमांड

**पटना, एजेंसी।** बिहार में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बिहार में रिकॉर्ड बिजली की खपत हो रही है। मंगलवार की रात 10 बजे के बाद बिहार में 8303 मेगावाट बिजली की खपत हुई जो अब तक का रिकॉर्ड है। पिछले साल 23 सितम्बर को हुई रिकॉर्ड बिजली खपत 8005 से यह 298 मेगावाट अधिक है। देर रात तक इसमें और वृद्धि की उम्मीद है। इस साल जिस हिसाब से गर्मी पड़ रही है, 9 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार होने की संभावना है।

बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार अब तक की सबसे अधिक मांग को पूरा कर बिहार ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ऊर्जा, योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में बिहार में बिजली उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ऊर्जा विभाग एवं बिजली कंपनियां प्रतिबद्ध हैं। विद्युत आपूर्ति की अधिकतम मांग में निरंतर वृद्धि राज्य में सर्वांगीण एवं समावेशी विकास का द्योतक है। यही कारण है कि बिहार बिजली की आपूर्ति और मांग के क्षेत्र में निरंतर नया इतिहास रच रहा है। दोनों



विद्युत वितरण कंपनियों- नॉर्थ और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड विद्युत आपूर्ति की अधिकतम मांगों को पूरा किया। वर्ष 2005 में अधिकतम मांग 700 मेगावाट थी जो वर्तमान में बढ़कर 8303 मेगावाट हो गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में बिहार के लोगों को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करायी जा रही है जिस मद में इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा 15,995 करोड़ की सब्सिडी दी गई है।

इसके फलस्वरूप बिहार में बिजली पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश और बंगाल की तुलना में सस्ती है। सस्ती बिजली मिलने के कारण भी राज्य के सर्वांगीण विकास की दर बढ़ी है एवं विद्युत की मांग में लगातार वृद्धि भी हो रही है। बिहार ने बिजली क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। 2005 में जहां बिहार में केवल 17 लाख उपभोक्ता थे, वह अब बढ़कर 2 करोड़ 13 लाख से अधिक हो गए हैं। प्रति व्यक्ति बिजली खपत उस समय मात्र 70 यूनिट थी। अब बढ़कर 360 यूनिट हो गई है। शहरी क्षेत्रों में 23-24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 21-22 घंटे बिजली दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य में बिजली की मांग निरंतर बढ़ रही है। जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी टीम उत्पादन, संचरण एवं वितरण पर निरंतर काम कर रही है।

### खतरे में है धरती अपनी आओ पर्यावरण संवारें.. ..

**गया, एजेंसी।** राष्ट्रीय साहित्यिक–सह–सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की ओर से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। ऑनलाइन कवि सम्मेलन में बहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सहित 15 राज्यों के कवियों ने हिस्सा लिया। पर्यावरण संरक्षण के लिए ' आओ पर्यावरण संवारें विषयों पर एक से बढ़कर एक गीत, गजल, मुक्तक, दोहे व छंदों की प्रस्तुति पेश की। शब्दवीणा की संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो.डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने शब्दवीणा गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ रश्मि ने अपनी रचना ' खतरे में है धरती अपनी आओ पर्यावरण संवारें। थोड़ी देर शांत हो बैठें, सोचें, समझें और विचारें से विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की सार्थकता व प्रकृति संरक्षण में साहित्यकारों–रचनाकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त समाचार

### मुरौल में प्रखंड 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुरौल में प्रखंड बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को विधायक अशोक कुमार चौधरी ने फीता काटकर किया। इस कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर पदाधिकारियों की मनमानी अब नहीं चलेगी। क्षेत्र में विकास होगा। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रघुवीर पटेल तथा मुरौल भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक भगत व सभी सदस्य और एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### घोषणा दो माह की, पर एक माह का ही मिल रहा राशन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सरकार की घोषणा के अनुसार मई और जून माह में अगस्त तक का राशन उपभोक्ता को वितरण करना है। मगर विभाग की शिथिलता के कारण अभी जून माह का राशन भी नहीं बंट सका है तो जुलाई और अगस्त का राशन कब बंटेगा? इधर उपभोक्ता विक्रेता से दो माह का राशन की मांग कर रहे हैं। मगर उन्हें एक माह का राशन देकर लौटाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अगले माह का राशन अभी प्राप्त नहीं हुआ है। पता नहीं चल रहा कि किस माह का मिला राशन उपभोक्ताओं ने बताया कि पता ही नहीं चलता कि किस माह का राशन दिया जा रहा है। थंब इंप्रेशन ले लिया जाता है और एक माह का राशन दे दिया जाता है। जबकि सरकार ने घोषणा की है कि दो-दो माह का राशन एक बार में मिलना है। इधर विक्रेताओं ने बताया कि मशीन पर आवंटन बताया जा रहा है, मगर मेरे गोदाम में राशन नहीं है। इस कारण राशन नहीं दे पा रहे हैं। 30 तक अगस्त तक का राशन आपूर्ति कराने का लक्ष्य एसएफसी के जिला गोदाम प्रबंधक उदय नारायण प्रसाद ने बताया कि जून का 95 फीसदी राशन विक्रेताओं को आपूर्ति करा दी गई है। 20 फीसदी जुलाई का राशन आपूर्ति करा दिया गया है। 30 जून तक अगस्त का भी राशन उपलब्ध करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण का व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं होने से लाभुक को सही जानकारी नहीं मिल पा रही है।

### बाढ़ के दौरान नौ स्थानों पर दवा के साथ स्वास्थ्यकर्मी रहेंगे तैनात

**भागलपुर, एजेंसी।** बाढ़ के दौरान गोपालपुर प्रखंड के नौ स्थानों पर आवश्यक दवाओं के साथ एएनएम और स्वास्थ्य कर्मी बाढ़ पीड़ितों के इलाज के लिए तैनात रहेंगे। यह जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुधांशु कुमार ने दी है। बताया कि गोसाईंगांव पंचायत के लालजी मध्य विद्यालय सिंघिया मकंदपुर, तिनटंगा करारी पंचायत के बुनियादी उच्च विद्यालय, गोपालपुर पंचायत के जगदंबा कन्या मध्य विद्यालय गोपालपुर, रिंगबांध बोचाही, सुकटिया बाजार पंचायत के मध्य विद्यालय सुकटिया बाजार, मध्य विद्यालय तिरासी, डुमरिया चपरघट पंचायत के मध्य विद्यालय डुमरिया और उच्च माध्यमिक विद्यालय कालूचक में आवश्यक दवाओं के साथ एएनएम और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेंगे।

# पटना में लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर जश्न, राजद समर्थकों ने उड़ाए पैसे, गाजा-बाजा और खूब डांस



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव अपना 78वां जन्मदिन मना रहे हैं। लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन के मौके पर उनके समर्थकों में काफी उत्साह नजर आया है। पटना में लालू प्रसाद यादव के प्रशंसक सड़कों पर झूमते नजर आए। लालू यादव का जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे समर्थकों का वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में लालू यादव के प्रशंसक गाजे-बाजे की धुन पर झूमते और नाचते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा लालू यादव के जन्मदिन पर समर्थक पटना की सड़क पर पैसे भी उड़ाते नजर आ रहे हैं। इससे पहले पटना में सुबह से ही राजद समर्थकों का जमावड़ा राबड़ी आवास के बाहर नजर आ रहा था। लालू यादव के समर्थक काफी खुश नजर आ रहे थे। समर्थकों ने लालू प्रसाद यादव की लंबी उम्र की कामना करते हुए उनका जन्मदिन खास अंदाज में मनाया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन के मौके पर राजद कार्यालय में केक काटने का भी कार्यक्रम होगा।

### मीसा भारती ने शेयर की तस्वीरें

लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने अपने पिता के बर्थडे के मौके पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में लालू प्रसाद यादव परिवार के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में मीसा भारती के अलावा घर के बच्चे भी नजर आ रहे हैं। अपने फेसबुक पेज पर लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन की कई तस्वीरें शेयर करते हुए मीसा भारती ने लिखा, हिम्मत के हिमालय, न्याय के अथाह सागर, जन चेतना के प्रदीप्त लौ, हर वंचित की आवाज़ आदरणीय पापा को उनके 78वें जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएँ! आप हैं तो सब कुछ है! आप हैं तो जहां है!

### रोहिणी ने लिखा- पापा हमारे सुपरमैन

लालू यादव की छोटी बेटी रोहिणी आचार्य ने भी पिता को भावुक शब्दों में जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लिखा, हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा, हमारी ताकत, हमारे कवच, हमारे आदर्श, हमारे गौरव, हमारे मार्गदर्शक, हमारे सुपरमैन, हमारे पापा को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं। हैप्पी बर्थडे पापा। लालू के बर्थ-डे के एक दिन पहले तेजप्रताप यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर उनकी तस्वीर को गले लगाते हुए फोटो शेयर करते हुए लिखा- अंधेरा जितना गहरा होगा, सुबह उतनी ही नजदीक होगी।



# नेपाल की किन्नर का पॉलिथीन से लिपटा शव मिला

### डेढ़ महीने बाद बहन ने पति पर लगाया मर्डर का आरोप, कहा- गहने लेकर भागा

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में किन्नर से महिला बनी सोनी देवी के मर्डर मामले में बहन ने 41 दिन बाद लाश की पहचान की है। साथ ही बहन के पति पर मर्डर का आरोप लगाया है। समस्तीपुर के चकमेहसी थाना क्षेत्र के रसलपुर बघला घाट के पास 2 मई को लाश मिली थी। जो पॉलिथीन और बोरा में लिपटा हुआ था। घटना के 30 दिन बाद 1 जून को चकमेहसी थाना में यूडी केस दर्ज हुआ। 3 जून को मोरो थाना में 13 लोगों के खिलाफ बहन ने मर्डर की नामजद एफआईआर दर्ज कराई।

सोनी देवी नेपाल के सिरहा जिले के लहान थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। उसकी बहन दसनी देवी ने दरभंगा के मोरो थाना में हत्या का आरोप लगाया। आरोपी में माधोपुर गांव निवासी सोनी के पति भारतेंदु कुमार, उसके पिता महेश मिश्रा, पांच भाई, दो चाचा और देवर सुभाष कुमार शामिल हैं। इन पर गहने और रुपए लेकर भागने का आरोप है। फिलहाल, सभी फरार है। सोनी का शव शव लाल रंग की मैक्सी में था। हाथ-पैर मोटी रस्सी से बंधे थे। शव को पॉलिथीन में लपेटकर फेंका गया था। शरीर पर गहरे जख्म थे। चेहरा बुरी तरह बिगड़ा हुआ था। चकमेहसी पुलिस का कहना है कि महिला की हत्या कर शव को नदी में फेंका गया।

### दरभंगा के कोर्ट में दोनों ने की शादी

दसनी देवी के अनुसार, सोनी देवी जन्म से किन्नर थी। 2021 में देहरादून में डॉक्टरों की मदद से लिंग परिवर्तन कर महिला बनी। वहीं उसकी मुलाकात भारतेंदु से हुई। जो उसके किन्नर समूह का कार चलाया करता था। दोनों ने दरभंगा कोर्ट में शादी की। शादी के बाद सोनी ने 25 तोला सोने के गहने खरीदे। एक स्कॉर्पियो गाड़ी देवर सुभाष कुमार के नाम से ली। गाड़ी की पूजा पूरे परिवार ने की। ससुराल में जमीन खरीदी गई। मकान बनवाया जा रहा था।

### मृतका की बहन ने मारपीट का लगाया आरोप

शादी के बाद सोनी नेपाल गई। 12 दिन रही। फिर ससुराल लौटी। 12 मई को भागवत मेला में जाने की बात कही थी। लेकिन वहां नहीं गई। फोन बंद मिला। 25 मई को बहन दसनी देवी अपने संबंधियों के साथ माधोपुर पहुंची। भारतेंदु, उसके पिता महेश मिश्रा, मां, दो चाचा, देवर सुभाष और देवरानी मौजूद थे। बहन के बारे में पूछने पर गाली-गलौज की गई। जान से मारने की धमकी दी गई। कहा गया कि सोनी वहां नहीं है। सभी ने मिलकर मारपीट की।

### भारतेंदु का पूरा परिवार घर छोड़कर फरार

दसनी देवी ने एक करोड़ से अधिक नकद राशि और गहनों के गायब होने का भी आरोप लगाया है। दसनी देवी ने कहा कि बहन को फोन किया, तो उसका फोन बंद आ रहा है। फिर मैंने खोजबीन की। उसके घर गई तो वहां से गाली देकर और मारपीट कर भगा दिया। मोरो थानाध्यक्ष पायल भारती ने चकमेहसी थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव से संपर्क किया है। दोनों थानों की पुलिस जांच में जुटी है। भारतेंदु का पूरा परिवार घर छोड़कर फरार है। थानाध्यक्ष पायल भारती ने इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# मोतिहारी में भुजा दुकान में गैस लीक से लगी आग

## सिलेंडर में विस्फोट होने से 12 दुकानें जली ; 8 लोग झुलसे, लाखों का सामान जलकर राख



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में मंगलवार देर रात राजेपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर बाजार में अग्निकांड हुआ। राम रूप साह की भुजा-कचरी की दुकान में गैस लीक से आग लगी।

सिलेंडर में विस्फोट होने से आग ने विकराल रूप ले लिया। हादसे में करीब एक दर्जन दुकानें जलकर राख हो गई। 7 से 8 लोग झुलस गए। घायलों में हकीम खान सहित अन्य लोगों को स्थानीय निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कुछ की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### लाखों का सामान जलकर राख

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सिलेंडर विस्फोट की आवाज से पूरा इलाका दहल गया। दुकानों की छावनी फूस की बनी थी। इस वजह से आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे बाजार को अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित दुकानदारों में शत्रुघ्न प्रसाद, मनमोहन प्रसाद, लक्ष्मण साह और मेघनाथ साह शामिल हैं। इन सभी की दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। दुकानदारों ने बताया कि उनकी पूरी पूंजी इन दुकानों में लगी थी। इस हादसे से नारायणपुर बाजार के कई परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है। स्थानीय लोगों और समाजसेवी संगठनों से प्रभावितों की मदद की उम्मीद की जा रही है।

### प्रशासन ने सहायता करने का दिया आश्वासन

स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल का जायजा लिया है। प्रशासन ने घायलों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। राहत कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे।

### खरीफ की बुआई से पहले भूमि और बीज का शोधन जरूरी

**गया, एजेंसी।** गुरुआ प्रखंड के टड़वा, चाल्होपुर और केन्दुआ में मंगलवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को जागरूक करने के लिए एक दिवसीय कृषि गोष्ठी आयोजन किया गया। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. पंकज तिवारी ने किसानों को खरीफ फसलों की बुआई के पहले भूमि और बीज शोधन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि फसलों में रोग बीज, मृदा, वायु, जल एवं कीटों से फैलते है।

खरीफ की फसलों में झुलसा, झोंका, शीथब्लाइट, पत्ती धब्बा, मिथ्या कंण्डुआ, तुलासिता, बीज सड़न एवं उकठा रोग की प्रबल संभावना रहती है। कृषि वैज्ञानिक ने किसान भाइयों से बुआई से पहले बीज जनित व भूमि जनित रोगों से उपाय के तरीके सुझाए। साथ ही साथ वैज्ञानिक खेती की उन्नत तकनीक एवं सरकारी योजनाओं जैसे भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कुसुम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मोटे अनाजों की खेती के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

# आधार अपडेट कराने के नाम पर लाखों की ठगी, मास्टर माइंड गिरफ्तार

### पूर्णिया में फर्जी वेबसाइट से बायोमेट्रिक डेटा चुराते थे बदमाश

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया पुलिस ने आधार अपडेट कराने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करने वाले गिरोह के बदमाश को अरेस्ट किया है। शातिर आधार अपडेट और मोबाइल नंबर लिंक करने के एवज में लोगों के बायोमेट्रिक डेटा की चोरी कर खाते से अवैध निकासी करते थे। एक फर्जी वेबसाइट का इस्तेमाल करते थे। शातिर ने ऐसा कर लाखों की संपत्ति बनाई और इन रुपयों से खूब ऐश मौज किए। पुलिस ने गिरोह के मास्टर माइंड को धर दबोचा है। गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है। शातिर गिरोह के सदस्य टेक यूसीएल 2.0 नाम की फर्जी वेबसाइट के जरिए लोगों के बायोमेट्रिक डेटा की चोरी करते, इसके बाद एईपीएस सिस्टम से खाते से अवैध निकासी करते। शातिर ने ऐसा कर लाखों की संपत्ति बनाई।

**बनमनखी के जानकीनगर से धराया बदमाश :** पकड़े गए मास्टरमाइंड की पहचान सुरज कुमार उर्फ सुरज राम के रूप में हुई है। जो के.नगर थाना के झुन्नी कला गांव का रहने वाला है। पुलिस ने शातिर को बनमनखी के जानकीनगर से गिरफ्तार किया है। साइबर थानाध्यक्ष डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि 8 जून 2025 को साइबर थाना पूर्णिया को सूचना मिली थी कि जानकीनगर थाना क्षेत्र में एईपीएस के जरिए एक गिरोह लोगों के बैंक खातों से अवैध रूप से पैसे निकाल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस उपाधीक्षक



सह साइबर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में साइबर थाना के एसआई संतोष कुमार झा ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि नौलखी स्थित केशव कॉमन सर्विस सेंटर से आधार अपडेट और मोबाइल लिंक कराने के नाम पर लोगों की निजी जानकारी लेकर ठगी की जा रही है। जब साइबर थाना की टीम सेंटर पर पहुंची, तो संचालक केशव कुमार फरार मिला। तलाशी में मोबाइल लिंक से जुड़े दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए। जांच में सामने आया कि टेक यूसीएल 2.0 नाम की फर्जी वेबसाइट के जरिए सुरज कुमार अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों के बैंक खातों से पैसे निकाल रहा है। वह राशन एंड लर्निंग लाइसेंस टेक आईआईबीएफ एग्जाम वर्क फास्ट नाम से एक ग्रुप भी चला रहा। जिसमें कई सीएससी सेंटर संचालक जुड़े हैं। ये लोग आधार जोड़ने और अपडेट करने के नाम पर लोगों का मोबाइल नंबर, फिंगरप्रिंट और खाता विवरण स्टोर कर लेते हैं और फिर बाद में एईपीएस के जरिए पैसे निकाल लेते हैं। सुरज कुमार के मोबाइल से टेक यूसीएल 2.0 वेबसाइट से जुड़ा वीडियो भी मिला है।

# जलमीनारों की करें तत्काल मरम्मति : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जल जीवन मिशन, जलापूर्ति योजना और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने की।

उपायुक्त ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित हो। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खराब पड़े चापाकलों, नलकूपों और जलमीनारों की तत्काल मरम्मती कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि भीषण गर्मी में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी स्थिति का मूल्यांकन करना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनशिकायतों एवं समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त समस्याओं के समाधान की प्रगति रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए।




**आंगनबाड़ी और विद्यालयों में पेयजल की उपलब्धता अनिवार्य**

उपायुक्त ने विशेष रूप से विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों में चालू जल आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और खराब संरचनाओं की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। समीक्षा में पेयजल स्त्रोतों की स्थिति, पानी टंकियों की कार्यशीलता, मरम्मत कार्यों की प्रगति आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रखंडवार ओडीएफ प्लस की स्थिति और प्रगति पर भी बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में स्वच्छता मिशन के तहत संचालित कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान को ग्राम स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त, डीआरडीए निदेशक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं प्रखंड समन्वयक सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजस्व कार्यों में गति लाने हेतु उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार, हजारीबाग में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिले के सभी अंचल अधिकारियों के साथ राजस्व शाखा की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व मामलों में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करना रहा। बैठक में पीजी पोर्टल, सरकार आपके द्वार, ई-रेवेन्यू कोर्ट, सीमांकन वाद, नामांतरण वाद, खातियानी रैयतों के आधार पर दाखिल-खारिज, ऑनलाइन लगान वसूली, म्यूटेशन (उत्तराधिकार, बंटवारा, अपील), भूमि सीमांकन व परिसोधन तथा भू-अधिग्रहण और अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने 90 दिनों से अधिक समय से लंबित म्यूटेशन




आवेदनों पर गंभीर नाराजगी जताते हुए सभी अंचलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित मामलों का निष्पादन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्ध निष्पादन जरूरी है। सभी सीओ तकनीकी रूप से दक्ष बनें और कैशबुक, आगत-निर्गत पंजी जैसे कार्यालयीय अभिलेख नियमित रूप से अद्यतन करें। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक अंचलाधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मियों के कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा सभी विभागीय निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता संतोष सिंह, डीसीएलआर राजकिशोर प्रसाद, डीएलओ निर्भय कुमार सहित सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्वकर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनहित के मामलों का शीघ्र निपटारा है और राजस्व प्रणाली की पारदर्शिता से ही जनता का विश्वास कायम रहेगा।

# संबंधित विभागों को 48 घंटे के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में लोक शिकायत निवारण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण प्रणाली (सीपी ग्राम) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। बैठक में सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को 48 घंटे के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विशेषकर जिन




विभागों में शिकायतें अधिक लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा गया।

**क्या है सीपी ग्राम पोर्टल?**

सीपी ग्राम (Centralized Public Grievance Redress and Monitoring System - CPGRAMS) भारत सरकार का एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जहां कोई भी नागरिक किसी सरकारी विभाग से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकता है। इस पोर्टल के माध्यम से शिकायतों का पंजीकरण, मॉनिटरिंग, विभागीय कार्रवाई और समाधान की ट्रैकिंग की जा सकती है।

बैठक में बताया गया कि यह प्रणाली पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके माध्यम से दूरदराज के ग्रामीण इलाकों तक के लोग भी अपनी शिकायतें सरलता से ऑनलाइन दर्ज कर पा रहे हैं और समाधान की प्रक्रिया को स्वयं ट्रैक कर सकते हैं।

बैठक के दौरान आम नागरिकों को यह जानकारी दी गई कि यदि उन्हें किसी भी सरकारी सेवा या विभाग से जुड़ी कोई समस्या है, तो वे www.pgportal.gov.in पर लॉगइन कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार हर शिकायत को गंभीरता से ले रही है और प्रत्येक मामले का समाधान निश्चित समय सीमा के भीतर करने की कोशिश की जा रही है।

इस समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, आईटी शाखा के पदाधिकारी, और शिकायत निवारण से संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# योग्य लाभुकों को ही मिले योजनाओं का लाभ : डीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का क्रियान्वयन सिर्फ फाइलों में नहीं, धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए। इसके लिए सभी पदाधिकारी स्वयं क्षेत्र भ्रमण कर कामों का निरीक्षण करें और योग्य लाभुकों की पहचान कर उन्हें समय पर लाभ दें। बैठक में उपायुक्त ने मनरेगा के तहत दीदी बाड़ी, बिरसा हरित ग्राम योजना, सिंचाई कूप, पौधारोपण, डोभा निर्माण, पशु शेड आदि योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विकास कार्यों की



प्रगति समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जो भी गरीब व योग्य लोग अब तक वंचित हैं, उन्हें जल्द से जल्द आवास योजना का लाभ मिले। सभी संबंधित पदाधिकारी नियमित क्षेत्रीय निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें और कार्यों की गुणवत्ता तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा, हर योजना का अंतिम लक्ष्य जनहित है। अगर किसी भी स्तर पर कोताही पाई गई, तो कार्रवाई तय है। उन्होंने सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को मनरेगा योजनाओं का दैनिक अनुश्रवण करने और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, डीआरडीए निदेशक, सभी बीडीओ, बीपीओ, जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त श्री यादव ने अंत में कहा कि विभागों के बीच आपसी समन्वय से ही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव है और बिहार सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को ज़मीन पर उतारने में हर अधिकारी की भूमिका निर्णायक होगी।

# उपायुक्त ने अस्पताल व आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को बरही प्रखंड का दौरा कर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, अनुमंडल अस्पताल और आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति, जनहित के कार्यों की प्राथमिकता और स्वास्थ्य व पोषण सेवाओं की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय भवन का जायजा लेते हुए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जानकारी ली और अधिकारियों को जनसेवा में पारदर्शिता व तत्परता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, कल्याण आवासीय विद्यालय, मनरेगा, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, और सावित्रीबाई फुले योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि लाभुकों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सेवा मिले। उपायुक्त ने बताया कि बरही प्रखंड का 37 प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र से आच्छादित है, जिसे मनरेगा के तहत उपयोग में लाकर सतत रोजगार सृजन किया जा सकता है।

बरही अनुमंडल अस्पताल में निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वार्ड, कुपोषण कक्ष, इमरजेंसी सेवा सहित सभी प्रमुख चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने डायलिसिस यूनिट की बहाली के लिए मशीन अधिष्ठापन की प्रगति पर रिपोर्ट तलब की। साथ ही जीवन रक्षक दवाओं, अल्ट्रासाउंड मशीन व अन्य आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने आम बागवानी योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

# स्कूली शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायक मथुरा महतो ने वितरित की साइकिलें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुंडी (धनबाद)।** राज्य में शिक्षा को प्रोत्साहित करने और छात्रों को विद्यालय तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करने हेतु झारखंड सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने मंगलवार को टुंडी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा आठ उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया। साइकिल वितरण कार्यक्रम उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मैरानवाटांड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरकुटांड़, हाथसारा तथा बारकेतनी में आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक मथुरा महतो ने कहा कि राज्य सरकार स्कूली शिक्षा के प्रति गंभीर है और बच्चों की सुविधा के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। साइकिल वितरण से बच्चों को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और वे नियमित रूप से पढ़ाई जारी रख सकेंगे। कार्यक्रम में संकुल साधन सेवी मधु गोराई, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, ओमप्रकाश शर्मा, गिरिलाल किस्कू, वशीर अंसारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस पहल को लेकर छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर देखी गई। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की मजबूती की दिशा में यह कदम एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# रथ यात्रा 27 जून को, तैयारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव स्थित ऐतिहासिक राम जानकी मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा को लेकर तैयारियां आरंभ हो गई हैं। बुधवार को परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार भगवान का विधिवत दूध, दही, मधु और गंगाजल से स्नान कराकर उन्हें नव वस्त्र धारण कराए गए और पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात काजू, किशमिश, फल और पौष्टिक आहार से भगवान को भोग अर्पित किया गया। परंपरा अनुसार, स्नान और पूजा के उपरांत भगवान 15 दिनों के अज्ञातवास (अनवासन) में चले गए हैं। इस दौरान प्रतिदिन पुजारी भगवान को चीरैता, अनार और अन्य औषधीय फलों के रस अर्पित



करेंगे ताकि भगवान का स्वास्थ्य उत्तम बना रहे। 26 जून को भगवान के अज्ञातवास की समाप्ति के बाद उन्हें पुनः स्नान कराकर 56 भोग अर्पित किया जाएगा। 27 जून को बड़कागांव प्रखंड का एकमात्र और ऐतिहासिक रथ मेला भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 1941 से चली आ रही यह परंपरा हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। रथ यात्रा के दौरान नगर में भक्ति और उल्लास का वातावरण होता है। मंदिर परिसर में पूजा के दौरान पुजारी चिंतामणि महतो, गायत्री देवी, सतीश मिश्रा, पिंटू गुप्ता, कीर्तन महतो, बीना देवी, सुनीता देवी, प्रकाश महतो, अंतू महतो, बंधन महतो, पदुम महतो, रविंद्र लाल, हरिनाथ राम, कैलाश कुमार और आनंद कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। रथ यात्रा की इस पावन परंपरा को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल व्याप्त है।

# इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के सरिया स्थित बागोडीह चौक पर संचालित सत्यप्रभा हॉस्पिटल में इलाजरत एक 65 वर्षीय मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमरजीत सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, अमरजीत सिंह को दो दिन पहले लूज मोशन की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी स्थिति सामान्य थी, लेकिन अगले दिन उन्हें अचानक 'हाइपर' बताकर नींद का




इंजेक्शन दे दिया गया। इसके बाद वह बेहोश हो गए और रातभर होश में नहीं आए। परिजनों ने रात में खाना खिलाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं उठे। उनकी नब्ज चल रही थी, पर सुबह अस्पताल की ओर से सूचना मिली कि उनकी मौत हो गई है। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने हार्ट अटैक को मौत का कारण बताया और इसके बाद डॉक्टर व अन्य स्टाफ अस्पताल से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि अस्पताल में उचित चिकित्सीय सुविधाओं का घोर अभाव है, बावजूद इसके यह अस्पताल संचालित किया जा रहा था। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को अस्पताल के मुख्य द्वार पर रख दिया और अस्पताल प्रबंधन को बुलाने की मांग पर अड़ गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। समाचार लिखे जाने तक परिजन अस्पताल के बाहर डटे हुए थे।

# मंगूरा में नशा मुक्ति को लेकर शपथ कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूकता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इचाक (हजारीबाग)।** राज्य सरकार के निर्देश पर मादक पदार्थों की रोकथाम और नशा मुक्ति अभियान को लेकर बुधवार को मंगूरा महतो टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई सीडीपीओ नीलू रानी ने की, जबकि मुखिया मीना देवी ने उपस्थित ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं को नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई। मुखिया ने कहा कि नशे की लत समाज के लिए अभिशाप बनती जा रही है। यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि हजारों परिवारों को तबाही की कगार पर भी पहुंचा रहा है। समय रहते यदि इसे नहीं रोका गया तो इसके गंभीर सामाजिक परिणाम सामने आ सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया किरण देवी, प्रधान लिपिक मार्केश कुमार, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका अफसर प्रवीण, सेविका अरुणा मेहता, पम्मी कुमारी, सहित अशोक राम, राजेंद्र मेहता, चतुर्गुण मेहता, वासुदेव मेहता, सुनीता देवी, मोहम्मद विंदवा, शांति देवी, सोनू कुमार, शीला देवी, अनीता देवी, पारो देवी, तरुण देवी, जगदीश महतो, अजीत मेहता, उषा देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेवन स्टार मिल्की की टीम बनी फाइनल की विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड के सरथुआ स्थित स्थानीय रेलवे ग्राउंड में खेले जा रहे शहीद विजय नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में सेवन स्टार मदारीचक कि टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में हेल्लो फ्रेंड्स मसाढी की टीम को 11 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट के चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।।पहले खेलते हुए सेवन स्टार की टीम ने निर्धारित 16 ओभर में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। जिसमें अरमान ने 27, रूपेश कुमार ने 26 और हैप्पी यादव ने 19 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करती हुई हेल्लो फ्रेंड्स की टीम उतने ही ओभर में 9 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। इस टीम के ब्रजेश सिंह ने सबसे अधिक 48 रन बनाए।विजेता टीम के हैप्पी यादव ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से 3 विकेट भी चटकाये। उन्हें प्लेयर ऑफ दी मैच चुना गया, इसी टीम के छोटू दीघा को प्लेयर ऑफ दी सीरीज घोषित किया गया।

# संत कबीर की 627वीं जयंती पर आविर्भाव महोत्सव सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के श्री कबीर ज्ञान मंदिर के पावन प्रांगण में संत सम्राट सद्गुरु कबीर साहब की 627वीं जयंती सह आविर्भाव महोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर गिरिडीह समेत झारखंड और अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे सद्गुरु कबीर साहब रचित बीजक के सस्वर पाठ और वैदिक यज्ञ-हवन से की गई। सद्गुरु मां के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में भाग लिया। अपने उद्बोधन में सद्गुरु मां ने कबीर वाणी को खालिस अमृत बताते हुए कहा कि यह समस्त मानवता के लिए एक संजीवनी है, जो मनुष्य को आत्मिक शांति और परम सुख प्रदान करती है। सद्गुरु मां ने कहा कि कबीर साहब कोई पंथ प्रचारक नहीं थे, बल्कि उन्होंने मानव को अंधविश्वास, पाखंड और कुरीतियों से मुक्त कर सच्चे धर्म की राह दिखाई। उनका जीवन प्रेम, अनुभव और सत्य का संदेश है। उन्होंने बताया कि यदि निश्चयपूर्वक कबीर वचनों का अनुसरण किया जाए तो सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और आत्मा में अनंत सुख की अनुभूति होती है। प्रातः 10 बजे लोक प्राकट्य महोत्सव मनाया गया, जिसमें कबीर साहब के लहरतारा सरोवर, वाराणसी में कमल पुष्प पर प्राकट्य की दिव्य घटना को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे समारोह का माहौल और भी भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान सद्गुरु कबीर साहब साखी दर्पण - भाग 2 पुस्तक का विमोचन सद्गुरु मां द्वारा किया गया। यह पुस्तक कबीर की साखियों पर आधारित है, जिसमें उनकी शिक्षाओं की सरल और सारगर्भित व्याख्या दी गई है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत विविध संविदाओं की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा **संविदा की सुपुर्दगी** के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण नीचे उल्लेखित है: **नीलामी की श्रेणी; ई-नीलामी सूचीपत्र सं.; नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय; स्टेशन का नाम/स्थान/ट्रेन सं. एवं एसएलआर:** (1) विज्ञापन; एएसएन-एडीवीटी-24-06; 24.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे; **आरडीएन (नॉन-डिजिटल):** स्टेशन के अंदर-मानकड़ एवं शंकरपुर, **ओओएच (आउट ऑफ होम):** आउट ऑफ होम-दुर्गापुर स्टेशन एप्रोच रोड। (2) विविध स्थैतिक सेवाएं (एमएसएस); एएसएन-एमएसएस-25-06; 25.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे; **(i) आराम कुर्सी:** पानागढ़, रानीगंज एवं मधुपुर स्टेशनों में, **(ii) मेडिकल स्टोर:** पानागढ़ स्टेशन में, **(iii) सैलोन सेवाएं :** अंडाल, गिरिडीह एवं मधुपुर स्टेशनों में। **कुल 10 सम्पत्तियां:** विज्ञापन-03, आराम कुर्सी-03, मेडिकल स्टोर-01, **सैलोन सेवाएं-03।** सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को ऊपरोक्त अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-77/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-06, दिनांक 10.06.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले अपेक्षित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-06, कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के अधीन मेन लाइन से आईसोलेटेड साइडिंगों तक सीबी लाइन का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 7,21,27,484.32; **बयाना राशि:** रु. 5,10,600; **खुलने की तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 45 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-75/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/681, दिनांक 10.06.2025; मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3403; कार्य का नाम: बर्द्धमान में जीर्ण शीर्ण परित्यक्त क्वार्टरों के प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युतीय साधारण कार्य (टाइप-II क्वार्टर (20 इकाई) के निर्माण द्वारा परित्यक्त टाइप--I क्वार्टरों का प्रतिस्थान)। निविदा मूल्य: रु. 26,63,136; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 53,300; क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3440; कार्य का नाम: कर्मचारियों के प्रतिदिन सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही के लिए भट्टनगर में लाइन सं. 1 के बगल में प्रावधान किए जाने वाले कंक्रीट मार्ग के संबंध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। निविदा मूल्य: रु. 24,53,515; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 49,100; समापन अवधि: दोनों के लिए 180 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 02.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-139/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ डीईई(जी)/आद्रा इलेक्ट्रिकल कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है: **क्रमांक संख्या; निविदा सूचना संख्या; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्य: [1]; इलेक्ट-जी-एडीए-2025-26, दिनांक 05.06.2025**; बांकुड़ा-मसाग्राम खंड के यात्री पड़ावों धगड़िया, पत्राशायर, बेतुर, कुमरुल, इंदास, सहसपुर रोड, सेहराबाजार, श्यामसुंदर, बोकरा और माठनशीपुर में पीने के पानी की सुविधा के लिए डीप ट्यूब वेल का प्रावधान करने के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य; **₹ 25,25,856.00; [2]; इलेक्ट-जी-एडीए-2025-27, दिनांक 05.06.2025**; बीकेएससी में निंदित क्वार्टरों के स्थान पर टाइप-II क्वार्टरों (8 यूनिट) का निर्माण करने के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य; **8,02,488.00; [3]; इलेक्ट-जी-एडीए-2025-28, दिनांक 05.06.2025**; आद्रा मंडल के लिए इलेक्ट्रिकल जनरल सर्विस संपत्तियों को आईआर-नियंत्रक चरण-I के साथ एकीकृत करने के लिए आईओटी डिवाइस/आईएफडी का प्रावधान; **₹ 1,13,83,822.00; [4]; इलेक्ट-जी-एडीए-2025-29, दिनांक 05.06.2025**; अनारा में ईएल बिल्डिंग की पहली मंजिल पर नए क्रू लॉबी, क्रू वेटिंग हॉल, क्रू काउंसलिंग रूम, लेडीज और जेंट्स के लिए शौचालय का निर्माण करने के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य; **₹ 26,16,567.00; ई-निविदाओं की अंतिम तिथि और समय:** 30.06.2025 को 12.00 बजे और **निविदाओं को खोलने का कार्य** 30.06.2025 को 12.30 बजे के बाद किया जाएगा। उपरोक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। **(PR-253)**

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं; **क्रमांक संख्या; निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; बयाना राशि मूल्य: [1]; डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -39-2025;** रांची मंडल में एलएचएस/एनएचएस (बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा) का निर्माण करके मानवयुक्त एलसी संख्या सीएम-29, सीएम-22, सीएम-55 और एमएच-1 को हटाना। **₹ 34,38,41,585.98;** ₹ 18,69,200.00; **[2]; डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -40-2025;** रांची मंडल में रबराइज्ड सतह प्रदान करके एलसी का उन्नयन। **₹ 65,00,486.35;** 1,30,000.00; **निविदा बंद करने की तिथि और समय:** 30.06.2025 को 15.00 बजे। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। **(PR-257)**

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 11-06-2025 21:49 Page 1



# रेलिंग तोड़ पुनपुन में गिरा ट्रैक्टर

## ▶ चालक की घटनास्थल पर मौत ▶ जांच में जुटी पुलिस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह रफ्तार ने एक और जान ले ली। गौरीचक बाजार के पास पुनपुन नदी पर बने पुल की रेलिंग तोड़कर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर सीधे लगभग 100 फीट नीचे गहरी ढलान में जा गिरा। जोरदार धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग दहशत में मौके की ओर दौड़े। जहां मिट्टी और कीचड़ में ट्रैक्टर के परखच्चे बिखरे पड़े थे और चालक का शरीर अचेत पड़ा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर पुनपुन नदी की दिशा में तेजी से जा रहा था। गौरीचक बाजार के मोड़ पर वाहन अचानक डगमगाया, नियंत्रण छूटते ही वह लोहे की रेलिंग को चीरता हुआ नीचे जा गिरा। ट्रैक्टर के साथ उस पर सवार चालक अशोक कुमार पासवान (52) निवासी दीदारगंज के कोटिया गांव भी नीचे आ गिरा। भारी मशीनरी के नीचे दबे अशोक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कीचड़ में लथपथ शव को स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास के बाद देख पाया और तत्काल पुलिस को सूचित किया।

घटना की जानकारी मिलते ही गौरीचक थाना की टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाल कर नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि की। हादसे की सूचना मिलते ही पुल और आसपास का इलाका उत्सुक भीड़ से भर गया। लोग बिखरे हुए ट्रैक्टर के हिस्सों और क्षतिग्रस्त रेलिंग को देख कर हादसे की भयावहता का अनुमान लगा रहे थे।

थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और वाहन पर चालक का नियंत्रण खोना प्रतीत होता है। दुर्घटना के विस्तृत कारणों की पुष्टि के लिए पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और संबंधित दस्तावेजों व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से पुल पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय और गति सीमा के पालन की सख्त व्यवस्था की मांग की है, ताकि पुनपुन नदी पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# एक्सप्रेस-वे के डीपीआर को मिली मंजूरी

**बेगूसराय।** केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा हल्दिया रक्सौल एक्सप्रेस-वे के डीपीआर को मंजूरी दे दी गई है। यह परियोजना करीब 60 हजार करोड़ रुपये की होगी। इसकी लंबाई 719 किलोमीटर होगी। यह सड़क छह लेन की बनाई जाएगी। परियोजना का समाप्ति वर्ष 2028 होगा।

इसमें गंगा नदी पर बेगूसराय से सूर्यगढ़ा के बीच पुल निर्माण भी समाहित है। हालांकि, यह निर्माण बेगूसराय वाया शाम्हो सूर्यगढ़ा के बीच होगा या सीधे बेगूसराय से सूर्यगढ़ा के बीच निर्माण करते हुए शाम्हो को दरकिनार किया जाएगा, इसको लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। इसको लेकर शाम्हो वासियों में थोड़ी मायूसी है। इसके बारे में जानकारी देते हुए शाम्हो भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने बताया कि एनडीए की सरकार विकास कार्य में रोज नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने शाम्हो सहित बेगूसराय, लखीसराय जिले के प्रबुद्ध लोगों को इस परियोजना को मंजूरी दिलाने में सहयोग के लिए बधाई दी है।

# विधानसभा चुनाव को ले भाजपा ने खोले पत्ते

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि निषाद समाज का कल्याण भाजपा ही कर सकती है। मंगलवार को एक विवाह भवन में आयोजित वेद व्यास जयंती सह मछुआरा सम्मेलन में उन्होंने कहा, निषाद समाज को किस आरक्षण श्रेणी में रहना है यह आयोग तय करता है। यह आयोग का गठन भाजपा ने किया है।

उन्होंने कहा कि हमने सरकार से लेकर संगठन सब में निषाद समाज की भागीदारी सुनिश्चित की है। एक निषाद समाज को मुट्ठी में रखने वाली पार्टी है, जो चाहती है कि उससे बड़ा कोई नेता नहीं बने।

भाजपा ने केंद्र और बिहार दोनों ही स्थानों पर निषाद समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित की है। जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात करते हैं। हर समाज के तबके को उनका हक मिलना चाहिए। इसके लिए प्रयास करेंगे।

अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने कहा कि किसी भी समाज का विकास तभी संभव होता है जब शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से वह सबल होता है। मैं हर पहलू पर काम कर रहा हूं। मेरा प्रयास है कि निषाद समाज का प्रत्येक व्यक्ति हर पहलू पर विकास करें और सबल बने। बहुत दिनों बाद एनडीए की सरकार में आयोग का गठन हुआ है। मछुआरा आयोग का गठन कर भाजपा ने यह जता दिया कि निषाद का कल्याण कोई कर सकता है तो वह भाजपा ही है।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र, महर्षि वेद व्यास, शहीद जुब्बा सहनी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के उपरांत शुरू हुआ। आयोजन निषाद समाज के तत्वाधान में किया गया। इसमें 10 जुलाई को वेद व्यास जयंती मनाने का निषाद समाज को न्योता भी दिया गया। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सहनी ने किया।

कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री हरी सहनी, केदार प्रसाद गुप्ता, जिला अध्यक्ष पूर्वी विवेक कुमार, पश्चिमी हरिमोहन चौधरी, प्रदेश महामंत्री डॉ. राजेश वर्मा, औराई विधायक रामसूरत राय, प्रदेश उपाध्यक्ष बेबी कुमारी, पूर्व एमएलसी गीता देवी, जिला के मंत्री लाल बाबू सहनी, ऋतु आनंद सहनी, पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय आयोग भगवान लाल सहनी, बिहार मछुआरा आयोग सदस्य रामकुमार सहनी, साकेत शुभम आदि उपस्थित रहे। मुजफ्फरपुर आगमन पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रंजन कुमार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का सुधा डेयरी के पास अंगवस्त्र एवं बुके देकर स्वागत और अभिनंदन किया।

# शौच करने गयी दुल्हन फरार

## थाने पहुंचा दूल्हा, नकली चाची हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** शादी का सपना लेकर बिहार पहुंचे मध्य प्रदेश के एक युवक की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब शादी के महज कुछ घंटों बाद ही उसकी नवविवाहिता पत्नी ढाई लाख रुपये और गहने लेकर फरार हो गई। यह घटना सासाराम नगर थाना क्षेत्र के धर्मशाला मोड़ स्थित एक लॉज में घटित हुई, जहां पूरे रीति-रिवाज के साथ विवाह संपन्न हुआ था।

जानकारी के मुताबिक, मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के कैलासर गांव निवासी मोनू राज शिवहरे ने बिहार के तिलौथू निवासी काजल कुमारी से विवाह किया था। यह रिश्ता एक स्थानीय दलाल के माध्यम से जुड़ा था, जिसमें मोनू ने ढाई लाख रुपये नकद देकर शादी तय की थी। मंगलवार की शाम को विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद, नवविवाहिता दुल्हन टॉयलेट जाने के बहाने कमरे से निकली और फिर कभी वापस नहीं लौटी।

शादी के बाद जब दुल्हन काफी देर तक कमरे में नहीं लौटी, तब दूल्हे और उसके परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। इसी बीच लड़की के साथ आए कथित चाचा, मामा और बहन भी मौके से लापता हो गए। जल्द ही यह साफ हो गया कि मोनू को एक संगठित गिरोह द्वारा ठगा गया है।

घटना के बाद रोते-बिलखते मोनू राज शिवहरे सासाराम नगर थाने पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की और दूल्हे की निशानदेही पर एक संदिग्ध महिला राजो देवी को हिरासत में लिया है, जो करगहर थाना क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है।

इस पूरे मामले में तकिया मोहल्ला निवासी पिंकी देवी की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। पीड़ित मोनू के अनुसार, पिंकी देवी ने ही शादी कराने की एवज में उससे ढाई लाख रुपये नकद लिए थे और पूरे फर्जी आयोजन को अंजाम दिया। पीड़ित ने बताया कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर क्षेत्र में लड़कियों की भारी कमी है, जिसके चलते कई युवक आजीवन अविवाहित रह जाते हैं।

# फिर वायरल हुई 'पैड गर्ल'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी गया के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने महिला संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उनके और सोशल मीडिया पर 'पैड गर्ल' के नाम से मशहूर रिया पासवान के बीच हुई दिलचस्प बातचीत का वीडियो जमकर वायरल हो गया है।

वायरल वीडियो में महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान रिया पासवान ने कहा कि वह भी राहुल गांधी जैसी नेता बनना चाहती हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि आप बहुत अच्छा भाषण देती हो। तब रिया ने कहा कि मैं भी सोच रही हूं कि आपकी तरह शादी न करूं, अच्छी नेता बनूं और लोगों के लिए काम करूं।

रिया ने कहा कि जब मैं शक्ति अभियान में आई तो मुझे पता चला की राजनीति क्या होती है। इस दौरान कार्यक्रम संचालिका ने समय के अभाव की बात कहकर उन्हें अपनी बात बंद करने को कहा, तब राहुल गांधी ने कहा कोई बात नहीं क्या कह रही हो उसे पहले खत्म करो।

इस दौरान राहुल गांधी ने रिया को उनके काम के लिए शाबासी दी। इस दौरान रिया ने राहुल गांधी से अपने फेमस होने की भी कहानी शेयर की।

रिया पासवान को 2022 में तब फेमस हुईं थी, जब उन्होंने एक नौकरशाह, आईएएस अधिकारी हरजोत कौर भामरा से मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने के बारे में सवाल किया था।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने कहा कि समाज को महिलाएं चलाती हैं और जो हमारे देश का पूरा सिस्टम है। उसमें महिलाओं को जिस प्रकार जगह मिलनी चाहिए नहीं मिल पाती है।

किसी भी क्षेत्र में जितनी भागीदारी महिलाओं को मिलनी चाहिए, नहीं मिल पाती है। हम चाहते हैं कि इसमें बदलाव हो। बिहार में हर क्षेत्र में महिलाएं ज्यादा-से-ज्यादा हर क्षेत्र में कार्य करें। हमने मेनिफेस्टो में लिखा है कि हर महीने बिहार की गरीब महिलाओं को ढाई हजार रुपये दें।

इसके पीछे हमारी सोच है कि महिलाओं के बैंक अकाउंट में पैसा होना चाहिए। लोस चुनाव में हमारी एक योजना थी न्याय योजना। इसमें हमने कहा था कि एक लाख रुपये हम हर साल महिला के बैंक खाता में डालेंगे। लेकिन, यहां हर महीने ढाई हजार रुपए बिहार सरकार आपको देगी।

आपने कहा कि आप बच्चों को पढ़ाते हो लेकिन आज हिंदुस्तान की सच्चाई है कि बच्चे डिग्री पाने के बावजूद रोजगार नहीं पाते हैं। लाखों-हजारों रुपये आपके पास से जाते हैं। हर रोज आपके जेब से जीएसटी जाता है और फायदा अडाणी-अंबानी जैसे लोगों को होता है। आपका कर्ज माफ नहीं होता है।

उनका हजारों-करोड़ों का लोन माफ होता है। आपको बैंक लोन भी नहीं देता। आपको साहूकारों से लोन लेना पड़ता है। आप जीएसटी का पैसा देते हो। आप बच्चों की शिक्षा का पैसा देते हो। बीमार होने पर निजी अस्पताल में पैसा देते हो। महंगाई बढ़ रही है आपकी जेब में पैसा कम होता जा रहा है। उनकी जेब में पैसा बढ़ता जा रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि यह हम बदलना चाहते हैं। हमारा कहना है कि दो देश नहीं बनना चाहिए। एक अंबानी-अडाणी वाला देश और दूसरा गरीब जनता का देश। हम चाहते हैं कि एक देश हो उसमें सबकी जगह हो।

शिक्षा, स्वास्थ्य में सरकार मदद करें। यह पूरा प्राइवेटाइजेशन जो हो रहा है। हम इसके खिलाफ हैं। हम चाहते हैं कि सरकारी स्कूल और अस्पताल अच्छे हो और आपके बच्चों को रोजगार मिले, महंगाई कम हो। हमारी सोच है कि महिला की जो सोच होती है। वह दूर दृष्टि की सोच होती है। महिलाएं आज की नहीं कल की सोचती हैं। महिलाओं की सोच बहुत जरुरी हैं देश के लिए। हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा मौका महिलाओं को मिले और कांग्रेस इसके लिए लगी हुई है। आपने मनरेगा की बात की। आपने सही बात कही कि टेक्नोलॉजी से फायदा होना चाहिए नुकसान नहीं। हमने मनरेगा दिया उसमें सरकार ने टेक्नोलॉजी ऐसी जोड़ी कि महिलाओं को और मुश्किल हो रही है। फायदा की जगह नुकसान हो रहा है। हमारी सोच है कि टेक्नोलॉजी का प्रयोग जनता और गरीब लोगों के फायदे के लिए हो।

# अपराधियों ने युवकों पर बरसाई गोलियां

## एक की मौत, दूसरा घायल, मृतक ने बताया हत्यारा का नाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अपराधियों ने दो युवकों की गोली दी। घटना पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के मैनपुरा गेट नंबर 44 के समीप पास हुई। बाइक सवार अपराधियों ने दो युवकों पर ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इसमें एक युवक ने अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे युवक की गंभीर है। मृतक की पहचान राजा आलम के रूप में हुई। वहीं घायल जितेंद्र कुमार है।

पाटलीपुत्र थाना के अध्यक्ष कुमार रौशन ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि बाइक पर सवार आए अपराधियों ने इस बड़ी घटना को अंजाम दिया। पुलिस को शक है कि महिला विवाद से जुड़ी कोई पुरानी दुश्मनी ही इस फायरिंग की वजह बनी। जिस तरह से दोनों को टारगेट कर गोली मारी गई, उससे यह साफ है कि यह हमला सुनियोजित था। हालांकि घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पीड़ित परिवारों से जानकारी ली जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

बताया जा रहा है कि हमलावर एक बाइक पर सवार होकर आए थे और दोनों युवकों को बेहद करीब से बैक टू बैक गोली मारी गई। मृत राजा के परिजनों ने बताया कि राजा चिकन खरीदने के लिए बाजार गया था। देर रात तक नहीं लौटा तो हमलोग चिंतित हो गए। कुछ देर बाद पता चला कि राजा को किसी ने गोली मार दी। अपराधियों ने उसके सिर और पीठ पर गोली मारी थी। परिजनों ने दावा किया कि राजा ने मरने से पहले किसी अमित नाम के युवक पर गोली मारने का आरोप लगाया था। परिजनों का कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और अरोपियों की गिरफ्तारी करे।

# अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर

## अतिक्रमणकारियों को मिला अल्टीमेटम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरैयाहाट (दुमका)।** सरैयाहाट मुख्य सड़क एवं सर्विस रोड के किनारे स्थानीय दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए जाने से आमजनों को हो रही परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से मंगलवार को सीओ राहुल कुमार शानू एवं थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने दुकानदारों को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है। कहा है कि जो दुकानदार सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानदारी चला रहे हैं वह अविलंब अतिक्रमण हटा लें।

सीओ ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के अंदर सड़क से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन खुद जेसीबी लगाकर अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई करेगा।

दरअसल, दुकानदारों द्वारा मुख्य सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने एवं सर्विस सड़क पर दुकान बना लेने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण करने से सड़क शकरी गली में तब्दील हो चुका है। इससे वाहन तो दूर आम लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है।

अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का इतना मन बढ़ा हुआ है कि मुख्य चौक स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर को अतिक्रमण कर दुकान बना लिया है। इसकी वजह से आमजनों के साथ बस से सफर करने वाले उन यात्रियों भी परेशानी होती है जो बस के इंतजार में मंदिर परिसर में खड़े रहते हैं।

यात्री शेड नहीं रहने के कारण यात्रियों को एक मात्र मंदिर परिसर ही बसेरा है। उसे भी दुकानदारों ने अतिक्रमण कर छीन लिया है। कई दुकानदार तो अपनी दुकान के सामने सर्विस सड़क पर गुमटी बनाकर अतिक्रमण किए हुए हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत तो सप्ताह में दो दिन लगने वाली हटिया के दिन होती है।

इस दिन लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। इस दौरान यदि कोई वाहन गुजरता है तो घंटों सड़क जाम हो जाता है। इतना ही नहीं, इसको लेकर कभी कभी तो दुकानदार एवं आम लोगों में झगड़ा भी हो जाता है। दुकानदारों का इतना मनोबल बढ़ा हुआ है कि किसी की नहीं सुनते हैं।

# गुमशुदा मासूम के परिजन से मांगी रंगदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने पूरे नालंदा जिले की पुलिस को भी हैरानी में डाल दिया है। महज 10 साल के एक मासूम बच्चे ने गुमशुदा लड़के के परिवार से 10 लाख रुपये की फिरौती की मांग कर दी। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे खेल में बच्चे ने वॉट्सऐप का सहारा लिया और पैसों के लालच में इस कारनामे को अंजाम दिया।

दरअसल, मामला छह जून का है, जब न्यू नालंदा कालोनी निवासी एक 15 वर्षीय किशोर कोचिंग के लिए घर से निकला, लेकिन रात तक घर वापस नहीं लौटा। चिंतित मां ने लहेरी थाने में शिकायत दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज में लड़का बिहारशरीफ में बस पर चढ़ता हुआ दिखा।

परेशान पिता ने फेसबुक पर अपने बेटे की तस्वीर और अपना नंबर पोस्ट किया। आठ जून को किशोर के पिता के फोन पर एक नंबर से वॉट्सऐप मैसेज आया। इसमें उनके बेटे को छुड़ाने के लिए 10 लाख रुपये की मांग की गई। बार-बार रिचार्ज और पैसों की मांग से परेशान पिता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस की तकनीकी जांच में पता चला कि यह नंबर जहानाबाद के घोसी थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के नाम पर था। जब पुलिस टीम ने छापा मारा तो वहां से मोबाइल बरामद हुआ।

पूछताछ में महिला के पति ने बताया कि उनका 10 साल का बेटा, जो पहली कक्षा में पढ़ता है, ने यह सब किया है। जब बच्चे से पूछताछ की गई तो उसने साफ-साफ स्वीकार किया कि उसने फेसबुक पर गुमशुदा लड़के की पोस्ट देखी थी।

पैसों के लालच में उसने वॉट्सऐप पर फिरौती की मांग वाले मैसेज भेजे और बाद में डिलीट भी कर दिया। इधर, मंगलवार को कोचिंग जाने के दौरान गायब हुआ किशोर अपने स्वजन के साथ थाने पहुंचा और बताया कि वह घूमने के लिए मुंबई चला गया था।

# विचाराधीन कैदी की मौत से महकमे में हड़कम्प

## शराब मामले में था आरोपित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की मौत से जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मृतक कैदी की पहचान धनौती थाना क्षेत्र के मकरियार गांव निवासी अनिल यादव के रूप में की गई है, जिसे शराब के मामले में गिरफ्तार कर पांच जून को जेल भेजा गया था। महज छह दिन बाद यानी मंगलवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के संबंध में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने बताया कि बीती रात कैदी को दो पुलिसकर्मी सीवान सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। उस समय अनिल यादव को पेट में असहनीय दर्द था और उसका पेट फूला हुआ दिखाई दे रहा था। प्रारंभिक इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार देखा गया और सुबह आठ बजे तक सब कुछ सामान्य लग रहा था। लेकिन अचानक उसकी नाड़ी की गति गिर गई और इलाज के प्रयासों के बावजूद वह बच नहीं सका।

जानकारी के अनुसार, अनिल यादव को शराब से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और छह दिन पहले ही उसे सीवान मंडल कारा में भेजा गया था। कैदी की अचानक मौत ने जेल में कैदियों की स्वास्थ्य सेवाओं और निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों को सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

इस घटना ने न केवल जेल में स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल उठाए हैं बल्कि यह भी आशंका जताई जा रही है कि कैदी की मौत के पीछे कोई लापरवाही या अन्य कारण तो नहीं रहे। पुलिस द्वारा शव



को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

कैदी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के घरवालों ने इस मौत को संदिग्ध मानते हुए गहन जांच की मांग की है। मामले को लेकर प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, जेल में रहन-सहन और स्वास्थ्य निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी।

# अब लापरवाह पुलिस अधिकारियों की खैर नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय क्षेत्र के डीआईजी आशीष भारती ने लंबित कांडों के अनुसंधान में लापरवाही बरतने व प्रभावी अनुसंधान नहीं किए जाने को लेकर बेगूसराय के नौ व खगड़िया जिला के सात अनुसंधानकताओं पर विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश एसपी मनीष को दिया है ।उक्त निर्देश के पूर्व दोनों जिला के एसपी के माध्यम से अनुसंधानकताओं से स्पष्टीकरण की मांग की गई थी, लेकिन स्पष्टीकरण नहीं देने के कारण विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, डीआईजी आशीष भारती द्वारा विभिन्न शीर्ष के लंबित कांडों त्वरित निष्पादन व अनुसंधान का प्रभावी बनाने के लिए लगातार निर्देश दिया जा रहा है ।वहीं, विभिन्न कांडों की नियमित समीक्षा की जाती है। समीक्षा के क्रम में अनुसंधानकताओं की लापरवाही व प्रभावी अनुसंधान का अभाव पाया गया था। डीआईजी ने बेगूसराय व खगड़िया के एसपी को अनुसंधानकताओं के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया है।

डीआईजी कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, बेगूसराय जिला के मुफस्सिल थाना कांड संख्या 551/ 22 के अनुसंधानकर्ता अभिषेक कुमार, चेरिया बरियारपुर थाना कांड संख्या 76 /24 के अनुसंधानकर्ता राम प्रवेश राय, बलिया थाना कांड संख्या 59/ 21 के अनुसंधानकर्ता राधा स्वामी पांडे के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई का निर्देश संबंधित जिला के एसपी को दिया गया है।

छौड़ाही थाना कांड संख्या 46 /24 की अनुसंधानकर्ता मंजू कुमारी, तेयाय थाना कांड संख्या 56 /24 के अनुसंधानकर्ता मोईनउद्दीन, बछवाड़ा थाना कांड संख्या 148 /23 के अनुसंधानकर्ता राहुल पासवान, एसटीएससी थाना कांड संख्या 44/ 23 के अनुसंधानकर्ता राम प्रताप पासवान व पूनम देवी, बलिया थाना कांड संख्या 310/ 24 के अनुसंधानकर्ता संजीव कुमार के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश संबंधित जिला के एसपी को दिया गया है।

# कोसी पर बनेगा हाई डैम

**पूर्णिया।** सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि कोसी नदी पर हाई डैम निर्माण को लेकर वे लगातार और अथक प्रयास कर रहे हैं। नेपाल सरकार से सैद्धांतिक सहमति प्राप्त होने के बाद राज्य सरकार की पहल पर भारत सरकार को इसे गंभीरता से अमल में लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय जल आयोग ने सूचित किया है कि परियोजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

यह जानकारी उन्हें जल शक्ति मंत्रालय की ओर से कैबिनेट मंत्री सी.आर. पाटिल और राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी द्वारा औपचारिक पत्र के माध्यम से दी गई है। लोकसभा के शून्यकाल में सांसद पप्पू यादव ने उत्तर बिहार में बाढ़ और कटाव की भीषण समस्या को पुरजोर तरीके से उठाया था और कोसी नदी पर हाई डैम निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया था ।उन्होंने यह तर्क दिया था कि हर वर्ष कोसी की बाढ़ और कटाव लाखों लोगों के जीवन, फसल और जमीन को प्रभावित करती है।

# जीयर स्वामी जी महाराज का परमानपुर में भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भारत के महान मनीषी संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत स्थल परमानपुर में फूल बिछाकर भव्य स्वागत किया गया। परमानपुर के सभी ग्रामवासियों एवं तमाम आसपास के सभी गांव के भक्त श्रद्धालु जय श्रीमन नारायण का उदघोष करते हुए अमेहता पुल पर फूलों की वर्षा कर स्वामी जी का स्वागत किये। उत्तराखंड के हरिद्वार से स्वामी जी का आगमन आरा रेलवे स्टेशन पर हुआ। जहां पर चातुर्मास यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्री छोटेलाल तिवारी एवं सैकड़ो की संख्या भक्तों ने रेलवे स्टेशन पर स्वामी जी का आगवानी किया गया ।जहां से अनेक वाहनों के द्वारा स्वामी जी का सुबह 6:00 बजे चातुर्मास स्थल पर आगमन हुआ।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मनोज उपाध्याय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।स्वामी जी के आगमन के उपरांत भोजपुर, बक्सर,कैमूर, रोहतास सहित बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश के भक्तों का आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। परमानपुर की धरती पर स्वामी जी के आने के बाद पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। जहां पर पूरे क्षेत्र वासियों में स्वामी जी के दर्शन करने के लिए काफी उत्साह है ।परमानपुर की पावन धरती का बहुत बड़ा सौभाग्य है। जहां पर देश के



महान संत का दर्शन एवं आशीर्वचन 4 महीना तक श्रवण करने का पूरे क्षेत्रवासियों को सौभाग्य प्राप्त हो रहा है ।चातुर्मास व्रत स्थल पहुंचने के लिए भोजपुर जिला के पीरो से लगभग परमानपुर की दूरी 10 किलोमीटर है। वहीं यदि आप मोहनिया की तरफ से आ रहे हैं, तो मलियाबाग से परमानपुर की दूरी लगभग 13 किलोमीटर है। मलियाबाग से कोआथ बाजार होते हुए तिवारी के परमानपुर पहुंचा जा सकता है।

# अवैध खनन वालों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी क्रांति कुमार गड़देशी ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए एसपी समेत अन्य अधिकारियों के साथ अपराध को लेकर समीक्षा बैठक भी की।

लंबित कांडों के अलावा पुलिस बल के रिक्त पड़े पदों पर बहाली को लेकर अधिकारियों को उन्होंने दिशा निर्देश भी दिए। आईजी गड़देशी ने जिले में संचालित आपराधिक गिरोह और पॉक्सो से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की।

इसके अलावा आईजी ने सड़क सुरक्षा, पुलिस आदेश की समीक्षा, साइबर क्राइम, पुलिसकर्मियों के अनुशासनहीनता के मामले, 3 साल से अधिक एक ही थाने में जमे पुलिसकर्मियों की जानकारी ली।

बाद में पत्रकारों से बात करते हुए आईजी क्रांति कुमार गड़देशी ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई का पुलिस को सख्त निर्देश दिया गया है। खनन माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एसपी समेत पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

इधर, आईजी के निरीक्षण को लेकर जानकारी देते हुए एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि जिले में लंबित कांडों के अनुसंधान और एससीएसटी मामलों की भी आईजी ने समीक्षा की, इसके अलावे पुलिस में खाली पड़े रिक्त पड़े पदों पर बहाली की प्रक्रिया अपनाने का भी निर्देश दिया।

एसपी ने बताया कि जिले की भौगोलिक स्थिति से लेकर पिकेट और जैप के जवानों की प्रतिनियुक्ति को लेकर भी आईजी ने समीक्षा की और निर्देशित किया।

जनशिकायतों का समाधान, थाना की कार्यप्रणाली पर चर्चा, विभागीय कार्रवाई की समीक्षा, साप्ताहिक परेड, अभिलेखों के रखरखाव को लेकर भी आईजी ने निर्देश दिए है, जिसपर कार्य किए जा रहे है।

CMYK

# मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जाना हाल

## मलाही पकड़ी एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के निर्माणाधीन कार्यों का किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मलाही पकड़ी एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने साइट मैप के माध्यम से पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर (मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल) में निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। अभय कुमार सिंह ने मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी, टिकट काउंटर, यात्री सुविधा, पब्लिक एरिया, पेड एरिया, लिफ्ट, प्लेटफॉर्म तक जाने का रास्ता एवं अन्य उपलब्ध करायी जाने वाली आवश्यक सुविधाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो रेल लाइन (कुल 6.20 कि0मी0) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके संचालन हेतु बिहार सरकार के द्वारा 115.10 करोड़ रूपये उपलब्ध करायी गयी है। इस लाइन को 15 अगस्त 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना का स्वरूप बेहतर ढंग से हमने तैयार करवाया है। इसके निर्माण कार्यों को लेकर हम लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसको लेकर हमने लगातार अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना मेट्रो रेल परियोजना को ससमय पूरा करें ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो।



कार्यक्रम के दौरान नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्याग राजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन तथा पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# मई माह तक पूर्व मध्य रेल ने 35.52 मिलियन टन का किया लदान

## 5436 करोड़ रुपये से अधिक की हुई प्रारंभिक आय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के मई माह तक माल ढुलाई सहित अन्य सभी स्रोतों से प्राप्त होने वाले आय में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ कुल 5436 करोड़ रुपए की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है। यह आय पिछले वर्ष के समान अवधि में प्राप्त प्रारंभिक आय 5362 करोड़ रुपये के तुलना में 1.36 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्तीय वित्त वर्ष 2025-26 के मई माह तक पूर्व मध्य रेल द्वारा 35.52 मिलियन टन का माल लदान किया गया जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि में किये गये माल लदान 34.31 मिलियन टन की तुलना में लगभग 3.53 प्रतिशत अधिक है। मई माह तक किये गये कुल माल लदान से पूर्व मध्य रेल को कुल 4507 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई। चालू वित्तीय वित्त वर्ष 2025-26 के मई माह तक यात्री यातायात से 828.62 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि में यात्री यातायात से प्राप्त राजस्व लगभग 789.45 करोड़ रुपये की तुलना में 4.96 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह मई माह तक विविध मदों से 43.57 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि की तुलना में विविध मदों से प्राप्त राजस्व 36.61 करोड़ रुपये की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 4 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर




चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार केसरी, राज्य चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ. तनुजा कुमारी, चिकित्सा निर्देशी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, डॉ. सुजाता कुमारी, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा, मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक (हितलाभ) सह सदस्य सचिव, कर्मचारी राज्य बीमा निगम भी मौजूद थे।

# लालू यादव हुए 78 साल के, राबड़ी आवास पर मनाया जन्मदिन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को अपना 78वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने राबड़ी आवास पर तलवार से केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। राबड़ी देवी ने केक खिलाकर लालू यादव को जन्मदिन की बधाई दी। लालू यादव के 78वें जन्मदिन को राजद ने सामाजिक न्याय और सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। पटना में राबड़ी देवी के आवास पर 78 पौंड का केक काटा गया। राबड़ी आवास पर समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा, ढोल-नगाड़े बजे। 78 किलो लड्डू बांटा गया। सुबह से ही राबड़ी आवास पर लालू यादव को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों, कार्यकर्ताओं और आम समर्थकों ने लालू यादव को जन्मदिन की बधाई दी। लालू यादव के जन्मदिन पर राजद कार्यकर्ता पारंपरिक अंदाज में ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ लालू आवास पहुंचे। कई कार्यकर्ता ट्रॉली पर मिठाई, खाजा, रसगुल्ले और लड्डू लेकर आए। बताया जा रहा है कि कोई विशेष रूप से तैयार किया गया 78 किलो का लड्डू लेकर भी पहुंचे। उन्होंने लालू यादव के हाथ में तलवार थमाई और उस तलवार से ही लड्डू कटवाकर जश्न मनाया। जश्न के दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जमकर डांस किया। कुछ कार्यकर्ता 'लालू स्टाइल बैठक डांस' करते दिखे तो कुछ हाथ में तलवार लेकर परंपरागत तरीके से नृत्य कर रहे थे। इस दौरान हजारों रुपये हवा में उड़ाते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जो पार्टी के कार्यकर्ताओं की भक्ति और जोश को दर्शाते हैं। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने लालू आवास के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। ट्रैफिक पुलिस ने आवास के पास विशेष डायवर्जन भी लागू किया ताकि आम जनता को असुविधा न हो। वहीं, राजद विधायक भाई वीरेंद्र भी राबड़ी आवास पहुंचे। उन्होंने कहा कि वो मनेर का शुद्ध घी वाला लड्डू लेकर आए हैं। विधायक ने राजद प्रमुख के दीर्घायु होने की कामना की। उधर राजद कार्यालय को भी बेहद खुबसूरती से सजाया गया था। जिलों में भी अलग-अलग आयोजन किए गए। राजद के प्रवक्ता अरुण यादव ने बताया कि राज्यभर में गांवों, टोलों, कस्बों में वंचित एवं दलित समाज के बीच भोजन का वितरण किया गया। लालू प्रसाद का जन्मदिन आज सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर न केवल परिवारजन बल्कि देशभर के राजनीतिक चेहरों की शुभकामनाएं भी पहुंचीं। राहुल गांधी ने न केवल जन्मदिन की बधाई दी, बल्कि लालू यादव के संघर्षों, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और दोनों के 'राजनीति से परे मानवीय जुड़ाव' को भी रेखांकित किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर लिखा 'बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। हमारे बीच का रिश्ता सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं रहा यह एक गहरा मानवीय जुड़ाव रहा है जो समान मूल्यों और सामाजिक न्याय के संघर्ष पर आधारित है।

आपका जीवन संघर्षों से भरा रहा है, लेकिन आपने हमेशा मजबूती और हौसले के साथ उन लोगों की आवाज उठाई है जिन्हें अक्सर अनसुना कर दिया जाता है। आज आपके जन्मदिन पर मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता हूं।

# वाणिज्य महाविद्यालय एवं पटना विश्वविद्यालय के छात्रों का द्वितीय पुनर्मिलन 28 जून को वाराणसी में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वाणिज्य महाविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय के 1980-84 बैच के छात्रों का द्वितीय पुनर्मिलन 28 जून 2025 को वाराणसी के एक रिसॉर्ट में होने जा रहा है। इस पुनर्मिलन का मुख्य उद्देश्य चालीस वर्षों के पुराने मित्रों को एकत्रित करना और साथ कुछ सामाजिक कार्य करना है इसमें मुख्य भूमिका के रूप में संजय किशोर, साथ में अन्य मित्र रहेंगे। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी संजय किशोर ने कहा कि हमारे पुनर्मिलन की पहली बैठक 17 मई 2025 को होटल मौर्या में हुई थी जिसमें हमने पर्यावरण संरक्षण के लिए कई काम करने का निर्णय लिया था साथ हम लोग प्रत्येक महीने में बैठक करेंगे और अपने 40 वर्षों पुराने मित्रों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। इस द्वितीय बैठक में हम अपनी पहली बैठक की चर्चाओं की पुनः समीक्षा करेंगे और आगे के कार्यों की योजना बनाएंगे। हम लोगों का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति कम से कम से 5-10 पौधे लगाएं और जल जीवन हरियाली मिशन के तहत वातावरण को बेहतर बनाने में योगदान करें और हम सामाजिक कार्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करें इसके साथ अपने मित्रों के साथ मिलकर द्वितीय बैठक को शानदार और सफल बनाएं ताकि हमारे मित्रों को यादगार अवसर प्राप्त हो।

# जीतनराम मांझी ने अलग अंदाज में दी लालू यादव को जन्मदिन की बधाई

## 'लाठी में तेल पिलवाकर समाज को बांटने वालों के व्यवहार में बदलाव आ ही नहीं सकता'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के 78वें जन्मदिन पर बधाईयों का तांता लगा रहा। इसी क्रम में हम के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने अपने अलग अंदाज में लालू को जन्मदिन की मुबारकबाद दी। कुर्सी पर बैठकर और पैर टेबुल पर रखकर हाथ में तलवार लेकर केक काटते लालू की फोटो अपलोड करते हुए जीतनराम मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि 'लाठी में तेल पिलवाकर समाज को बांटने वालों के व्यवहार में बदलाव आ ही नहीं सकता।

उन्होंने आगे लिखा कि आज जब



सरकार में नहीं हैं तो साहेब तलवार से केक काट रहे हैं, गलती से बेटवा कुछ बन गया तो एके-47 से केक को उड़ाया जाएगा' है ना लालू जी। खैर, जन्मदिन की बधाई लालू प्रसाद यादव जी। उधर, सीवान में लालू यादव के जन्मदिन पर राजद विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने जीवित लालू की तस्वीर पर पर फूलों की माला चढ़ाकर 'श्रद्धा सुमन' अर्पित कर दिया। कार्यक्रम में पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे, लेकिन किसी ने नहीं कहा कि जिंदा लोगों की तस्वीर पर माला नहीं चढ़ाया जाता है। तस्वीरें सामने आने के बाद जिले के सियासी गलियारे में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इसके साथ ही राजद के नौटंकीबाज नेता केदार प्रसाद यादव ने गंगा में नाव पर केक काटा और उसे नदी में बहा दिया। इतना ही नहीं फोटो खिंचवाने के लिए जान बुझकर नाव से नदी के पानी में गिर गए, वह भी एक बार नहीं बल्कि तीन तीन बार गिरने का नाटक किया। इसके लिए भी राजद नेता ने पूरी तैयारी कर ली थी, इसलिए दो दो केक लेकर पहुंचे थे। गिरने के कारण एक केक पानी में बह गया फिर से दूसरा केक काटा गया और केक काटने के बाद तीसरी बार राजद नेता नाव से गिरे। सबसे हैरत की बात तो यह है कि राजद नेता उस पानी मे तीन तीन बार गिरे जहां बच्चे खड़े थे और पानी बच्चों के घुटने से भी नीचे था।

# बीपीएससी टीआरई-3 के अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार का किया घेराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बीपीएससी टीआरई-3 के अभ्यर्थियों ने सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर बुधवार को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार का घेराव किया। उग्र अभ्यर्थियों ने मंत्री की गाड़ी के आगे लेट कर और उनकी गाड़ी के बोनेट में लटककर प्रदर्शन किया। सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करो का नारा लगाते अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री की गाड़ी के आगे लेट कर उनका घेराव किया। उग्र प्रदर्शन के कारण कुछ समय तक स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गया। दरअसल, बीपीएससी टीआरई-3 ने शिक्षा मंत्री का घेराव उस समय किया जब वे राजकीय उर्दू पुस्तकालय के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 3 करोड़ 7 साख 31 हजार रूपये की राशि से नवनिर्मित राजकीय उर्दू पुस्तकालय, पटना के नये भवन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को पुस्तक भेंटकर उनका स्वागत किया। इसी बीच प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री का घेराव किया।

# डीडीयू-पटना-मोकामा-झाझा के रास्ते नई दिल्ली और हावड़ा के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में डीडीयू-पटना-मोकामा-झाझा के रास्ते नई दिल्ली और हावड़ा के मध्य 01 जोड़ी स्पेशल ट्रेन 04092/04091 का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी सं. 04092 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल 11.06.2025 से 19.07.2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को नई दिल्ली से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 08.20 बजे डीडीयू, 09.30 बजे बक्सर, 10.30 बजे आरा, 10.53 बजे दानापुर, 11.30 बजे पटना जं., 12.16 बजे बख्तियारपुर, 12.33 बजे बाढ़, 12.55 बजे मोकामा, 13.53 बजे किउल, 14.21 बजे जमुई एवं 15.38 बजे झाझा सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 21.40 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 04091 हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल दिनांक 12.06.2025 से 20.07.2025 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को हावड़ा से 23.50 बजे खुलकर अगले दिन 05.13 बजे झाझा, 05.38 बजे जमुई, 06.12 बजे किउल, 06.40 बजे मोकामा, 06.58 बजे बाढ़, 07.16 बजे बख्तियारपुर, 08.15 बजे पटना जं., 08.53 बजे दानापुर, 09.26 बजे आरा, 10.08 बजे बक्सर, 11.40 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए तीसरे दिन 01.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04 कोच, तृतीय इकॉनोमी वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।

# एनडीए राज में गरीबी की दर में आई असाधारण गिरावट : मंगल पाण्डेय

## सुशासन, कानून के राज व सतत विकास से सभी मानकों में उल्लेखनीय उपलब्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि सुशासन, कानून के राज व एनडीए सरकार की सतत और सम्यक विकास नीति की वजह से पिछले एक दशक में गरीबी की दर में असाधारण गिरावट आई है। देश में 24.82 (25 करोड़) करोड़ तो बिहार में 3.77 करोड़ लोग गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकले हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत दुनिया



की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ ही गरीबी पर नियंत्रण करने वाला सबसे सफल देश बन कर उभरा है। भारत की इस उपलब्धि से दुनिया के कई विकसित देश चकित है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी. रंगराजन की अध्यक्षता वाली समिति की नई रिपोर्ट के अनुसार देश की गरीबी दर 2011-12 में 29.5: थी, जो 2023-24 में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई है। गिरावट की यह दर पिछले 12 साल की अवधि में 2.02: प्रति वर्ष रही है। उन्होंने कहा कि ताजा आंकड़ों में 2011-12 से 2022-23 के बीच बिहार में गरीबों का प्रतिशत 69.6 प्रतिशत से घटकर महज 23.3 प्रतिशत रह गया है, यानी पहले दो तिहाई से ज्यादा जनता गरीब थी, अब एक चौथाई से भी कम है। श्री पाण्डेय ने कहा कि समानता संबंधी संक्षिप्त रिपोर्ट के अनुसार बहुआयामी गरीबी सूचकांक के सभी संकेतकों मसलन पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृत्व स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते आदि में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि 70 के दशक में गरीबी उन्मूलन का नारा दे कर सत्ता में आई कांग्रेस और गरीबी को मुद्दा बनाने वाली अन्य विपक्षी पार्टियों की आज की नकारात्मक राजनीति के बावजूद भारत की यह उपलब्धि एनडीए सरकार के भ्रष्टाचारमुक्त सुशासन और विकास के दावे को पुख्ता करती है।

# बिन्द में दो बच्चों की मां प्रेमी के संग हुई फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के एक गांव से दो बच्चों कि मां अपने दोनों बच्चे को छोड़कर प्रेमी के संग फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला कि एक 6 बर्ष व एक 3 साल के बच्चे हैं। महिला के पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। फरार महिला कि माता पटना जिला भदौर थाना के दौलतपुर निवासी साहो देवी ने बताया कि वर्ष 2018 में बेटी की शादी बिन्द थाना के एक गांव किया था। शादी के बाद दोनों खुशी पूर्वक रह रहे थे। इस दौरान बेटी को दो बच्चा भी हुआ। दमाद दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। पति के अनुपस्थिति में बेटी दोनों बच्चों को छोड़कर फरार हो गई। बेटी को रिश्तेदारों के यहां व अन्य जगहों पर जाकर खोजबीन किया। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी उसके पति को दे दिया गया है। दोनों बच्चों का रो रोकर काफी बुरा हाल है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि फरार हुई महिला कि माता ने बेटी के गायब हो जाने का आवेदन दिया है। मामले की जांच किया जा रहा है। जल्द ही महिला को बरामद कर लिया जाएगा।

# नाली में डूबने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के मोतीबिगहा गांव में नाला में गिर कर डूबने से एक डेढ़ साल की बच्ची की मौत हो गई। मृतका ईसुआ निवासी कन्हैया कुमार की पुत्री सोनम कुमारी है। परिवार वालों ने बताया कि ननिहाल घूमने के लिए आई थी बुधवार दोपहर घर के सभी खेल रही थी इसी दौरान अचानक खुला नाला में गिर गई। परिवार वालों ने खोजबीन किया तो वह नाले में गिरी मिली। बच्ची को निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष साकेंद्र बिंद ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# परसा से फरार चार नाबालिग लड़कियां चेन्नई से सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारी शरीफ।** पटना जिले के पचरुखिया थाना अंतर्गत रामचंद्र नगर, परसा से शनिवार दोपहर रहस्यमय तरीके से लापता हुई चार नाबालिग लड़कियों को पटना पुलिस ने चेन्नई से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया है। यह मामला पूरे क्षेत्र में सनसनी बन गया था जब एक साथ चार लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थीं। लापता बच्चियों की पहचान रामचंद्र नगर निवासी परविंद रविदास की 15 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी, उसकी सहेलियां पंछी कुमारी (14), निशा कुमारी (15) और सरस्वती कुमारी (12) के रूप में हुई थी। जानकारी के अनुसार काजल शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे कपड़े की सिलाई कराने की बात कहकर सोटीचक जाने के लिए निकली थी। उसके साथ तीनों सहेलियां भी थीं। देर रात तक जब वे घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की और रविवार सुबह पचरुखिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पचरुखिया थाना कांड संख्या 326/25, दिनांक 01.06.25 के तहत भारतीय दंड विधान की धारा 140(3)/137(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-02) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी सर्वेक्षण, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और मानवीय आसूचना के आधार पर तेजी से अनुसंधान किया। इस बीच यह जानकारी मिली कि लड़कियां ऑटो और बस के सहारे दानापुर रेलवे स्टेशन पहुंचीं थीं और वहां से ट्रेन पकड़कर सीधे चेन्नई चली गई थीं। पटना पुलिस की विशेष टीम ने आरपीएफ और जीआरपी की मदद से चेन्नई के पेरम्बूर रेलवे स्टेशन पर इन चारों बच्चियों की पहचान की। उन्हें ट्रेन से उतारकर तत्काल बाल कल्याण केंद्र में सुरक्षित रखा गया। इसके बाद पटना पुलिस की टीम चेन्नई पहुंची और सभी बच्चियों को सकुशल पटना लेकर वापस लौटी। बच्चियों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सभी बच्चियां एक ऑटो चालक के बहकावे में आकर घर से निकली थीं। अब पुलिस उस ऑटो चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी कर रही है। इस कांड की सफल बरामदगी के लिए गठित पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की अनुशंसा वरीय अधिकारियों के माध्यम से भेजी गई है। पचरुखिया थाना अध्यक्ष शशि भूषण कुमार सिंह ने बताया कि गायब चार लड़कियों में एक लड़की के परिजन पहले चेन्नई में काम करते थे बस उसके साथ की अन्य लड़कियां दानापुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर सवार हो गई और चेन्नई पहुंच गए। पुलिस लोगों से पूछताछ के आधार पर चेन्नई पहुंचे जहां उसके परिजन काम करते थे तो लड़कियां वही बरामद हो गई।

# आपसी विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** थरथरी थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की घटना हुई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से थरथरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पहले पक्ष की ओर से अमृता कुमारी ने थाने में आवेदन देकर किरण देवी, अंशु देवी एवं रिंकी देवी को नामजद करते हुए गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी प्रतिवाद करते हुए सुनिल प्रसाद, श्रीकांत कुमार, सुशीला देवी, अमृता कुमारी एवं रूसी कुमारी के खिलाफ मारपीट व अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## संपादकीय

# बदलेगी सियासत

जाति जनगणना की तारीखों का ऐलान कर सरकार ने यह संदेह दूर कर दिया कि वह इस मुद्दे को लटकाए रखना चाहती है। तय शेड्यूल के अनुसार, 1 मार्च 2027 की आधी रात को जनगणना खत्म होगी। अब अगला सवाल है कि इसके आंकड़े कितनी जल्दी सार्वजनिक होते हैं। वजह यह है कि लोकसभा परिसीमन और महिला आरक्षण का मामला भी इसी से जुड़ा हुआ है। सरकार ने 2011 की सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना में भी जाति के आंकड़े जुटाने की कोशिश की थी, लेकिन तब उसमें इतनी विसंगतियां पाई गईं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं, पिछले डेढ़ दशक में सामाजिक और राजनीतिक रूप से जातिगत जनगणना का दबाव बढ़ा है। हाल में बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों ने इस दिशा में अपनी तरफ से कोशिश भी की, जो विवादों में घिर गई। केंद्र सरकार को इस तरह के विवादों और पिछली गलतियों से बचना होगा।आजाद भारत में जातियों पर राजनीति हुई, लेकिन उनका हिसाब नहीं रखा गया। ऐसे में यह जातिगत जनगणना पूरे परिदृश्य को बदल कर रख देगी। इसका पहला असर होगा लोकसभा सीटों की संख्या पर, जिस पर कोई फैसला 5 दशकों से टलता आ रहा है। देश की बढ़ती आबादी को अब संसद में अपने ज्यादा प्रतिनिधि चाहिए, लेकिन उत्तर और दक्षिण के बीच जनसंख्या का अंतर बड़ी रुकावट है। दक्षिण के राज्यों ने अपनी आबादी पर उत्तर की तुलना में नियंत्रण किया हुआ है। उन्हें डर है कि परिसीमन से उनके यहां सीटें कम हो सकती हैं।1976 में इंदिरा गांधी और 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारों ने परिसीमन कराया था, लेकिन सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई। इंदिरा सरकार ने 25 साल के लिए सीटें बढ़ाने पर रोक लगा दी थी। वाजपेयी सरकार ने भी इसे बरकरार रखा। 2026 में यह मियाद खत्म हो रही है यानी अब जो जनगणना होने जा रही है, उसी के आधार पर सरकार को परिसीमन से जुड़ा अहम फैसला लेना होगा।जाति जनगणना के साथ जुड़ा एक और अहम सवाल आरक्षण का है। नए आंकड़ों के आधार पर आरक्षण में बदलाव की मांग उठेगी, लेकिन किसी भी तरह के बदलाव के रास्ते में जटिल राजनीतिक और कानूनी पेचीदगियां हैं। इन्हें सुलझाए बिना सरकार के लिए आगे बढ़ना मुश्किल होगा।जाति जनगणना से नए भारत के सामाजिक-आर्थिक समीकरणों को समझने में मदद मिलेगी, साथ में कुछ चुनौतियां भी होंगी। जनगणना के आंकड़े 2029 के पहले जारी हो पाते हैं या नहीं, यह सवाल अपनी जगह है, लेकिन इतना तय है कि इसका असर अगले लोकसभा चुनाव पर जरूर पड़ेगा।

**वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला और सेवा, सुशासन तथा गरीब कल्याण के साथ राष्ट्रहित में आगे बढ़ते हुए दोबारा कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा फिर चाहे कोविड जैसी महामारी आई हो या पड़ोसी देशों ने कुचक्र रचे हों। आज का भारत राष्ट्ररक्षा, राष्ट्रजीवन और राष्ट्रोत्थान के प्रत्येक पक्ष में, एक भारत श्रेष्ठ भारत के मूलमंत्र के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले इस समय को विकास का अमृतकाल कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने साहसिक निर्णयों से देश की राजनीति को सामान्य दलगत सत्ता की राजनीति से बदल कर जनहित और राष्ट्रहित के लिए सतत प्रयासशील राजनीति बनाने का सार्थक प्रयास किया है।**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्ष, विकसित व समृद्धशाली बनने की ओर अग्रसर नया भारत

(मृत्युंजय दीक्षित )

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित अनुभव करता है क्योंकि वो देख रहा है कि भारत पड़ोसी के अपराध करने पर उसको घर में घुसकर मारता है, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में बड़े बदलाव किए हैं।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला और सेवा, सुशासन तथा गरीब कल्याण के साथ राष्ट्रहित में आगे बढ़ते हुए दोबारा कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा फिर चाहे कोविड जैसी महामारी आई हो या पड़ोसी देशों ने कुचक्र रचे हों। आज का भारत राष्ट्ररक्षा, राष्ट्रजीवन और राष्ट्रोत्थान के प्रत्येक पक्ष में, एक भारत श्रेष्ठ भारत के मूलमंत्र के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले इस समय को विकास का अमृतकाल कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने साहसिक निर्णयों से देश की राजनीति को सामान्य दलगत सत्ता की राजनीति से बदल कर जनहित और राष्ट्रहित के लिए सतत प्रयासशील राजनीति बनाने का सार्थक प्रयास किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित अनुभव करता है क्योंकि वो देख रहा है कि भारत पड़ोसी के अपराध करने पर उसको घर में घुसकर मारता है, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में बड़े बदलाव किए हैं। पूर्व में सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अपने ही पराक्रम को चुनौती देते हुए भारतीय सेना द्वारा इस बार जम्मूक्ककश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या की धृष्टता को ऑपरेशन सिन्दूर से दिए गए उत्तर का परिणाम पूरा विश्व देख रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव था अन्यथा मुंबई जैसे वीभत्स आतंकी हमले के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री डोजियर क्कडोजियर ही खेलते रहे थे।

ऐसा पहली बार हुआ, जब भारत सरकार ने पाकिस्तान की परमाणु हथियारों की गीदड़ भभकी के आगे झुकने से पूर्णतया इंकार कर दिया। कूटनीतिक स्तर पर सिंधु जल समझौता निलंबित करने का निर्णय हुआ जिसके बारे में पहले कभी सोचा भी नहीं गया था। पूरी स्पष्टता और सख्ती के साथ कह दिया गया कि अब पाकिस्तान से बात होगी तो केवल आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस करने पर ही होगी। आजादी के बाद पहली बार भारत सरकार ने पाकिस्तान व उसको सहयोग देने वालों के प्रति इतना कड़ा रुख अपनाया है। मोदी सरकार की नीति से स्पष्ट हो गया है कि अब अगर पाकिस्तान या उसके पोषित आतंकवादियों ने कोई भी गलती करी तो पाकिस्तान का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

मोदी सरकार के विगत ग्यारह वर्षों में चलाए गए आत्मनिर्भर भारत की धमक ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान पूरे विश्व ने अनुभव की जब भारत के स्वदेशी यंत्रों और आयुधों ने अमरीका, चीन और तुर्की जैसे देशों के हथियारों धूल चटा दी। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आयुधों तथा रक्षा प्रणालियों के क्रेता से विक्रेता बनने की यह यात्रा नए नरेन्द्र मोदी के भारत की पहचान है। केवल सीमापार ही नहीं वरन सीमाओं के भीतर बैठे लाल आतंकी भी डर में हैं और अपनी अंतिम साँसे गिन रहे हैं।



नक्सलवाद के सफाये का व्यापक संकल्पबद्ध अभियान चलाया जा रहा है और गृह मंत्रालय ने 2026 तक भारत को नक्सलवाद के आतंक से मुक्त कराने का बीड़ा उठाया है।

मोदी जी के दूसरे कार्यकाल के आरम्भ में ही 5 अगस्त 219 को जम्मू कश्मीर में अलगाववाद की पोषक धारा -370 इतिहास के पृष्ठों में चली गई और राज्य देश की मुख्य धारा से जोड़ा जा सका। जम्मू कश्मीर ने विकास की राह पकड़ी। प्रान्त में जी-20 (जो भारत की अध्यक्षता के बाद 21 हो चुका है) की बैठकें हुईं। पर्यटन बढ़ा, रोजगार आया, युवाओं के लिए नए अवसर खुले। शांतिपूर्ण चुनाव हुए। कुछ ही दिन पूर्व प्रांत में चंद्रभागा (चिनाब) नदी पर बना विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे ब्रिज प्रधानमंत्री ने देश को समर्पित किया। मोदी राज से पूर्व ये सब कुछ कल्पना मात्र था।

स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ, उज्जवला, मातृत्व वंदन, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण आवास, जन-धन, फ्री राशन जैसी योजनाओं से मोदी सरकार ने बड़ी जनसँख्या को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की है। विश्व बैक की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मोदी सरकार के विभिन्न प्रयासों के चलते 27 करोड़ भारतीय घोर गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चुनौतियों व विपरीत परिस्थितियों के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था लंबी छलांग लगा रही है और भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। 2014 के पूर्व एक ऐसा समय भी था जब भारत को फ्रजाइल फाइव में से एक कहा गया। महिलाओं की चिंता करते करते हुए पहले मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति तथा फिर संसद व राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया। ड्रोन दीदी और लखपति दीदी अपने आप में सफलता की कहानियां हैं।

डिजिटल क्रांति को अपनाते हुए भ्रष्टाचारमुक्त और पारदर्शी शासन प्रणाली की स्थापना के प्रयास से आज एक तरफ राज्य की कल्याणकारी नीतियों का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुँच रहा है वहीं दूसरी और विश्व भर के निवेशक भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। डिजिटल इंडिया के कारण जनता का जीवन और व्यापार दोनों आसान हुए हैं। बैकिंग आसान हुई है तथा सरकार की जन -धन योजना ने बड़ी आबादी को देश की बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है जिससे सरकारी योजनाओं का वित्तीय लाभ सीधे जनता के बैंक एकाउंट में पहुंच रहा है। आधार आधारित प्रणाली योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्व में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए नोटबंदी का कड़ा निर्णय लिया, उस समय सभी समस्याएं उठाते हुए देश की जनता मोदी जी के साथ खड़ी रही यह उसके अपने प्रधानमंत्री पर अटल विश्वास का परिचायक था। 2017 में आया नया जीएसटी कानून भी कर व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव लेकर आया। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ऐसे सभी कार्य संपन्न हो रहे है जिनका पहले लोग केवल सपना देखते थे। अयोध्या में 500 वर्षो के अथक संघर्षो के बाद दिव्य, भव्य व नव्य राम मंदिर का निर्माण का संकल् अब पूर्णता की ओर है। 2014 के चुनाव प्रचार तक विपक्षी रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे किंतु तारीख नहीं बताएंगे’ कहकर भाजपा का मखौल उड़ाते थे किंतु प्रभु बालक राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही विपक्ष स्वयं मखौल बनकर रह गया है। आज करोड़ों रामभक्त रामलला के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति का पुनर्जागरण काल चल रहा है। भारत भर के हिंदू सनातन संस्कृति के सभी प्रमुख केंद्रो का विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ-2025 का सफल व अभूतपूर्व आयोजन किया गया जिससे संपूर्ण विश्व में हिंदू एकजुटता का पवित्र संदेश गया। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर हजारों साल पुरानी चोरी हुई कलाकृतियां व मूर्तियां भारत को वापस मिल रही है। जिसमें वाराणसी में अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति अत्यंत महत्व की है। देश के सभी तीर्थस्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ देने के साथ साथ उन्हें रेल, सड़क व वायु पविहन के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

मोदी जी के द्वितीय कार्यकाल में कोविड जैसी महामारी का प्रकोप हुआ जिससे विश्व के बड़े बड़े देशों की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा गयीं। कई देशों में हड़तालें हुईं,दंगे हुए यहां तक कि सत्ता परिवर्तन तक हो गये किंतु भारत की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आम जनमानस के सहयोग से समस्या से निपटी और सफल हुई। भारत सरकार विदेशी वैक्सीन बेचने वाली शक्तियों के विरुद्ध भी डटकर खड़ी रही। भारत ने न केवल अपनी वैक्सीन बनायी वरन वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को धारण करते हुए विश्व के कई देशों को भी इसे उपलब्ध कराया। आमजन के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रधानमंत्री सदा चिंतित रहते हैं इसके लिए एक तरफ आयुष्मान भारत योजना लागू की गई और सस्ती दवाओं की उपलब्धता के लिए जनऔषधि केंद्र खोले गए वहीं स्वास्थ्य सेवाओं की अवस्थापना, चिकित्सा तथा उपचिकित्सा सेवा प्रदाताओं की संख्या बढ़ाने तथा टेली मेडिसिन पर तेजी से काम किया गया। योग के माध्यम से आरोग्य सुनिश्चित करने के लिए योग को बढ़ावा दिया जा रहा है, फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं, भोजन में श्री अन्न को स्थान दिलाने के प्रयत्न हो रहे हैं और अब प्रधानमंत्री जी ने नागरिकों से भोजन में वसा युक्त खाद्य पदार्थों की मात्रा कम करने का आह्वान किया है। मोदी जी के नेतृत्व में अंतरिक्ष, विज्ञान में भारत ने नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। चाहे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तिरंगा फहराना हो या या सूर्ययान आदित्य एल -01 की सफलता की कहानी हो इसरो का 100 अंतरिक्ष यान भेजने का कीर्तिमान, अब तो भारत गगयान का भी प्रक्षेपण करने जा रहा है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था को भारतीय रिजर्व बैंक के दो महत्वपूर्ण तोहफे

(प्रह्लाद सबनानी )

भारतीय रिजर्व बैंक के उक्त महत्वपूर्ण दोनों निर्णयों से वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भारत में उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी क्योंकि बैंक अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ऋणराशि पर ब्याज दरों को कम करेंगे।

वैश्विक स्तर पर विश्व के कई देशों में आर्थिक गतिविधियों पर संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में तो श्री डॉनल्ड ट्रम्प के राष्टपति बनने के बाद से




नित नई घोषणाएं की जा रही है। कभी टैरिफ को बढ़ाया जा रहा है तो कभी टैरिफ को लागू करने की तारीखों में परिवर्तन किया जा रहा है तो कभी टैरिफ को कम किया जा रहा है। कुल मिलाकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। अभी हाल ही में अमेरिकी राष्टपति श्री ट्रम्प एवं अमेरिका के एक महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली मंत्री श्री एलान मस्क के बीच युद्ध छिड़ गया है एवं अब वे एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था का इन सब बातों से बहुत नुक्सान होता हुआ दिखाई दे रहा है। बेरोजगारी भत्ता लेने वाले नागरिकों की संख्या में वृद्धि हो रही है, अमेरिकी कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छंटनी पर विचार किया जा रहा है एवं आर्थिक विकास दर कम हो रही है। दूसरी ओर, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म होने के आसार अभी भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक तरह से इजराईल, हम्मास के बीच युद्ध अभी भी जारी ही है। चीन एवं अमेरिका के बीच में आई खटास भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। वैश्विक स्तर पर इन समस्त घटनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था नित नई ऊचाईयों को छूने की ओर अग्रसर है। भारत में नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रति कटिबद्ध हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों के उपक्रम एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियां देश के आर्थिक विकास को गति देने में अपने प्रयास लगातार तेज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 6 जून 2025 को द्विमासिक मुद्रा नीति की घोषणा करते हुए, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से, दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक, रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6 प्रतिशत की दर से नीचे लाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है। केलेंडर वर्ष 2025 में रेपो दर में यह लगातार तीसरी कटौती की गई है एवं कुल मिलाकर रेपो दर में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा चुकी है। फरवरी 2025 एवं अप्रेल 2025 घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से रेपो दर में दोनों बार 25 आधार बिंदुओं की कमी की गई थी। रेपो दर उस दर को कहते हैं, जिस दर पर भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों को आवश्यकता पड़ने पर ऋण उपलब्ध कराता है एवं विभिन्न बैंक रेपो दर को आधार दर बनाते हुए इस दर पर कुछ आधार बिंदु (जमाराशि की लागत एवं लाभ की राशि का समायोजन करते हुए) जोड़ते हुए, ब्याज की दर पर, अपने ग्राहकों को ऋणराशि उपलब्ध कराते हैं।

दूसरे, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात में सीधे ही 100 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 4 प्रतिशत की दर से घटाकर 3 प्रतिशत की दर पर ला दिया है। इससे, भारत में बैकों के पास 2.5 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से उपलब्ध हो जाएगी एवं सिस्टम में तरलता बढ़ जाएगी। नकद आरक्षित अनुपात उस अनुपात को कहते हैं, जिस पर विभिन्न बैंकों को अपने मांग एवं जमा देयताओं की राशि पर इस अनुपात की दर से नकदी राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा करानी होती है। अतः यह राशि इन बैंकों की पहुंच से बाहर हो जाती है एवं ऋण के रूप में इसे बैंक के ग्राहकों को उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। यदि नकद आरक्षित अनुपात को कम कर दिया जाता है तो बैंकों के पास यह राशि ऋण के रूप में प्रदान करने के लिए उपलब्ध हो जाती है।

# डिजिटल क्रांति की कथा सुनाने लगे गांव

**यह बदलाव अचानक नहीं आया है, यह उस संकल्प की परिणति है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में ‘लास्ट माइल कनेक्टिविटी’ के रूप में लिया था। बीते 11 वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों ने एक नई डिजिटल क्रांति को जन्म दिया, जो न केवल शहरों को, बल्कि गांवों, सीमाओं व जंगलों को भी जोड़ रही है। आज, जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, तो इस यात्रा में मजबूत दूरसंचार तंत्र व भरोसेमंद इंटरनेट कनेक्टिविटी एक सशक्त उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने सिर्फ तकनीकी विकास नहीं, बल्कि तकनीक के माध्यम से जन-सशक्तीकरण का नया अध्याय रचा है।**

(ज्योतिरादित्य सिंधिया)

भारत के दूरसंचार और इंटरनेट उपयोग में पिछले 11 वर्षों में आई क्रांति का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रति उपयोगकर्ता डाटा खपत 2014 में जहां 61 एमबी हुआ करती थी, आज 2025 में 21.5 जीबी हो चुकी है।

आज गलवान और सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों में तैनात हमारे सैनिक इंटरनेट की तेज स्पीड के साथ पूरी दुनिया से जुड़ रहे हैं। जो कभी बर्फीली खामोशियों में रहते थे, वे अब हाई-स्पीड इंटरनेट से संवाद कर रहे हैं। देश के पूर्वोत्तर का व्यापारी वैश्विक बाजार तक पहुंच रहा है, तो छत्तीसगढ़ के जंगलों में रहने वाले छात्र ऑनलाइन पढ़ाई से अपने सपनों को ऊंची उड़ान दे रहे हैं। यह सिर्फ कनेक्टिविटी नहीं, मनोबल बढ़ाने वाली क्रांति है।

यह बदलाव अचानक नहीं आया है, यह उस संकल्प की परिणति है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में ‘लास्ट माइल कनेक्टिविटी’ के रूप में लिया था। बीते 11 वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों ने एक नई डिजिटल क्रांति को जन्म दिया, जो न केवल शहरों को, बल्कि गांवों, सीमाओं व जंगलों को भी जोड़ रही है। आज, जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, तो इस यात्रा में मजबूत दूरसंचार तंत्र व भरोसेमंद इंटरनेट कनेक्टिविटी एक सशक्त उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने सिर्फ तकनीकी विकास नहीं, बल्कि तकनीक के माध्यम से जन-सशक्तीकरण का नया अध्याय रचा है।

भारत के दूरसंचार और इंटरनेट उपयोग में पिछले 11 वर्षों में आई क्रांति का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रति उपयोगकर्ता डाटा खपत 2014 में जहां 61 एमबी हुआ करती थी, आज 2025 में 21.5 जीबी हो चुकी है। मेगाबाइट से गीगाबाइट तक की यह वृद्धि ‘डिजिटल इंडिया’ की नींव बन रही है। मात्र 11 साल में ब्रॉडबैंड कनेक्शन में 1,449 फीसदी की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई, जिसकी संख्या आज 95 करोड़ है। मार्च 2014 से मार्च 2025 तक भारत में टेलीफोन कनेक्शन की संख्या 93.3 करोड़ से बढ़कर 120.167 करोड़ हो गई है, जिसमें मोबाइल उपयोगकर्ताओं की संख्या 115.786 करोड़ है। आज भारत, विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बन चुका है। यहां बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल देश में ही बनते हैं। एक समय था, जब एक जीबी डाटा के लिए उपभोक्ताओं को 268.97 रुपये चुकाने पड़ते थे, लेकिन आज वह मात्र 9.34 रुपये में उपलब्ध है, यानी 96 प्रतिशत की अभूतपूर्व गिरावट हमारे ‘सर्वव्यापी कनेक्टिविटी’ को शक्ति दे रही है।

ग्यारह साल पहले प्रधानमंत्री मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली, तब भारत के लाखों गांव इंटरनेट कनेक्टिविटी से अछूते थे। प्रधानमंत्री जानते थे कि यदि भारत को 21वीं सदी में वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभानी है, तो प्रत्येक गांव, पंचायत और कस्बे को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना होगा। इसी दृष्टि से ‘भारत नेट परियोजना’ शुरू की गई, जो विश्व की सबसे बड़ी ग्रामीण टेलीकॉम कनेक्टिविटी परियोजना है। इसके पहले चरण में 2.14 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ा जा चुका है, अगले चरण में और 2.64 लाख ग्राम पंचायतों को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य है। इन उपलब्धियों से भारत में एक विशाल डिजिटल हाईवे का निर्माण हुआ है, जिसके लाभ आज देश के हर कोने में महसूस किए जा रहे हैं। दूरसंचार का महत्व केवल फोन, टीवी या कंप्यूटर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवर्तन का एक सशक्त उपकरण बन चुका है। जन-धन, आधार और मोबाइल (जैम) ट्रिनिटी ने डिजिटल वित्तीय समावेशन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। आज इसी डिजिटल हाईवे के माध्यम से भारत वैश्विक डिजिटल पेमेंट्स में 46 प्रतिशत योगदान दे रहा है, जो देश की तकनीकी क्षमताओं और जन-सहभागिता का सशक्त प्रमाण है।

ट्रैफिक के बढ़ते दबाव के अनुरूप इस सरकार ने लगातार तकनीकी नवाचार करते हुए देश की इंटरनेट कनेक्टिविटी को आधुनिक व सक्षम बनाए रखा है। इस प्रयास के केंद्र में है हमारा स्वदेशी संचार नायक-बीएसएनएल। ‘आत्मनिर्भर भारत’ पहल के तहत सरकार द्वारा किए गए ठोस प्रयासों के फलस्वरूप यह एक बार फिर मजबूती से उभर रहा है। 17 वर्षों में पहली बार इसने लगातार दो वित्तीय तिमाही में शुद्ध लाभ दर्ज किया है। देश भर में 93,000 से अधिक 4जी टावर की स्थापना के साथ बीएसएनएल अपने उपयोगकर्ताओं को सुलभ और निर्बाध 4जी कनेक्टिविटी उपलब्ध करा रहा है, वह भी पूर्ण स्वदेशी तकनीक के माध्यम से।

बीएसएनएल ने महज 22 महीनों में देश का पहला पूर्ण स्वदेशी 4जी स्टैक विकसित किया, जिससे भारत उन पांच देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो यह तकनीकी आत्मनिर्भरता प्राप्त कर चुके हैं। जनता के इस भरोसे और समर्थन ने बीएसएनएल को यह ऐतिहासिक सफलता दिलाई है, जो ‘डिजिटल इंडिया’ के आत्मनिर्भर संचार तंत्र की एक बड़ी उपलब्धि है। इसी संचार क्रांति की अगली कड़ी में अब डाक विभाग भी तकनीक और सेवा के क्षेत्र में एक नई भूमिका निभा रहा है। एक समय था, जब डाक विभाग को केवल पत्र लाने-ले जाने तक सीमित माना जाता था, पर आज यह विभाग ग्रामीण भारत की जीवन-रेखा के रूप में उभर रहा है। 1.6 लाख से अधिक डाकघरों के व्यापक नेटवर्क के साथ इसे एक सशक्त लॉजिस्टिक्स और सेवा प्रदाता संगठन के रूप में बदला जा रहा है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं अब देश के कोने-कोने तक पहुंच चुकी हैं। यह बदलाव इतना व्यापक है कि अब ‘डाकिया डाक लाया’ की पारंपरिक छवि की जगह ‘डाकिया बैंक लाया’ की नई पहचान ने ले ली है। यह परिवर्तन सिर्फ सेवा का नहीं, बल्कि सशक्तीकरण का माध्यम बन गया है, जहां ग्रामीण भारत को अब शहरों की ओर देखने की जरूरत नहीं, बल्कि गांव अब डिजिटल भारत की गति को संबल दे रहे हैं। सरकार डाक विभाग को देश की आर्थिक आधारशिला का हिस्सा बनाते हुए इसे एक वित्तीय महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

ग्रामीण विकास के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का ही यह परिणाम है कि गांव में बैठे-बैठे आम जनता सुविधाजनक तरीके से न सिर्फ सरकारी सुविधाओं का लाभ ले पा रही है, बल्कि राष्ट्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए अब बड़े शहरों पर आश्रित नहीं होना पड़ता, क्योंकि उनके गांव में सुलभ मजबूत कनेक्टिविटी और ऑनलाइन कक्षाएं उनके लिए नित नए द्वार खोल रही हैं। व्यापारियों को अब बैंकों के चक्कर नहीं काटने पड़ते, क्योंकि इंटरनेट के माध्यम से सभी लेन-देन और हिसाब ऑनलाइन ही हो जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओल्ड एज होम में मनाया गया लालू यादव का जन्मदिन

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन हजारीबाग के ओल्ड एज होम में सादगी और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के युवा नेताओं ने वृद्धजनों के बीच नाश्ता पैकेट वितरित कर उनके साथ समय बिताया। इस आयोजन का नेतृत्व राजद युवा नेता रौशन यादव ने किया। उन्होंने लालू यादव की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि "हर वर्ष यह आयोजन सेवा भावना के साथ किया जाएगा, ताकि समाज को यह संदेश जाए कि बुजुर्गों का सम्मान ही सच्ची राजनीति है। मौके पर रौशन यादव के साथ आयुष झा, आशीष यादव, छोटी यादव सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता एवं ओल्ड एज होम के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मानवीय पहल की शहर में सराहना हो रही है।



### जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से जिले में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली एवं प्रगति की गहन समीक्षा की। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में प्राथमिकता के आधार पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। यदि किसी क्षेत्र में चापाकल या जलाशय खराब पड़े हैं तो उन्हें शीघ्र मरम्मत कर चालू किया जाए, ताकि आमजन को पेयजल की समस्या न हो। बैठक में प्लास्टिक सेग्रेगेसन सेंटर के संचालन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सेग्रेगेसन सेंटर को सक्रिय रूप से संचालित करने तथा प्लास्टिक अपशिष्ट के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जल एवं स्वच्छता से संबंधित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि जिलेवासियों को स्थायी लाभ मिल सके।



### एनएचएम नियुक्ति : 101 अभ्यर्थियों का किया गया अंतिम चयन

**5 अभ्यर्थियों के बीच उपायुक्त ने सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र का किया वितरण**

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पलामू जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत एनएचएम के तहत नियुक्ति प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात बुधवार को 101 अभ्यर्थियों को विभिन्न पदों के लिए चयनित कर लिया गया।चयनित सभी अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र के वितरण किया गया।इस दौरान उपायुक्त समीरा एस ने अपने कार्यालय कक्ष में कुल 5 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया जिसमें उन्होंने लैब टेक्नीशियन के पद के लिए चयनित बिंदा कुमारी,ऐएनएम पद पर चयनित रिष्मा कुमारी,जीएनएम पद पर चयनित सुमन कुमारी,काउंसलर पद के लिए चयनित लालमोहन कुमार एवं फार्मासिस्ट पद पर चरित्र संजीव कुमार पासवान को नियुक्ति पत्र सौंपा।विदित है कि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा विज्ञापन संख्या 1/25 के आलोक में पूरी नियुक्ति प्रक्रिया संपन्न हुआ है।यह नियुक्ति अनुबंध आधारित है जिसके लिये 11 मई को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसके आधार पर स्टाफ नर्स,एक्स रे टेक्नीशियन,लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट काउंसलर, डीपीपीएम व डीडीएम जैसे पदों पर नियुक्ति की गयी है। इस अवसर पर डीसी ने सभी चयनित उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल का क्षेत्र अपने आप में चैलेंजिंग एवं सीधे मानव सेवा से जुड़ा हुआ है।ऐसे में आप सभी के उपर बड़ी जिम्मेदारी है।

### अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह गिरिडीह जिला अधिवक्ता संघ भवन के समक्ष आज आठवें दिन भी आपनी पांच सूत्री मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि मैं आज आठवें दिन भी अपने पांच सूत्री मांगो को लेकर धरना पर बैठा हूँ और मैं तब तक बैठा रहूँगा जब तक मेरी पांच सूत्री मांगो को पूरा नहीं किया जाएगा चाहे मुझे इसके लिए एक वर्ष तक भी क्यों ना बैठना पड़े आज उनके समर्थन में पहली बार अधिवक्ता संघ के कार्यसमिति सदस्य भुनेश्वर महथा भी धरना पर बैठे उन्होंने कहा कि यह बड़े दुःख की बात है कि अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह प्रशासन द्वारा जान लेवा हमला किया गया। उनका मांग बस यही था कि गरीब किसानो को रजिस्टर का नकल दिया जाए उनकी इस जायज मांग पर सीओ, बीडीओ के विचोलियों, पुलिस एवं भू-माफिया के द्वारा उनपर लाठी बरसाया गया आगे उन्होंने कहा कि एक अधिवक्ता होने के नाते मैं इनके साथ धरना पर बैठूँगा क्योंकि एक अधिवक्ता जो सबको न्याय दिलवाते है वे स्वंय भी न्याय पाने को धरने पर बैठे हैं।



### तकनीकी प्रशिक्षण गतिविधियां पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी व बनाएगी वैज्ञानिक : डीआईजी

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू में 11 जून से 13 जून 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ बुधवार को पलामू एसपी कार्यालय के सभा कक्ष में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण गतिविधियां पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी व वैज्ञानिक बनाएगी। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि यह आयोजन जवानों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने व आपसी समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में संतोष सुधाकर, सहायक निरीक्षक, अंगलोक ब्यूरो, अपराध अनुसंधान विभाग, रांची, अजय भगत, सहायक निरीक्षक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला एफएसएल रांची, असीत मोदी, पुलिस निरीक्षक, आईटीएस विभाग, रांची, दिलीप कुमार महतो, सहायक अवर निरीक्षक, फोटो ब्यूरो, फोटोग्राफी और डॉग स्क्वॉड संचालन जैसे विषयों पर वास्तविक केस आधारित प्रशिक्षण दिया गया।

# वाहनों से अवैध वसूली होगी बंद: बैभव सिन्हा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद रेल मंडल के वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक मो. इकबाल से उनके कार्यालय में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिण द्वार (झरिया पुल से पुराना बाजार दुर्गा मंडप तक) तक की सड़क पर अनियमित पार्किंग व्यवस्था, अवैध वसूली और आधारभूत सुविधाओं की कमी को लेकर था। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा ने किया। उनके साथ अनिल यादव (प्रदेश अध्यक्ष), मुन्ना कुशवाहा (संस्थापक), शैलेश कुमार, राजेश सिंह, राजेश राम एवं मासूम खान भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के बीच बैठक अत्यंत सौहार्दपूर्ण रही। सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक ने प्रतिनिधिमंडल को पार्किंग क्षेत्र से संबंधित विस्तृत योजना की जानकारी भी साझा की। उन्होंने मौके पर ही संबंधित रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्किंग व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए,ई-रिक्शा के लिए ई-चार्जिंग स्टेशन की तत्काल स्थापना की जाए,पार्किंग शुल्क की वर्तमान दरों पर पुनर्विचार किया जाये,और सबसे महत्वपूर्ण, पिकअप और ड्रॉप के लिए आने वाले वाहनों या अधिकतम 5 मिनट तक रुकने वाले वाहनों से कोई पार्किंग शुल्क नहीं वसूला जाए, यह स्पष्ट रूप से नियमों के तहत सुनिश्चित किया गया।संघ द्वारा निम्न मांगें रखी गई थी। 1. स्पष्ट मार्किंग व सीमांकन- पार्किंग क्षेत्र को व्यवस्थित करने हेतु। 2. पार्किंग स्थल की मरम्मत- चालकों की सुरक्षा व सुविधा के लिए। 3. जबरन वसूली पर रोक - चालकों की शिकायतों के निवारण हेतु। 4. पार्किंग शुल्क में कटौती-निम्न आयवर्ग के चालकों को राहत देने हेतु।5. ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था -हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए।संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा ने बैठक को सकारात्मक बताया और कहा कि यदि रेलवे प्रशासन द्वारा इन निदेर्शों का पालन सख्ती से किया जाता है, तो क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधरेगी और ई-रिक्शा व अन्य सार्वजनिक परिवहन चालकों को काफी राहत मिलेगी।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत खूँटी जिला के चयनित ग्रामों में विशेष शिविर का आयोजन



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आदिवासी समुदायों को समग्र विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत वित्तीय वर्ष 2024-25 से की गई है, जो 2028-29 तक चरणबद्ध रूप से क्रियान्वित की जाएगी। उक्त विषय के संबंध में आज उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री आलोक शिकारी कच्छप द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी गई। आगे उन्होंने बताया कि इस महत्त्वाकांक्षी अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल क्षेत्रों में बुनियादी नागरिक सुविधाओं का संतृप्तिकरण करना है। इसमें सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, दूरसंचार, बिजली, आवास सहित आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान, जनधन खाता, बीमा योजनाएँ, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, रोजगार योजनाएँ (पीएम-विश्वकर्मा, मुद्रा ऋण), महिला एवं बाल कल्याण योजनाएँ (टीकाकरण), नया गैस कनेक्शन आदि शामिल हैं। खूँटी जिले में ऐसे 403 गाँवों को चयनित किया गया है। जहां 500 या 500 से अधिक की जन संख्या हो या जहां 50 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जनजाति की है। इन गाँवों को अभियान के अंतर्गत विकास की योजनाओं से पूर्ण रूप से आच्छादित किया जाएगा। दिनांक 14 मई 2025 को जिला स्तर पर एक कार्यशाला एवं समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें सभी विभागों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण के साथ योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में प्रखण्ड स्तर पर 19 से 24 मई 2025 के बीच कार्यशालाओं एवं समितियों की बैठकें सम्पन्न की गईं, जहाँ विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश प्राप्त हुआ। अभियान के अंतर्गत, चयनित ग्रामों/क्लस्टरों में योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे समुदायों तक पहुँचाया जाएगा। जिला प्रशासन, खूँटी द्वारा सभी चयनित ग्रामों के नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे इन विशेष शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएँ।

# एक और जमीन विवाद में आरोप प्रत्यारोप जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में आए दिन कोई ना कोई जमीन का मामला सुर्खियां बटोरता रहता है। चंद दिनों पहले तेतुलिया वन भूमि के मामले में ईडी और सीबीआइ की धमक राष्ट्रीय स्तर पर खबरों में रहीं। जमीन का अब एक नया विवाद सामने आया है, जिसमें कथित रैयत, खरीदार और डीपीएलआर तीन पक्ष शामिल हैं। मामला कोर्ट तक गया, लेकिन अभी भी अनसुलझा हैं। तीनों पक्ष का अपना लोगों ने कब्जा जमाया है। कोर्ट ने हारने के बाद उसी जमीन का पुरुलिया २ दस्तावेज तैयार कर पुनः उस जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया। दूसरी तरफ खबर है कि कुछ जमीन डीपीएलआर की भी है। जिसे सीओ के माध्यम से नापी कराई जा चुकी है, लेकिन कब्जा मुक्त नहीं कराया जा सजा है। जवाहर महता ने सारे आरोप को एक सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि अगर डीपीएलआर द्वारा 2 एकड़ जमीन का एनओसी



अपना दावा है। यह नया जमीन विवाद चास अंचल के खमारबेंदी मौजा के 91 नंबर थाना का है। खमारबेंदी के मृत्युंजय चौधरी ने कांग्रेसी नेता जवाहर महता और उनकी पत्नी जो मुखिया प्रधान भी है पर आरोप लगाया है कि उन्होंने गलत दस्तावेज के माध्यम से खाता 134 के प्लॉट 61 एवं 62 की लगभग 6 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया गया हैं। इस कार्य में जवाहर महता के साथ अन्य भी शामिल है, यहां तक कि बिल्डर 99 को भी गलत तरीके से जवाहर महता ने जमीन दिलवाया है। गौरतलब है कि मिलीभगत कर रजिस्टर 2 ने भी उलट फेर किया गया है। आरोप है कि सीएनटी की भी कुछ जमीन पर इन दिया जा चुका है। अगर उसकी और जमीन अगर निकलती ही तो वो नापी करा ले। दूसरी तरह जवाहर महता ने कहा मृत्युंजय चौधरी को कुछ भी नहीं पता है। अनर्गल आरोप लग रहे हैं। मैने जमीन उनके दादा जी से खरीदी है, इसमें मृत्युंजय चौधरी को बोलने का क्या हक है। दादा जी ने अपने हिस्से की जमीन बेची है। जवाहर महता ने आरोप लगाया कि बिल्डर 99 से उन लोगों ने 3 लाख रुपए लिया है। उस पैसे को पचाने के लिए बेवजह का आरोप लगा रहे हैं। बंगाल के पुरुलिया से फर्जी डीड के आरोप को उन्होंने बिल्कुल गलत बताया। कुल मिलकर मामला पेचीदा हैं। निष्पक्ष जांच से ही मामला सुलझ सकेगा।

## जिला समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा

**गोड्डा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई।उन्होंने संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे नियमित रूप से प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठकें आयोजित करें और योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर क्षेत्रीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करें। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों को सुगमतापूर्वक मिल सके। उपायुक्त के द्वारा जिले में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के तहत कार्यों की प्रगति और पीएम आवास से संबंधित लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग में विद्यालयों में पेयजल, शौचालय और विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं जर्जर भवनों की मरम्मती किए जाए। लाभुकों को आवास निर्माण से प्राप्त किस्त की राशि को बैंक से ली गई लोन में नहीं काटा जाए। वैसे आवास जो काफी समय से लंबित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए बैठक के दौरान पथ निर्माण , समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग,परिवहन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग, कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों की गहन समीक्षा करते हुए पेंडिंग पड़े योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप विकास आयुक्त श्रीमती स्मिता टोप्पो ,अपर समाहर्ता श्रीमती प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा श्री बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा श्री आलोक वरण केसरी, भू -अर्जन पदाधिकारी श्री रितेश जयसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता श्री श्रवण राम,सहित संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक

**उपायुक्त ने नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने व ड्रग इंस्पेक्टर को औचक रूप से मेडिकल स्टोर में छापेमारी करने का निर्देश**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड)की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी।बैठक में एनकोर्ड से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गयी।इस दौरान उपायुक्त ने नशे की गिरफ्त से बच्चों,किशोरों व युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की।उन्होंने डीइओ को यह सुनिश्चित करने को कहा कि शिक्षण संस्थाओं के समीप किसी भी तरह का नशीला पदार्थ का बिक्री न हो।उन्होंने संबंधितों को अपने-अपने क्षेत्रों में नशा पीड़ित व्यक्तियों का नियमित और प्रभावी फॉलोअप करने की बात कही।उन्होने कहा कि अगर पलामू को नशा मुक्त करना है तो सभी को नशा के प्रति जागरूक होना होगा तभी नशा मुक्त पलामू का निर्माण संभव है।उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित सिरप की बिक्री न हो,ड्रग इंस्पेक्टर एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी इसे सुनिश्चित करेंगे।

**एनकोर्ड की मॉनिटरिंग सीधे दिल्ली से,ऐसे में सभी संबंधित विभाग एक्शन टेकन रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें : एसपी**

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि पुलिस विभाग के तरफ से लगातार पोस्ता व अफीम की खेती को नष्ट किया जा रहा है एवं इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई भी की जा रही है।उन्होंने सभी सीओ को अपने थाना प्रभारी संग बेहतर समन्वय स्थापित करने व इस कार्य में गति प्रदान करने की बात कही।उन्होंने कहा कि एनकोर्ड की मॉनिटरिंग सीधे दिल्ली से होती है एवं पोर्टल पर प्रत्येक कार्रवाई की एंट्री करनी होती है।ऐसे में सभी संबंधित पदाधिकारी समय पर रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें।उन्होंने इस कार्य में विशेष रूप से ड्रग इंस्पेक्टर को ध्यान देने की बात कही। इसके अतिरिक्त बैठक में बैठक में नशीले पदार्थो की तस्करी,जिले में अफीम तथा गांजा व भांग की अवैध खेती,नशीले दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ जागरूकता को बढ़ावा देने, विशेष रूप से स्कूल एवं कॉलेजो में एनडीपीएस अधिनियम के अवैध प्रावधानों और नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन,प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रमों को लागू करना,दवा का पता लगाने और प्रस्तुत करने के लिए उपकरणों की आवश्कताओं का आकलन,जिले में नशा मुक्ति समेत अन्य बिन्दुओं पर संबंधित पदाधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया गया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी,सदर एसडीएम, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न,10 से 15 अक्टूबर तक हर हाल में बालू उठाव पर लगाएं रोक

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई।समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में डीसी ने डीएमओ से पिछली बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी ली,डीएमओ सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया।इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने में खनन विभाग स्तर से अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 78 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 34 लाख 8 हजार रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया वहीं कुल 7 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है।इसी तरह वन प्रमंडल पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन से जुड़े 2 वाद दायर किया गया है।वहीं जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 16 वाहनों को जब्त कर 10 लाख 31 हजार रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया है।इसके अलावे अलग-अलग अंचलों के द्वारा की गयी कार्रवाई में 80 वाहन जब्त किये गये है जिसमें सबसे अधिक हुसैनाबाद में 11 वाहन जब्त किये गये हैं।इसी क्रम में डीएमओ ने बताया कि विभिन्न अंचलो में अवैध बालू उठाव को रोकने को लेकर 17 स्थानों पर ट्रेंच कटिंग की कार्रवाई की गयी है।वहीं 24 चौकीदारों की नियुक्ति की गयी है। बैठक में डीसी ने एनजीटी के 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू नहीं उठाव करने वाले आदेश का जिले में पूर्णतया लागू करने की बात कही।उन्होंने इस कार्य में सीओ व थाना प्रभारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही। उपायुक्त ने वन विभाग,पुलिस और स्थानीय सीओ आपस में मिलकर अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए बेहतर समन्वय बनाने का निदेश दिया।उन्होंने कहा कि वन विभाग,सीओ और थाना प्रभारी को गहन निगरानी करनी होगी,ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को रोका जा सके।

# युवाओं की आवाज बनेंगे मिथिलेश ठाकुर : सन्नी शुक्ला

**हिंदी भाषा को जोड़ने को लेकर युवाओं ने पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर को सौंपा ज्ञापन**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पलामू प्रमंडल के युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों में हिंदी भाषा को स्थानीय भाषा के विकल्प के रूप में शामिल किए जाने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिला। पूर्व मंत्री से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे सन्नी शुक्ला व आशुतोष विनायक ने कहा कि पलामू प्रमंडल की कोई एक विशिष्ट स्थानीय भाषा नहीं है। इस क्षेत्र में मगही, भोजपुरी जैसी भाषाओं का प्रभाव तो देखा जाता है, लेकिन प्रशासनिक, शैक्षणिक व सार्वजनिक जीवन में हिंदी ही प्रमुख संवाद भाषा के रूप में प्रयुक्त होती है। सरकारी व निजी विद्यालयों में भी माध्यम भाषा हिंदी ही है। झारखंड सरकार द्वारा स्थानीय भाषा परीक्षा को अनिवार्य कर देने से इस क्षेत्र के युवाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं ने स्पष्ट किया कि चूंकि अधिकांश अभ्यर्थी हिंदी माध्यम से पढ़े हैं व अन्य योग्यताओं में पूर्णतः सक्षम हैं, फिर भी भाषा परीक्षा में असफल हो जाने के कारण वे नौकरियों से वंचित रह जाएंगे। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे इस न्यायसंगत मांग के समर्थन में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर उन्होंने पहले ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की नियुक्तियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिए जाने की मांग की थी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सरकार से आग्रह किया जाएगा कि नियुक्ति प्रक्रिया में हिंदी, मगही व भोजपुरी भाषाओं को भी विकल्प के रूप में शामिल किया जाए। इससे पलामू प्रमंडल के युवाओं को उनका अधिकार व अवसर मिल सके। युवाओं ने विश्वास जताया कि मिथिलेश ठाकुर जैसे जनप्रतिनिधि पलामू के युवाओं की सशक्त आवाज बनकर उभरेंगे। इस संघर्ष को सकारात्मक दिशा देंगे। प्रतिनिधंडल में अविनाश दुबे उर्फ टुनटुन, प्रियम सिंह, प्रवीण तिवारी, मयंक द्विवेदी, निशांत चतुवेर्दी, चंदन पासवान, बमबम सिंह उपस्थित थे।

## पलामू प्रमंडल पर कुडुख व नागपुरी भाषा थोपना बर्दाश्त से बाहर : झारखण्ड क्रांति मंच

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम व केन्द्रीय सदस्य कृष्णा बैठा ने कहा कि मंच झारखण्ड की सभी भाषाओं का सम्मान करता है। लेकिन शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली 2025 में पलामू, गढ़वा व लातेहार के शिक्षक आदि परीक्षा में अनिवार्य रुप से कुडुख व नागपुरी को थोपना सरासर अन्याय होगा। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जेकेएम नेताओं ने कहा है कि झारखण्ड के पांचों प्रमंडलों में स्थानीय तौर पर कहीं संथाली, हो, मुडा, करमाली, खोरठा, पंचपरगनिया, कुडुख, नागपुरी, मगही, भोजपुरी आदि भाषाएं बोली जाती हैं। सबको मालूम है कि पलामू, गढ़वा के साथ लातेहार के अधिकांश हिस्सों में स्थानीय भाषा के तौर पर मगही, भोजपुरी व हिन्दी बोली जाती है। ऐसे में हेमन्त सरकार शिक्षक आदि परीक्षाओं में पलामू व गढ़वा के अभ्यर्थियों के उपर स्थानीय भाषा के तौर पर कुडुख व नागपुरी भाषा थोप दिया है। यह जमीनी हकीकत से आंख मूंदते हुए भीषण अत्याचार व अन्याय साबित हो रहा है। जेकेएम नेताओं ने मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री से पूछा है कि कुडुख व नागपुरी भाषा को पलामू व गढ़वा के प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अलग राज्य बनने से लेकर आजतक जब कोई कार्य योजना पर काम नहीं हुआ तो फिर कुडुख व नागपुरी भाषा की परीक्षा लेने का तुगलकी फरमान क्यों जारी हुआ। अगर सरकार इस अव्यवहारिक व असंगत निर्णय को वापस लेकर इसके स्थान पर मगही, भोजपुरी व हिन्दी को शामिल नहीं करती है तो उग्र आन्दोलन किया जाएगा।



# पीएम कुसुम योजना को लेकर डीडीसी ने की बैठक, 810 योग्य लाभुकों की सूची अनुमोदित




**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पंप सेट वितरण और इंस्टॉलेशन के लिए लाभुकों के चयन समिति की बैठक आयोजित की गयी।इसमें जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा वर्ष 2024 और 2025 वर्ष के कुल 810 योग्य लाभुकों की सूची को अनुमोदित करते हुए ज्रेडा के निदेशक को भेजने का निर्णय लिया गया।विदित हो कि वर्ष 2024 अंतर्गत ज्रेडा निदेशक द्वारा प्राप्त कुल 524 ऑनलाइन आवेदनों में से जिला स्तर पर कुल 347 ऑनलाइन आवेदन को सही पाया गया।इसके बाद जांच हेतु सभी 347 आवेदनों को ब्लॉक भेजा गया जिसके पश्चात अभी तक 189 योग्य किसानों/लाभुकों के आवेदन को आज की बैठक में अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।इसी तरह वर्ष 2025 में कुल 725 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये जिसमें जिला स्तर पर 576 आवेदन को सही पाया गया इसके बाद जांच हेतु सभी 576 आवेदनों को ब्लॉक भेजा गया जिसके पश्चात अभी तक 285 आवेदनों को अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।इसी क्रम में वर्ष 2024-25 अंतर्गत वैसे लाभुक जो लाभुक अंशदान की राशि जांच के समय भुगतान किये,वैसे किसानों से कुल 2080 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये जिसमें जिला स्तर पर 1349 आवेदन वैध पाये गये।सभी आवेदनों को सत्यापन के लिये संबंधित ब्लॉक भेजा गया जिसके पश्चात अभी तक 336 आवेदनों का अनुमोदन किया गया।इसी तरह आज की बैठक में कुल 810 योग्य किसानों/लाभुकों के आवेदन को अनुमोदित किया गया।इस मौके पर विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता,कृषि एवं लघु सिंचाई विभाग के प्रतिनिधि,योजना विभाग के लिपिक राजेश आदि उपस्थित रहे।

CMYK

## अब 4 नहीं 24 घंटे पहले ही पता चल जाएगा टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा लेकर आ रहा है। अब ट्रेन के रवाना होने से 24 घंटे पहले ही यात्रियों को पता चल जाएगा कि उनका टिकट कंफर्म हुआ है या नहीं। इससे पहले यह जानकारी ट्रेन के डिपार्चर से सिर्फ 4 घंटे पहले ही मिल पाती थी, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कत होती थी।
फिलहाल ट्रेन का चार्ट उसके रवाना होने से चार घंटे पहले तैयार होता है। वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को तब पता चलता है कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं। रेलवे अब तैयारी कर रहा है कि जो काम 4 घंटे पहले होता था वह 24 घंटे पहले ही हो जाए। यानी 24 घंटे पहले ही चार्ट बन जाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस नए सिस्टम को लेकर रेलवे की ओर से ट्रायल भी शुरू किया गया है। बीते 6 जून से यह सिस्टम राजस्थान के बीकानेर डिवीजन में फाइनल ट्रन रूप से स्टार्ट



किया गया है जो अभी एक ट्रेन तक सीमित है। अब तक इसमें किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आई है। अगर यह सिस्टम सफल रहा, तो इसे जल्द ही पूरे देश में लागू किया जा सकता है। रेलवे का यह प्लान करोड़ों यात्रियों को बड़ी राहत दे सकता है। चार घंटे के बजाय 24 घंटे पहले चार्ट तैयार होने से उन्हें ट्रेन रवाना होने के आखिरी समय का इंतजार जो नहीं करना होगा और पहले ही टिकट का स्टेटस पता चल सकेगा। यात्रियों के पास टाइम होगा कि अगर टिकट कंफर्म नहीं हो पाया है तो वे किसी दूसरे ट्रांसपोर्टेशन के बारे में सोच लें।
आपको बता दें 21 मई को वेटिंग टिकट से जुड़ा एक और फैसला भी लिया गया था। इस नियम के बाद अब स्लीपर क्लास के टिकट को सिर्फ दो कैटेगरीज में ही अपग्रेड किया जाएगा। अब तक वेटिंग लिस्ट वाले यात्री का टिकट सीट उपलब्ध ना होने पर बुकिंग की गई कैटेगरी से ऊपर की कैटेगरी में अपग्रेड किया जाता था, लेकिन इस नियम में थोड़ा बदलाव हुआ है। नए नियम के मुताबिक स्लीपर क्लास के टिकट अब फर्स्ट एसी में अपग्रेड नहीं होंगे, भले ही यह बर्थ खाली ही क्यों ना रहे।

## भारत का कोयला आयात अप्रैल में 4.4% घटकर 2.495 करोड़ टन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का कोयला आयात अप्रैल में 4.4 प्रतिशत घटकर 2.495 करोड़ टन रह गया। अप्रैल 2024 में यह 2.610 करोड़ टन रहा था। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2025 के 2.279 करोड़ टन के मुकाबले अप्रैल में कोयले का आयात 9.48 प्रतिशत अधिक रहा। अप्रैल में कुल आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.590 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वर्ष अप्रैल में यह 1.740



करोड़ टन रहा था। कोकिंग कोयले का आयात 54.2 लाख टन रहा, जो अप्रैल 2024 में 49.7 लाख टन रहा था। देश का घरेलू कोयला उत्पादन अप्रैल में 3.6 प्रतिशत बढ़कर 8.157 करोड़ टन हो गया। अप्रैल 2024 में भारत का घरेलू कोयला उत्पादन 7.871 करोड़ टन रहा था। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा, '' अप्रैल 2025 के दौरान भारत में कुल कोयला उत्पादन 8.157 करोड़ टन (अस्थायी) तक पहुंच गया, जो अप्रैल 2024 के 7.871 करोड़ टन से अधिक है।

### 1 लाख 84 हजार 346 करोड़ के खजाने संग

# 300 वर्ष पहले समुद्र में डूबा था जहाज अब हुई मिलने की पुष्टि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैन जोस, नाम का एक स्पेनिश जहाज 1708 में ब्रिटिश रॉयल नेवी के साथ लड़ाई के दौरान समुद्र की गहराइयों में डूब गया था। माना जाता है कि इस जहाज के मलबे में लगभग 16 बिलियन पाउंड यानी भारतीय रुपयों में करीब 1,84,346 करोड़ रुपये का खजाना छिपा है। अब समुद्र की तलहटी में इसके मिलने की पुष्टि हो गई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।



सैन जोस, नाम का एक स्पेनिश जहाज 1708 में समुद्र की गहराइयों में डूब गया था। यह हादसा ब्रिटिश रॉयल नेवी के साथ लड़ाई के दौरान हुआ था। माना जाता है कि सैन जोस के मलबे में लगभग 16 बिलियन पाउंड यानी भारतीय रुपयों में करीब 1,84,346 करोड़ रुपये का खजाना छिपा है। साल 2015 में कोलंबिया के शोधकर्ताओं ने समुद्र की गहराइयों में खजाने से लदे इस जहाज को खोजने का दावा किया था। हालांकि, यह वही जहाज है इसकी पुष्टि अब जाकर हुई है। हालांकि, जब से इस जहाज का मलबा मिलने की खबरें सामने आई हैं, इस पर लदे खजाने के स्वामित्व को लेकर कानूनी लड़ाई भी शुरू हो गई है।

साल 1708 में स्पेनिश उत्तराधिकार के युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए इस जहाज पर सोना, चांदी और पन्ना पेरू से स्पेन ले जाया जा रहा था। शिक्षाविदों ने लीमा मिंट में 1707 में ढाले गए सिक्कों, चीनी मिट्टी के बर्तनों और 1665 के शिलालेखों वाली तोपों जैसी कलाकृतियों के आधार पर कार्टाजेना के तट से दूर बारू द्वीप के पास सैन जोस के मलबे की पुष्टि की थी। इस खोज के बाद कोलंबिया, स्पेन और पेरू की सरकारों, स्थानीय समुदायों, खनिकों के वंशजों और खजाना खोजने वाली कंपनी ग्लोका मोरा (जो अब सी सर्च आर्माडा के नाम से जानी जाती है) के बीच स्वामित्व को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है। सैन जोस जहां डूबा था उसे जहाजों के डूबने का पवित्र स्थान कहा जाने लगा था। यह जहाज 300 से अधिक वर्षों तक कैरिबियन के पानी में खोया रहा।

2015 में, पानी के नीचे के ड्रोन का उपयोग करने वाले एक अभियान ने समुद्र तल पर मिले मलबे की की तस्वीरों को कैप्चर किया था। अब विशेषज्ञों का मानना है कि यह रहस्य आखिरकार सुलझ गया है। मलबे की तस्वीरों में 1707 में लीमा टकसाल में ढाले गए चांदी के सिक्के, कांग्सी काल (1662-1722) से चीनी चीनी मिट्टी के बरतन और 1665 तक के निशानों के साथ खुदी हुई तोपें दिखी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ये खोजें केवल एक ही जहाज की ओर इशारा करती हैं वह है सैन जोस। मलबे के पहचान की पुष्टि के बाद कई पक्षों के बीच इसके स्वामित्व को लेकर छिड़ा विवाद एक बार फिर से सुलग गया है। हर खजाने पर अपने दावे को मजबूत बता रहा है।

## सात साल की मंदी के बाद एक महीने में 60 प्रतिशत का रिटर्न, अनिल अंबानी की कंपनी के शेयरों में आई तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के नामी बिजनेसमैन अनिल अंबानी की कंपनी के शेयरों में पिछले कुछ दिनों से जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही थी। रिलायंस पावर के साथ-साथ रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में भी उछाल का सिलसिला जारी है। आज भी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। अनिल धीरू भाई अंबानी ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों में उछाल की वजह एक खास डिफेंस डील है। दरअसल, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की सहायक कंपनी, रिलायंस डिफेंस और जर्मनी की डाइहल डिफेंस ने सेना के लिए वल्केनो 155 मिमी प्रिसिज़न गाइडेड म्यूनिशन सिस्टम की तुरंत आपूर्ति के लिए स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप की है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयरों ने पिछले एक महीने में 60 फीसदी तक रिटर्न दिया है। 9 मई से कंपनी के शेयरों में लगातार एकतरफा तेजी देखने को मिल रही है। इस अवधि में कई बार रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का शेयर 10 फीसदी से ज्यादा उछला है। आज इस स्टॉक ने 420 रुपये का हाई लगाया और 405 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है। रिलायंस इन्फ्रा के ट्रेड 2018 के स्तरों के ऊपर कारोबार करने लगे हैं। अक्टूबर 2018 में कंपनी के शेयर 380 रुपये पर थे और अब 7 साल की मंदी देखने को बाद 400 रुपये के ऊपर ट्रेड कर रहे हैं।



10 जून को रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर और डाइहल डिफेंस के बीच इस साझेदारी का एलान हुआ। खास बात है कि यह डील रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। दरअसल, रिलायंस डिफेंस और डाइहल डिफेंस मिलकर, जो वल्केनो 155 मिमी सिस्टम को डेवलप करेगी, वह कोई साधारण हथियार या गोला नहीं होगा बल्कि मॉर्डन लेजर तकनीक और जीपीएस बेस्ड टारगेट का यूज करके सटीक निशाना लगाने में सक्षम है।

**ये भी पढ़ें-**

सरकार ने लिया ऐसा फैसला, स्वदेशी शराब वाले स्टॉक 18त्न तक उछले, विदेशी लिकर से जुड़े शेयर बुरी तरह गिरे रिलायंस डिफेंस डाइहल डिफेंस के साथ इस सैन्य सामग्री को भारत में तैयार करेगा। इसका प्रोडक्शन महाराष्ट्र के रत्नागिरी के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित नई ग्रीनफील्ड में होगा।


# कॉरपोरेट बॉन्ड म्यूचुअल फंड में निवेश दो साल के रिकॉर्ड स्तर पर

### ,क्यों बना यह निवेशकों का पसंदीदा फंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले महीने कॉरपोरेट बॉन्ड म्यूचुअल फंड में निवेशकों ने रिकॉर्ड पैसा लगाया है। म्यूचुअल फंड की संस्था एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अनुसार मई 2025 में कॉरपोरेट बॉन्ड फंड में मार्च 2023 के बाद सबसे अधिक निवेश हुआ है। एम्फी के आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने कॉरपोरेट बॉन्ड फंड्स में 11,983 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह मार्च 2023 के बाद सबसे अधिक है। ये फंड मुख्य रूप से एए प्लस या उससे अधिक रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड में निवेश करते हैं। एम्फी के अनुसार कॉरपोरेट बॉन्ड फंड का एसेट अंडर मैनेजमेंटमई में 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया। जनवरी से अब तक इसमें 14.5 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है।

पिछले कुछ समय में भारतीय रिजर्व बैंक ने सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसका सबसे ताजा फैसला रेपो रेट 0.5 प्रतिशत बढ़ाने और कैश रिजर्व रेशियो 4 प्रतिशत से घटाकर 3त्न करने का है। इससे बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त लिक्विडिटी आई है। बैंक भी इस अतिरिक्त लिक्विडिटी को कॉरपोरेट बांड्स में लगा रहे हैं। खुदरा निवेशक भी एफडी की जगह अधिक रिटर्न के लिए कॉरपोरेट बांड का रुख कर रहे हैं।

कॉरपोरेट बॉन्ड फंड में भले ही रिकॉर्ड निवेश हुआ हो, पूरी डेट फंड कैटेगरी में कुल मिलाकर 15,908 करोड़ रुपए का आउटफ्लो हुआ है। लिक्विड फंड में सबसे ज्यादा 40,205 करोड़ रुपए का आउटफ्लो हुआ।




उसके बाद ओवरनाइट फंड से निवेशकों ने 8,120 करोड़ और फ्लोटर फंड से 254 करोड़ रुपये निकाले।

भारत के कॉरपोरेट बॉन्ड मार्केट में विदेशी निवेशकों की भी रुचि हाल में बढ़ी है। मई में कॉरपोरेट बॉन्ड में 20,996 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश हुआ जो एक दशक में सबसे अधिक है। इससे पहले जनवरी 2015 में इनमें 21,660 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था।

पिछले महीने के रिकॉर्ड निवेश में शापूरजी पैलोनजी की तरफ से 3.35 अरब डॉलर की फंड रेजिंग भी शामिल है। एक माह पहले अप्रैल 2025 में कॉरपोरेट बॉन्ड से निवेशकों ने 8,879 करोड रुपए निकाले थे। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कॉरपोरेट बॉन्ड में 12,382 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश हुआ जो एक साल पहले सिर्फ 4511 करोड़ था।

# रेयर अर्थ मेटल : जिनके दम पर चीन बना भारत की मुश्किलों की वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन ने छह प्रमुख रेयर अर्थ (दुर्लभ खनिज) मैग्नेट्स के निर्यात पर रोक लगा दी है, जिससे वैश्विक आपूर्ति शृंखला में हलचल मच गई है। चीन के इस कदम से भारत की ऑटो इंडस्ट्री भी संकट में आ गई है। चीन के इस फैसले से भारत की ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि इन खनिजों का उपयोग इलेक्ट्रिक मोटर्स, बैटरियों और अन्य हाई-टेक उपकरणों में होता है।



चीन ने अप्रैल 2025 में 35 रेयर अर्थ मिनरल्स की निर्यात मंजूरी को निलंबित कर दिया था। इसके तहत कंपनियों के नए एक्सपोर्ट लाइसेंस को मंजूरी नहीं दी गई। प्रभावित कंपनियों में कॉण्टिनेंटल और बॉश इंडिया जैसी ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनियां शामिल हैं, जो इन खनिजों को चीन से आयात करती हैं। हालांकि कंपनियों को फिर से आवेदन करने का विकल्प दिया गया है लेकिन प्रक्रिया की अनिश्चितता और देरी से इंडस्ट्री में तनाव बना हुआ है।

गाड़ियों के इलेक्ट्रिक कंपोनेंट्स में इस्तेमाल होने वाले 90 प्रतिशत से अधिक रेयर अर्थ मैग्नेट्स चीन में ही बनते हैं। इन मैग्नेट्स का उपयोग सिर्फ ऑटो सेक्टर तक सीमित नहीं, बल्कि डिफेंस सिस्टम, क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी, विंड टर्बाइन्स और स्मार्टफोन जैसे क्षेत्रों में भी होता है। ऐसे में चीन की ओर से सप्लाई रुकना, ग्लोबल तकनीकी सप्लाई चेन पर भी असर डाल सकता है।

रेयर अर्थ इंडस्ट्री में चीन का दबदबा पिछले दो दशकों में तेजी से बढ़ा है। एक समय पर अमेरिका जैसे देशों में भी बड़ी खदानें थीं लेकिन पर्यावरणीय और आर्थिक वजहों से इन्हें बंद करना पड़ा। मसलन, अमेरिका की कैलिफोर्निया स्थित माउंटेन पास माइन 2002 में बंद कर दी गई थी, जिससे चीन को वैश्विक लीडर बनने का अवसर मिला।

चीन ने इस क्षेत्र को रणनीतिक रूप से अहम सेक्टर माना और इसमें भारी निवेश किया, जिससे वह न सिर्फ इन खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक बल्कि वैश्विक रिफाइनिंग हब भी बन गया।

इस चुनौती से निपटने के लिए भारत ने भी रेयर अर्थ मिनरल्स के घरेलू भंडार को विकसित करने की दिशा में कदम उठाए हैं। खनन नीतियों और अधिनियमों में बदलाव कर इन खनिजों की खोज और निष्कर्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत वैकल्पिक स्रोतों और घरेलू उत्पादन को लेकर तेजी से काम कर रहा है।

# घर, ऑफिस और गाड़ियों में एसी के लिए नया नियम

### सरकार ने तय की सीमा


**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में ए.सी. (एयर कंडीशनर) के अत्यधिक इस्तेमाल और तेजी से बढ़ती बिजली खपत को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब घरों, दफ्तरों, दुकानों, मॉल्स, होटलों और गाड़ियों में लगे ए.सी. को 20 डिग्री सैल्सियस से नीचे और 28 डिग्री सैल्सियस से ऊपर सैट नहीं किया जा सकेगा।

मंत्री ने बताया कि यह पहल बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। उनका कहना है कि जैसे-जैसे देश में गर्मी बढ़ रही है, ए.सी. का अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग बिजली के बिल में इजाफा कर रहा है तथा पावर सिस्टम पर दबाव डाल रहा है। अब यह नियम सभी सैक्टरों में लागू होगा और एक समान तापमान सीमा के जरिए उपभोग को नियंत्रित किया जाएगा। जैसे-जैसे देशभर में तापमान बढ़ रहा है, एयर कंडीशनर (ए.सी.) का इस्तेमाल भी तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही बिजली की खपत में भी बढ़ौतरी हो रही है। सरकार का कहना है कि कई लोग ए.सी. को 16 डिग्री सैल्सियस तक सैट कर देते हैं, जिससे अत्यधिक ऊर्जा खर्च होती है और बिजली का बिल भी सामान्य से कहीं ज्यादा आता है। इसी स्थिति पर काबू पाने के लिए अब सरकार ने ए.सी. के तापमान को लेकर नई सख्त सीमा तय की है। इसके तहत अब कोई भी ए.सी. 20 डिग्री सैल्सियस से नीचे या 28 डिग्री सैल्सियस से ऊपर सैट नहीं किया जा सकेगा।



## गलत तरीके से बीमा बेचने पर बैंक होंगे निशाने पर, आरबीआई लेने वाला है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा बीमा जैसे उत्पादों की गलत बिक्री को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने




स्पष्ट संकेत दिया कि आरबीआई इस समस्या से निपटने के लिए सख्त दिशा-निर्देश तैयार करने पर विचार कर रहा है।

राव ने कहा, गलत बिक्री की वजह से विशेषकर निम्न आय वर्ग के परिवारों का भरोसा वित्तीय योजनाओं से उठ सकता है, खासकर तब जब उनके लिए उपयुक्त उत्पादों की अनदेखी की जाती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ऐसे हालात में वित्तीय समावेशन की कोशिशों को नुकसान हो सकता है।

आरबीआई पहले भी यह मुद्दा कई बार उठा चुका है कि बैंकों द्वारा ऐसे लोगों को जटिल और गैर-जरूरी उत्पाद बेचे जा रहे हैं जिन्हें उनकी जरूरत ही नहीं होती- जैसे कि बीमा या निवेश योजनाएं, जिन्हें अक्सर फिक्स्ड डिपॉजिट के नाम पर पेश किया जाता है। इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं वरिष्ठ नागरिक और वित्तीय जानकारी से वंचित ग्राहक।

राव ने वित्तीय समावेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में माइक्रो फाइनेंस क्षेत्र को भी कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अभी भी अत्यधिक ब्याज दरें वसूली जा रही हैं, जो ग्राहकों के लिए बोझ बन रही हैं। उन्होंने आगाह किया कि माइक्रो फाइनेंस संस्थानों को सिर्फ मुनाफे के नजरिए से नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और विकासशील दृष्टिकोण से काम करना चाहिए।

हालांकि उन्होंने यह भी माना कि दूरदराज इलाकों में लागत और जोखिम अधिक होते हैं लेकिन फिर भी कई संस्थाएं सस्ते फंड के विकल्प होते हुए भी ज्यादा ब्याज वसूल रही हैं जो अनुचित और शोषणकारी है।

# भारत का तेजी से मजबूत हो रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार बताया कि देश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आई क्रांति को 11 साल हो गए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का तेजी से विस्तारित हो रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन को आसान' बना रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार बताया कि देश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आई क्रांति को 11 साल हो गए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का तेजी से विस्तारित हो रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन को आसान' बना रहा है और समृद्धि को बढ़ावा दे रहा है।

मोदी ने एक्स पर कहा, इन्फ्रा-क्रांति के 11 साल हो गए हैं, जिसमें उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे को जोड़ा गया है, जिससे भारत की विकास दर में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों तक, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से विस्तारित हो रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक सूत्र साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया।

इस बीच, माय गोव इंडिया पर पर पोस्ट में लिखा गया है, स्मार्ट शहर। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन - त्तन्यूइंडिया का बुनियादी ढांचा वादा। प्रधानमंत्री ञ्चनरेंद्रमोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

पोस्ट में कहा गया है, यह एक ऐसी यात्रा है जिसमें दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मा का संगम होता है, और प्रत्येक मील का पत्थर एक अरब लोगों की उम्मीदों को लेकर चलता है। हाईवे दूरियों को कम करते हैं, पुल समुदायों को एकजुट करते हैं, और डिजिटल नेटवर्क नवाचार को बढ़ावा देते हैं। ये सभी भारत के बुनियादी ढांचे से कहीं अधिक का निर्माण कर रहा है। यह आत्मविश्वास, कनेक्टिविटी और हर भारतीय के सपने के लिए एक सुंदर कैनवास का निर्माण कर रहा है।

इस सूत्र ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह गतिशील परिवर्तन केवल प्रगति के बारे में नहीं है- यह प्रत्येक नागरिक के उत्थान और भारत के भविष्य को बदलने के वादे के बारे में है। एक अन्य पोस्ट में मोदी ने कहा, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 11-06-2025 21:43 Page 1



# तत्काल टिकटों की बुकिंग के नियमों में होगा बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** रेलवे ने तत्काल टिकटों की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। जुलाई से तत्काल टिकट की बुकिंग के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य होगा। इसके साथ ही 15 जुलाई से ऑनलाइन व आरक्षण काउंटर से तत्काल बुकिंग के लिए ओटीपी सत्यापन भी जरूरी होगा।

तत्काल आवेदन फॉर्म में यात्री की ओर से दिए गए मोबाइल पर रेलवे के सिस्टम से ओटीपी भेजा जाएगा। ओटीपी के पर ही तत्काल टिकट बुक होंगे।

आम यात्रियों तक तत्काल सेवा की पहुंच को रेलवे ने नियमों में बदलाव किया गया है। संबंधित आदेश पत्र सेंटर फार रेलवे इंफार्मेशन सिस्टम के प्रबंध निदेशक, आईआरसीटीसी के प्रबंध निदेशक तथा सभी जोन के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक को भेज दिया गया है।

एक जुलाई से आईआरसीटीसी वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाइन तत्काल टिकटों की बुकिंग केवल आधार से प्रमाणित यूजर्स ही कर सकेंगे।

15 जुलाई से आईआरसीटीसी वेबसाइट और ऐप पर

## ओटीपी सत्यापन होगा अनिवार्य

तत्काल बुकिंग के लिए आधार आधारित ओटीपी अनिवार्य होगा।

15 जुलाई से रेलवे के आरक्षण काउंटर पीआरएस से तत्काल टिकटों की बुकिंग के लिए भी ओपीटी अनिवार्य होगा। तत्काल बुकिंग केवल रेलवे के सिस्टम से जेनरेटेड ओटीपी के प्रमाणीकरण के बाद ही किया जा सकेगा। ओटीपी आवेदन फॉर्म में दिए गए यात्री के मोबाइल नंबर भेजा जाएगा।

15 जुलाई से अधिकृत एजेंट से टिकट बुक कराने पर भी मोबाइल आधारित ओटीपी अनिवार्य होगा। अधिकृत एजेंट के लिए भी तत्काल टिकट की बुकिंग के नियमों में बदलाव किया गया है। रेलवे के अधिकृत एजेंट तत्काल बुकिंग शुरू होने के 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं करा सकेंगे। एसी की सभी श्रेणियों के लिए सुबह 10:00 से 10:30 तक तथा नान एसी श्रेणी के लिए सुबह 11:00 से 11:30 तक अधिकृत एजेंट को तत्काल बुकिंग की अनुमति नहीं मिलेगी।

# एलआरडीसी पहुंचे अंचल कार्यालय, किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** एलआरडीसी और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने बुधवार को किया। डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर उन्होंने दोनों कार्यालयों में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से बात की। डीसी को यह सूचना मिली थी कि इन दोनों कार्यालयों में बिचौलियों के द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है।

अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने बताया कि पहले अनुमंडल परिसर स्थित एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर के कार्यालय में पहुंची । हालांकि जिस समय वह पहुंची उस वक्त एलआरडीसी अपने कार्यालय नहीं पहुंची थी। उनकी अनुपस्थिति में ही उपसमाहर्ता ने कार्यालय के कर्मचारियों से पूरी रिपोर्ट ली। इस दौरान ना तो वहां कोई बिचौलिया मिला और ना ही कोई ऐसी स्थिति बनती हुई दिखाई दी। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि मामलों और फाइल के निष्पादन में भी ज्यादा विलंब नहीं हुआ है, जिससे बिचौलिए वाली बात पर विश्वास किया जा सके।

इस दौरान अपर समाहर्ता अंचल अधिकारी रामगढ़ के कार्यालय में भी पहुंची। वहां सीईओ की मौजूदगी में उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान समय पर मामलों का निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान वहां भी ना तो कोई बिचौलिया मिला और ना ही आम नागरिकों के अलावा कोई मौजूद था। एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बताया कि उनके कार्यालय में बिचौलियों से काम नहीं लिया जाता है। इतने दिनों के कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ आम नागरिकों का ही काम किया है। वाद का निष्पादन कि शीघ्र ही कर दिया जाता है। कार्यालय में बिचोलिए से काम कराने का अफवाह कैसे फैला, इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# 6,405 करोड़ की लागत से कोडरमा-बरकाकाना रेलखंड का होगा दोहरीकरण

## 133 किलोमीटर तक बिछेगी पटरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद रामगढ़ वासियों को बड़ी सौगात दी है। कोडरमा-बरकाकाना रेलखंड को दोहरीकरण करने का फैसला किया गया है। 133 किलोमीटर तक पटरी बिछाई जाएगी। रांची पटना के बीच सबसे छोटा रेलखंड यही है।

इसके बाद झारखंड से पटना जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी। सबसे ज्यादा लाभ इसका रामगढ़ वासियों को मिलेगा। इसके अलावा हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिले के निवासी भी इससे बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे।

कैबिनेट ने झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को शामिल करते हुए भारतीय रेल की दो मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। जिससे विद्यमान नेटवर्क में करीब 318 किलोमीटर की वृद्धि होगी। रेल मंत्रालय का दावा है कि इस पहल के बाद यात्रा सुविधा में विस्तार होगा, लॉजिस्टिक लागत घटेगी, तेल आयात में कमी और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में गिरावट होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है।

कोडरमा-बरकाकाना दोहरीकरण (133 किलोमिटर) परियोजना खंड झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरता है। इसके अतिरिक्त, यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक कुशल रेल संपर्क है। बेल्लारी-चिकजाजुर दोहरीकरण (185 किलोमीटर) परियोजना लाइन कर्नाटक के बेल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरती है।

कोयला, लौह अयस्क, परिष्कृत इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए ये आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 49 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) का अतिरिक्त माल यातायात होगा। रेलवे पर्यावरण का अनुकूल और ऊर्जा सक्षम साधन है। जिससे जलवायु लक्ष्यों को अर्जित करने और देश की लॉजिस्टिक्स लागत को घटाने, तेल आयात (52 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन (264 करोड़ किलोग्राम), जो 11 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है, को कम करने में मदद मिलेगी।

# भंडारे के साथ 24 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्री शिव शंकर समिति के तत्वाधान में श्री संकट मोचन मंदिर का जीर्णोद्धार के उपरांत 24 घंटे का अखंड कीर्तन बुधवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। समापन से पूर्व पुजारी धर्मेंद्र पाठक ने यजमान के हाथों समस्त पूजन कार्य संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक राम बाबू, विशाल सिंह, अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, पिंकू चौधरी, विनोद अग्रवाल, मुरारी लाल पोद्दार, संदीप यादव, पवन मिश्रा, हिर्दय शर्मा, अमित अग्रवाल, अलोक कुमार, अमित राम, विजय राम, श्याम राम, अमर राम, अविनाश राम, मोहन राम, सतीश तिवारी, दिनेश कुमार, कोषाध्यक्ष अमित पाठक, आशीष गुप्ता सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

# जर्मन एंबेसी के सदस्य पहुंचे रामगढ़

## मनरेगा से किए गए बागवानी का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में मनरेगा से हुए कार्यों की गूंज विदेश तक पहुंच चुकी है। बुधवार को मांडू प्रखंड के बड़गांव पंचायत अंतर्गत भुईयाडीह गांव में मनरेगा से हुए बागवानी के कार्य का जायजा लेने जर्मन एंबेसी की पूरी टीम पहुंची। जीआईजेड और सपोर्ट संस्था में जर्मन एंबेसी के फ्लिप आक्रमण यूरोपियन यूनियन से थॉमस एम, यूबी जेहलश हेड ऑफ डेवलेपमेंट जर्मन एंबेसी , जुली रिवर कंट्री डायरेक्टर के द्वारा मनरेगा से लगे आम बागवानी का विजिट किया गया।

इस मौके पर पूरी टीम का स्वागत पारंपरिक नृत्य और जीत के साथ किया गया। उसके बाद आम बागवानी में विजिट किया गया। जिसमें नवदानिया मॉडल पोषण वाटिका, टमाटर, परवल, मिर्ची, काला हल्दी , आम्रपाली आम, अमरूद, ताइवान पिंक अमरूद, रेड लेडी पपीता, सोलर, नाडेप खाद, जलकुंड में भी विजिट किया गया। इस दौरान टीम के लोगों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। साथ ही मैप चार्ट के माध्यम से उन्हें पूरे क्षेत्र के बारे में बताया गया।

इस मौके पर संस्था द्वारा अंतर फसल का कार्य भी गांव में शुरू किया गया है इस मौके पर - कंट्री हेड थॉमस एम, कंट्री डायरेक्टर जुली रिवर , यूबी जेहलेश, रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, मांडू बीडीओ ,मांडू सीओ, मांडू बीपीओ, सपोर्ट संस्था से रविन्द्र सिंह, अभिषेक शंकर, श्वेता बारा, कुलदीप कुमार, मनोज



कुमार, उदय कुमार, गीता देवी, प्रेमलता देवी, न्यूनता देवी,रविन्द्र लकड़ा, भुइयाडीह से ग्रामीण सुनीता कुजूर, जोस्पिन लकड़ा, फुलकुरिया कुजूर, पूनम लकड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मनाया गया लालू प्रसाद का जन्म दिन

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज गिरिडीह जिला राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यों एवं नेताओं ने सामाजिक न्याय के महान शख्शियत जननायक हिंदुस्तान के पूर्व कैबिनेट मंत्री सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव के जन्म दिन पर जिलों में शान से गरीब गुरबों दलित एवं अभिवंचित वर्ग के लोगों के बीच सहायता प्रदान करते हुए फल, मिठाई आदि वितरण कर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने लालू प्रसाद के लंबी उम्र की कामना की। इसी परिप्रेक्ष्य में आज गिरिडीह जिला में भी युवा राजद के नेतृत्व में युवा राजद जिला अध्यक्ष इरफान आलम, राजद प्रदेश महासचिव गिरेंद्र यादव राजद जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन नगर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इसराइल अंसारी जिला महासचिव , शाहबाज अहमद, अध्यक्ष बिट्टू शुक्ला, प्रदेश सचिव इनामुल हक प्रभाकर कुमार आजाद अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने वृद्धाश्रम गिरिडीह में विकलांगों, मूक वधिर, उपेक्षित महिलाओं एवं गरीब बच्चों को भोजन कराया।

# पार्टी विस्तार को ले माले का कार्यशाला

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भाकपा माले के विस्तारीकरण को लेकर प्रखण्ड कमिटी की बैठक गिरिडीह प्रखण्ड के पुरनानगर पंचायत के टिकोडीह गाँव में हुई। बैठक में पार्टी के सिद्धांत और कार्य को बताया गया। गिरिडीह को लाल झंडा में बदलना लक्ष्य लुटेरी ताकतों से लड़ने और टकराने के भाकपा माले है। किसान नेता माले नेता पूरण महतो और माले नेता शंकर पांडेय कहा कि गिरिडीह में और गांडेय में लाल झंडा को ही चाहने वाले है। इसी सिलसिले में माले ने अपना कार्य आरंभ कर दिया है। उन्होंने बताया कि राजेश सिन्हा, मेहताब अली मिर्जा आखिरकार सभी बाधाओं को पार करते हुए भाकपा माले ने गिरिडीह में सिक्का जमा लिया जिससे विरोधियों को बैकफुट पर धकेलने का काम हुआ है। कार्यक्रम में कॉमरेड शंकर पाण्डेय के साथ कॉमरेड पुरन महतो, जिला कमीटी सदस्य कॉमरेड राजेश सिन्हा, कॉमरेड कन्हाय पाण्डेय, कॉमरेड महताब




अली मिर्जा, मदन साव, कमल किशोर साव, प्रखण्ड कमीटी के सचिव कॉमरेड मधूसूदन कोल्ह के साथ सनातन साहु , पवन यादव, कारु राय, प्रसादी राय, सुखदेव साव, पंचानन्द साव, राजन तुरी, कोलेश्वर कोल्ह, लखन कोल्ह, पप्पू दास, चंदन टुडू, किशुन कोल्ह, बालेश्वर हासदा, किशोर राय, गुलाब कोल्ह, भीम कोल्ह, मोहन कोल्ह, डीलचंद कोल्ह, पुरन साव, राज कुमार राय, धरम ठाकुर, धूमा टुडू, शंकर राय, लोचन साव, गणेश साव, जय किशोर साव, सहदेव तुरी, सकलदेव कोल्ह, रामचंद्र साव, सुनील ठाकुर, लूटन दास, कौशल साव, धनेश्वर कोल्ह, शक्ति साव, मनोज कोल्ह, टिन्कु साव,नौशाद आलम रेहान अंसारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का चौपारण में भव्य स्वागत

## कांग्रेस को मजबूत करने का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण, हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड में मंगलवार को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू का जोरदार स्वागत किया गया। वे बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के आवास पहुंचे, जहां ढोल-नगाड़ों, नारों और भारी भीड़ के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, ₹अबकी बार एक और पारी खेलेंगे, उमाशंकर अकेला जी को विधायक बनाकर ही दम लेंगे।₹ उन्होंने कांग्रेस संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया और भरोसा जताया कि राज्य सरकार चौपारण क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

वहीं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने अपने संबोधन में कहा कि बीते चुनाव में उमाशंकर अकेला को कांग्रेस का टिकट नहीं मिलने से आसपास की कई विधानसभा सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूती देने की अपील की।

स्वागत समारोह के बाद रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर मंटू यादव, समाजसेवी मनोज सिंह, अभिमन्यु भगत, लव सिंह, उमेश सिंह, अज्जु सिंह, मिशन सिंह, संजय सिंह, कोठरी



सिंह, शेखर सिंह, सोनू दास, बहादुर राणा, अमलेश यादव, विशुनधारी महतो, बालकिसुन यादव, सुखदेव यादव, यदुनंदन यादव, नीरज सिंह, टुनु वर्णवाल, रमेश सहाय, डिंपू जैन, संजय यादव, नवीन यादव, अजय यादव, प्रमोद यादव, विवेक सिंह, सुजीत यादव, नकुल यादव, विकास यादव, घनश्याम राणा, राकेश यादव, मो. अताउल्लाह, संजीत सिंह, जाबिर अली, मो. अहमद, डब्लू अंसारी, संतोष रजक, मो. गुलबहार, राजेश यादव, पप्पू यादव, पंकज कुमार, दिनेश यादव, पंकज सोनी, प्रवेज आलम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक शामिल थे। इस मौके पर चौपारण में कांग्रेस के प्रति उत्साह और एकता का माहौल देखने को मिला, जिससे आगामी राजनीतिक समीकरणों में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

# चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर में चोरी की बाइक लेकर एक अपराधी घूम रहा था। पुलिस ने उस संदिग्ध अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि उस अपराधी को बुधवार को जेल भेजा गया है। मंगलवार की रात दामोदर नदी पुल के पास एक युवक संदिग्ध हरकतें कर रहा था।

जब पुलिस जांच करने वहां पहुंची तो उसके पास एक बाइक भी मिला। जब पुलिस ने तहकीकात की तो पता चला कि उस बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट जेएच 02 एम 7657 लगाकर उसका इस्तेमाल किया जा रहा था। उस युवक की पहचान बोकारो जिले के महुआटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमराबेड़ा गांव निवासी जमील अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ कांड संख्या 153/25 दर्ज किया है।

# कव्वाली संध्या में उमड़े लोग

**बरही, हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा दरगाह मोहल्ला मंगलवार की रात सूफियाना रंग में सराबोर हो उठा, जब हजरत सैयदना महमूद शाह गजनी उर्स के अवसर पर 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भव्य कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उमड़ी अपार भीड़ ने इसे एक ऐतिहासिक संध्या में बदल दिया। आयोजन का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना रहा, जिसे कव्वालों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बखूबी साकार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव, आजसू नेता संजय मेहता, महिला नेत्री पूनम यादव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो. कयूम एवं उर्स कमिटी के अध्यक्ष भगवान केशरी, सचिव रिजवान अली समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इन अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को एक अलग ही ऊंचाई प्रदान की।

कार्यक्रम में कव्वालियों, गजलों और राष्ट्रीय एकता पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उनके अंदाज ने समां बांध दिया और पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और वाह-वाह के नारों से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि डॉ. इरफान अंसारी ने मंच से कहा कि कव्वाली सिर्फ एक कला नहीं बल्कि इंसानियत, मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देने का प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि सूफी परंपराएं और दरगाहें समाज को जोड़ने का काम करती हैं। बरही की यह पहल पूरे झारखंड



के लिए मिसाल बन सकती है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में उर्स कमिटी के अध्यक्ष भगवान केशरी, सचिव रिजवान अली, महासचिव मो. इमरान, महाअध्यक्ष मोहम्मद ताबिश, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सगीर, उपसचिव मोहम्मद महताब उर्फ डब्लू, उपाध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ, युवा संरक्षक मोहम्मद आसिफ और रितेश गुप्ता की भूमिका सराहनीय रही। मीडिया प्रभारी शोएब अख्तर समेत करीम उद्दीन अंसारी, मोहम्मद सलीम, मनोज साव, मोहम्मद हसन, मोहम्मद इस्तियाक उर्फ राजा, मोहम्मद इरशाद उर्फ लखन, महबूब अंसारी, जमील अनवर, इश्तियाक अंसारी और मो. नौशाद जैसे समर्पित सदस्यों ने भी कार्यक्रम की सफलता में अहम योगदान दिया।

इतने बड़े आयोजन को देखते हुए स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। मौके पर एसडीओ जोहान टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, थाना प्रभारी आभाष कुमार, एसआई सुशील कुमार तथा कई अन्य पुलिसकर्मी तैनात रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कव्वाली संध्या ने बरही की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा दी और इंसानियत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

# सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफइनल कल

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सलूजा गोल्ड स्कूल में चल रहे सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का चौथा दिन भी काफी रोमांचक रहा। लीग मैचों की श्रृंखला में आज सिर्फ दो मैच ही हुए। पहला मैच डी पी एस वाराणसी और नोबेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच खेला गया जिसमे एक बार फिर दोनों टीमों में कड़ी टक्कर देखने को मिली। लम्बे समय तक कोई भी टीम एक गोल नहीं कर पायी। फिर शेष 15 मिनट में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते हुए सिर्फ एक गोल कर पायी और ये मैच ड्रा हो गया। दूसरा मैच सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल और सनबीम सन सिटी के बीच खेला गया जिसमे सनबीम सन सिटी ने दो गोल दागे वही सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल सिर्फ एक ही गोल कर पायी और इस तरह यह मैच 2 -1 के अंतराल से सनबीम सन सिटी ने यह मैच अपने नाम कर ली। पिछले चार दिनों के स्कोर पर



नजर डाले तो सनबीम स्कूल सन सिटी वाराणसी , नोबेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल , डी पी एस वाराणसी और विष्णु भगवन पब्लिक स्कूल ने अपने कुशल नेतृत्व और रक्षा प्रणाली के आधार पर विरोधी टीम भारी शिकस्त दी हैं। और इस तरह से इन टीमों ने जीत का बिगुल बजाते हुए सेमीफइनल में प्रवेश कर लिया हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सुब्रतो कप एक प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट है जो हर साल नई दिल्ली, भारत में आयोजित किया जाता है। यह भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित किया जाता है और इसका नाम एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी के नाम पर रखा गया है।

# बिजली संकट के कारण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड के ग्रामीण इन दिनों भीषण गर्मी और बदहाल बिजली व्यवस्था के दोहरे संकट से जूझ रहे हैं। जिस बड़कागांव के कोयले से देशभर के शहर और उद्योग रौशन हो रहे हैं, वही इलाका आज अंधेरे में डूबा है। यहां के लोगों को दिन-रात चिलचिलाती गर्मी में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का जीवन बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नारकीय बन गया है।

बड़कागांव प्रखंड की करीब 20 पंचायतों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीणों को रोजाना महज 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है और वो भी टुकड़ों-टुकड़ों में, 10-15 मिनट के अंतराल पर। इतना ही नहीं, वोल्टेज इतना कम रहता है कि केवल मोबाइल चार्ज हो पाता है, पंखा सिर्फ घूमता भर है लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिलती।

बिजली नहीं रहने का सबसे बुरा असर पानी की आपूर्ति पर पड़ा है। राज्य सरकार द्वारा संचालित 'नल-जल योजना' पूरी तरह फेल हो चुकी है। अधिकांश जलमीनार या तो खराब पड़े हैं या बिजली के अभाव में चालू नहीं हो पा रहे हैं। स्थिति यह है कि कई परिवारों को एक घंटे में सिर्फ 5 लीटर पानी भी नसीब नहीं हो रहा। ग्रामीणों को पीने, नहाने और खाना बनाने के लिए नदी-नालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण और जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

गांव के किसान खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसलें सूखने लगी हैं। गर्मी में जानवरों की भी हालत खराब है। गांव की महिलाएं और बच्चे पानी के लिए घंटों लाइन में खड़े रहते हैं या दूर-दराज के इलाकों से पानी ढोकर लाने को मजबूर हैं। कई ग्रामीण तो दिन में कई बार नदी तक जाते हैं, जहां उन्हें सांप-बिच्छू और जंगली जानवरों का डर सताता रहता है।

इस संकट की वजह जानने पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बड़कागांव, हरली, टंडवा और केरेडारी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए कुल 420 एम्पियर की आवश्यकता है, लेकिन डीवीसी द्वारा सिर्फ 150 एम्पियर बिजली दी जा रही है। इस कारण पर्याप्त बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है और ग्रामीणों को भीषण संकट झेलना पड़ रहा है।

इस स्थिति से त्रस्त ग्रामीणों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि कोल कंपनियों ने स्थानीय लोगों को झूठे वादों के जाल में फंसाकर मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर दिया है। जिन कंपनियों ने वादा किया था कि गांव का विकास होगा, शिक्षा, बिजली, पानी और रोजगार मिलेगा—वे आज करोड़ों-अरबों कमा रही हैं, लेकिन ग्रामीण आज भी वहीं के वहीं हैं।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि केवल कागजी कार्रवाई कर रहे हैं। वे कोल कंपनियों के हित में रिपोर्ट बनाकर राज्य और केंद्र सरकार को भेज देते हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई जानने कभी गांवों में नहीं आते। कभी किसी अधिकारी ने यह जांचने की कोशिश नहीं की कि क्या कंपनियों ने अपने वादे पूरे किए या नहीं।स्थानीय लोगों का कहना है कि आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

# सदर अस्पताल में दवा की किल्लत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** कोर्ट मोड़ स्थित सदर अस्पताल में लाख कोशिश के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। पिछले 4 महीने से अस्पताल की दवाखाना में कई जरूरी दवाई नहीं है।मरीज को डॉक्टर बाहर की दवा लिख रहे हैं। जबकि अस्पताल पर 45 लाख रुपए खर्च करके रंग रोगन किया जा रहा है। रंगाई पुताई पर ही लाखों रुपए स्वास्थ्य विभाग खर्च कर रहा है। लेकिन मरीजों के लिए आवश्यक दवा की आपूर्ति नहीं हो रही है।

ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी यहां आने वाले गरीब मरीजों को हो रही है। दूसरी ओर अस्पताल में हर दिन लिंक फेल होने की वजह से लोगों की पर्ची काटने में परेशानी हो रही है। मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। यहां पर पंखे की व्यवस्था नहीं है। भारी उमस में मरीजों को रहना पड़ रहा है।

सदर अस्पताल प्रबंधन मरीजों के इलाज की जगह रंगाई पुताई और परदे पर पैसे खर्च कर रहा है। पूरे अस्पताल परिसर में नए पर्दे लगाए जा रहे हैं। फर्श पर भी अलग से रंगाई की जा रही है। लेकिन दवा और उपकरण अस्पताल में नहीं है। अस्पताल में लगभग 10 लाख रुपए खर्च करके कुपोषण उपचार केंद्र का निर्माण कराया गया। लेकिन कुछ ऑप्शन उपचार केंद्र में पिछले 3 महीने में लगभग 10 बच्चे ही भर्ती हुए हैं। कुपोषण उपचार केंद्र का हाल बेहाल है किसी भी बेड पर बेडशीट नहीं है। यहां पर भर्ती मरीजों ने बताया कि बाहर से दवा लानी पड़ रही है। वार्ड में पंखे नहीं चल रहे हैं, भारी उमस के बीच बच्चों को रहना पड़ रहा है।

## तीन को भेजा गया जेल

रामगढ़। पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र में स्पेशल ड्राइव चलाया। इस दौरान 5 वर्षों से फरार तीन वारंटी को गिरफ्तार किया गया। रामगढ़ थाना क्षेत्र के बूढ़ाखुकरा गांव निवासी संजय मुंडा, बहादुर मुंडा और दिलीप मुंडा को पुलिस ने छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया है। बुधवार को उन तीनों को जेल भेज दिया गया।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, गुरुवार 12 जून 2025

ऑस्ट्रेलियन रेस वॉकिंग

## प्रियंका ने जीती 10 किमी पैदलचाल, सत्र की पहली जीत दर्ज की; रामबाबू को कांस्य पदक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पैदलचाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में ऑस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकेंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। 10 किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकेंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, एक मिनट की पेनाल्टी के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और पेनाल्टी के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। इंसब्रुक में पुरुषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप



**साउथम्पटन, एजेंसी।** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाए जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी। अब इंग्लैंड की टीम 20 जून से भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

## 16वां डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट मार्टिन नें बनाई एकल बढ़त, हिमल ठीक पीछे



**फोरनी दी सोपरा , इटली, एजेंसी।** इटली के विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रसिद्ध डोलोमाइट्स पर्वतमाला में स्थित फोर्नी दी सोपरा में 16वें डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट का आधा पडाव अब पार हो गया है टूर्नामेंट के पांचवें राउंड के बाद बुल्गारिया के टॉप सीड ग्रांड मास्टर मार्टिन पेट्रोव चार जीत और एक ड्रॉ के साथ 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त पर पहुँच गए है । जबकि भारत के इंटरनेशनल मास्टर हिमल गुसेन भारत के अगले ग्रांड मास्टर बनने की राह मे कदम बढाते हुए 3 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 4 अंक बनाते हुए सयुंक्त दूसरे स्थान पर है , हिमल जिनकी वर्तमान रेटिंग 2490 है फिलहाल अपनी रेटिंग मे 2 अंक और जो? चुके है और जबकि वह टूर्नामेंट में खेल रहे दोनों ग्रांड मास्टर्स से खेल चुके है उम्मीद है वह अपनी रेटिंग में बचे हुए चार राउंड में और अंक जोएंगे

# रियान पराग होंगे कप्तान!

### इंग्लैंड सीरीज के बीच इस छोटे देश के दौरे पर जाएगी भारत की ये टीम






| सीरीज का शेड्यूल |
|---|
| पहला मैच-21 जून 2025 |
| दूसरा मैच-23 जून 2025 |
| तीसरा मैच- 25 जून 2025 |
| चौथा मैच- 27 जून 2025 |
| पांचवां मैच- 29 जून 2025 |

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड में जमकर तैयारी कर रही है. उसे 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इसी बीच भारतीय क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. भारत की एक टीम इस सीरीज के दौरान नामीबिया का दौरा करेगी. नामीबिया क्रिकेट बोर्ड इस दौरे का ऐलान भी कर दिया है, जिसमें 5 वनडे मैच खेले जाएंगे. ये सीरीज काफी ऐतिहासिक रहने वाली है, और दोनों देशों के खिलाड़ियों के पास एक बड़ा मौका होगा. नामीबिया क्रिकेट बोर्ड ने ऐलान किया है कि वे असम क्रिकेट संघ के साथ 5 मैचों की वनडे सीरीज की मेजबानी करेंगे. यानी असम की क्रिकेट टीम इसी महीने नामीबिया के दौरे पर जाने वाली है. यह रोमांचक सीरीज 21 जून 2025 से शुरू होकर 29 जून 2025 तक चलेगी, और सभी मैच विन्ढोक स्थित एफएनबी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे. जो नामीबिया का प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम है. इस सीरीज से पहले नामीबियाई क्रिकेट टीम ने पंजाब और कर्नाटक के खिलाफ भी 50 ओवर के मैचों की सीरीज खेली थी, जो उनकी तैयारियों को मजबूत करने में मददगार रही.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टार बल्लेबाज रियान पराग नामीबिया के असम टीम की कप्तानी करेंगी. वह घरेलू क्रिकेट में असम की ओर से ही खेलते हैं. आईपीएल में शानदार सीजन बिताने के बाद पराग युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली संतुलित टीम की अगुआई करने के लिए तैयार माने जा रहे हैं. दूसरी ओर, नामीबिया की टीम गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में मैदान पर उतर सकती है.

## रोहित का वनडे करियर भी खत्म !

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारतीय क्रिकेट टीम के तीनों फॉर्मेट फॉर्मेट में अभी अलग-अलग कप्तान हैं. रोहित शर्मा के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद बीसीसीआई ने शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया, जो अभी इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगे. टी20 में सूर्यकुमार यादव कप्तान हैं, हालांकि अभी वनडे में रोहित ही कप्तान हैं. लेकिन एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बोर्ड को लगा था कि रोहित खुद को चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास ले लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. वनडे फॉर्मेट में बीसीसीआई की प्लानिंग 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर होगी. रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतकर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी. उनकी कप्तानी में भारत ने इस साल चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, हालांकि उन्होंने संन्यास नहीं लिया. लेकिन इसके बाद उन्होंने टेस्ट से अलविदा कह दिया है. रोहित शर्मा 2027 में 40 साल के होंगे, ऐसे में सवाल ये हैं कि क्या उनकी फिटनेस और फॉर्म उस समय ऐसी होगी कि वह स्क्वॉड में जगह बना पाए. इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बीसीसीआई नए वनडे कप्तान पर विचार कर रही है.

## पूरन को संन्यास के एक दिन बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट ) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा, 'हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा, 'बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने करियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाए थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।



## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा की

**सेंट जॉन्स (एंटीगुआ), एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन घरेलू टेस्ट मैचों में प्रतिष्ठित सर फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए 16 खिलाड़ियों की अपनी टीम की घोषणा की है। सीरीज की शुरुआत 25 जून को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में होगी। यह श्रृंखला दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण होगी क्योंकि तीन टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025-2027 चक्र की शुरुआत को होंगे। वेस्टइंडीज की टीम एक नई शुरुआत के संकेत दे रही है क्योंकि इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ ड्रॉ हुई श्रृंखला में खेलने वाली टीम में कई बदलाव किए गए हैं। जॉन कैंपबेल 2022 के बाद पहली बार टीम में लौटे हैं, जिससे शीर्ष क्रम में विकल्प मजबूत हुए हैं। उन्होंने अपने शानदार घरेलू सत्र की बदौलत तीन साल बाद टीम में जगह बनाई। कैंपबेल के साथ, केसी कार्टी को पाकिस्तान में उनके कार्यकाल के बाद टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। यह निर्णय सभी प्रारूपों में बल्ले से उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए लिया गया है। पिछले महीने 28 वर्षीय ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे में दो शतक लगाए और इंग्लैंड में तीन 50 ओवर के मुकाबलों में मैरून में पुरुषों के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

## अहमदाबाद ने कोलकाता को 8-7 से हराया, विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने कोलकाता थंडरब्लेड्स को 8-7 से हरा दिया। यह मैच अहमदाबाद के ईकेए एरेना में मंगलवार को खेला गया। भारतीय खिलाड़ी स्नेहिल सुरावज्जुआ ने विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी क्वाड्री अरुणा को सीधे गेम में हरा कर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। शानदार जीत के बावजूद, अहमदाबाद एसजी पाइपर्स प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है और उनका इंडियन आयल यूटीटी सीजन 6 का सफर यहीं समाप्त हो गया। वहीं, कोलकाता थंडरब्लेड्स को अपनी प्लेआफ की किस्मत का फैसला जानने के लिए आखिरी दो मुकाबलों का इंतजार करना होगा। वहीं, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और दबंग दिल्ली टीटीसी ने भी प्लेआफ के लिए क्वालिफाई किया।

शाम की शुरुआत रोमांच से हुई जब जर्मन खिलाड़ी रिकार्डो वाल्टर ने कोलकाता के अंकुर भट्टाचार्य को सीजन की पहली हार चखाई। अंकुर ने पहले गेम में 7-1 की बढ़त ली थी, लेकिन वाल्टर ने जबरदस्त वापसी करते हुए यह गेम 11-10 से जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरा गेम 11-5 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अंकुर ने आखिरी गेम जीतकर कोलकाता को मुकाबले में बनाए रखा।




महिला एकल में, आयहिका मुखर्जी ने प्यूर्टो रिको की दिग्गज खिलाड़ी एड्रियाना डियाज के खिलाफ पहला गेम जीत लिया, लेकिन डियाज ने अगला दोनों गेम बड़े अंतर से जीतकर मुकाबला 2-1 से अपने नाम किया। निर्णायक गेम में डियाज़ ने 11-1 से बाजी मारी। मिक्स्ड डबल्स में अंकुर और डियाजी ने दबाव के क्षणों में संयम बरतते हुए वाल्टर और आयहिका को 2-1 से हराया।

अब तक सीजन में जीत की तलाश कर रहे स्नेहित ने चौथे मैच में क्वाड्री अरुणा को 3-0 से हराकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले गेम में 9-10 और दूसरे गेम में 5-8 से पिछड़ने के बावजूद वापसी की और आक्रामक फोरहैंड शॉट्स के दम पर एकतरफा अंदाज़ में जीत दर्ज की। यह यूटीटी सीज़न 6 की सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीतों में से एक रही।

## अब तक 13 टीमों ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया ने भी हासिल किया टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

ब्राजील, इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीनों ही अपने-अपने मुकाबले जीतने में कामयाब रहे। वहीं, लियोनल मेसी की अर्जेंटीना को कोलंबिया से ड्रॉ खेलना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। इसके अलावा चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। अब तक कुल मिलाकर 10 टीमों ने क्वालिफाई किया है। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं। फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट





अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

कोनोर मेटकाफे ने ऑस्ट्रेलिया के लिये पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में मदद की। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा, जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर से गोल किया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए, जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

वहीं, दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया। ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया ऑस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन और ऑस्ट्रेलिया क्वालिफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालिफाई करेंगी और यह दौर अक्तूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में डेब्यू के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई। रियल मैड्रिड के स्टार विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैंपियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की।

ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। उरुग्वे ने वेनेजुएला को 2-0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं और क्वालिफिकेशन के बेहद करीब है वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिए दोनों में होड़ है, चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेऑफ खेलने का मौका मिलेगा ।

# दुनिया में सबसे अधिक रफ्तार से बढ़ी मुस्लिमों की आबादी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बीते एक दशक में दुनिया में सबसे अधिक मुस्लिमों की आबादी बढ़ी है जबकि भारत सहित कई देशों में हिंदुओं की आबादी कम हुई है। प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की आबादी 34.7 करोड़ का इजाफा हुआ है। यह किसी भी अन्य धर्म की आबादी में बढ़ोत्तरी से अधिक है। भारत में मुस्लिमों की आबादी 3.56 करोड़ की वृद्धि हुई है।

प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार आबादी की गणना के लिए 2700 से अधिक जनगणना और सर्वेक्षणों के विश्लेषण किया है। दुनिया के हर धार्मिक समूह में आबादी बढ़ी है।

रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में मुसलमानों की आबादी करीब 2 अरब हो गई है। दुनिया की आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.8 अंक बढ़कर 25.6प्रतिशत हो गई। वहीं किसी भी धर्म को न मानने वाले लोगों की संख्या दुनिया की आबादी का 24.2प्रतिशत हो गई। बौद्ध एकमात्र ऐसा धार्मिक समूह है, जिसकी जनसंख्या 2020 में एक दशक पहले की तुलना में कम हो गई।

भारत में हिंदू आबादी 2010 में 80प्रतिशत थी जो कि घटकर 2020 में 79.4प्रतिशत हो गई है। मुस्लिमों की आहादी 2010 में 14.3प्रतिशत थी, जो कि 2020 में बढ़कर 15.2प्रतिशत हो गई है। क्रिश्चियन की संख्या में भी थोड़ी कमी आई है। 2010 में 2.3प्रतिशत की तुलना में 2.2प्रतिशत हो गई। अन्य दूसरे धर्मों की बात करें तो 2.7प्रतिशत से घटकर 2.5प्रतिशत हो गई है।

भारत की आबादी साल के अंत तक 1.46 अरब पहुंचने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र की जनसांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार भारत जनसंख्या के मामले में पहले स्थान पर



बना रहेगा लेकिन प्रजनन क्षमता दर रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भारत को मध्यम आय वाले देशों के समूह में रखा गया है।

**भारत सहित कई देशों में हिंदु आबादी कम हुई:** 2010 से 2020 तक दुनिया भर में हिंदुओं की संख्या में 12प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह 1.1 अरब से बढ़कर 1.2 अरब हो गई है। चूंकि गैर-हिंदुओं की संख्या लगभग उसी दर से बढ़ी, इसलिए वैश्विक आबादी के प्रतिशत या हिस्से के रूप में हिंदुओं की संख्या स्थिर रही। दक्षिण एशियाई देशों भारत, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी में कमी आई है लेकिन इनमें से कोई भी बदलाव 5 प्वाइंट तक नहीं है। भारत में क्रिश्चियन तथा अन्य धर्मों को माननेवालों की जनसंख्या भी कम हुई है।

## कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार पर क्यों उठाए सवाल सीएम रेखा गुप्ता के 100 दिन के कार्यकाल की गिनाई खामियां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार राजधानी में सुरक्षा, महंगाई, बेरोजगारी जैसे हर मोर्चे पर 100 दिनों के शासन में विफल रही है। वहीं दिल्ली के प्रति गंदगी और प्रदूषण से निजात दिलाने और स्वच्छ जल उपलब्ध कराने जैसी नैतिक जिम्मेदारी को निभाने में भी पूरी तरह फेल साबित हुई है। दिल्ली में लगातार बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण पाने में भाजपा नेता बयानबाजी कर रहे है जबकि महिलाओं और छोटी लड़कियों का राजधानी में रहना दूभर हो गया है। पुलिस खुलेआम जघन्य अपराधों, दर्दनाक घटनाओं को रोकने में भी नाकाम साबित हो रही है। यादव के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी की सभी 14 जिला कमेटियों की कार्यकारिणी बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया और जिला के क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बैठकों में चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक में हिस्सा लेते हुए जिला कांग्रेस कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। वेबसाइट पर संगठन की सभी गतिविधियों का विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। यादव ने बाबरपुर जिला कांग्रेस के तहत आने वाले राम नगर ब्लाक और नंद नगरी ब्लाक कांग्रेस कमेटी दोनों के ब्लाक अध्यक्ष कर्ण धीगिंया व कुलदीप भाटी के कार्यालयों का उद्घाटन भी किया। कार्यकारिणी की बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने प्रदेश अध्यक्ष को संविधान की कापी भी भेंट की। यादव ने सभी जिला एवं ब्लाक अध्यक्ष सहित लोक सभा तथा जिला आब्जर्वर को हिदायत देते हुए कहा कि ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी और मंडलम-सेक्टर बनाकर अगले दो दिनों में प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे रोजगार मेले में दिल्ली भर के बेरोजगार युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभाएं। जिला बैठकों में पूर्व मंत्री डा नरेंद्र नाथ, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, विरेन्द्र कसाना, इंद्रजीत सिंह और दिनेश कुमार एडवोकेट सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

## अब दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से उड़ती धूल होगी गायब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सड़कों के धूल प्रदूषण से निपटने की दिशा में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने करार किया है। सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन साइन किया है। इसका उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में धूल प्रदूषण को कम करने के लिए शहरी सड़कों के पुनर्विकास के लिए मानकों के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान केंद्रित करना है। इन मानकों में मुख्य रूप से रास्तों और फुटपाथों को पक्का करना करना है, इसके साथ ही ग्रीनरी करने और उसे बढ़ाना है। त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सीएक्यूएम में एक परियोजना निगरानी प्रकोष्ठ बनाना और उसे चलाने के लिए सुविधा देना है। पीएमसी सड़कों के प्रभावी विकास और पुनर्विकास के लिए एनसीआर राज्यों में मानक इंफ्रास्ट्रक्चर को चरणबद्ध तरीके से लागू करने देखरेख करेगा, इसमे सहयोग भी करेगा। पहले चरण में, आयोग ने दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, भिवाड़ी और नीमराना को चुना है। समझौता ज्ञापन के तहत, सीएसआईआर-सीआरआरआई और एसपीए सीएक्यूएम में स्थापित किए जा रहे पीएमसी को संस्थागत सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मानक ढांचे पर सड़कों के विकास और पुनर्विकास की निगरानी में काम पर रखे गए संसाधनों का मार्गदर्शन करने में सीएक्यूएम का समर्थन करेंगे। वैज्ञानिक डिजाइन, टिकाऊ हरियाली और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से शहरी सड़कों को बदलना सड़कों से धूल प्रदूषण को कम करने और क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रमुख दीर्घकालिक समाधानों में से एक है।

## हिंदू महिला से शादी करने के लिए जेल में नहीं रख सकते, सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम युवक को दी जमानत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में हिंदू लड़की से पहचान छिपाकर शादी करने के आरोपी मुस्लिम युवक को जमानत दे दी है। इस दौरान कोर्ट ने अहम टिप्पणियां की हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि दो वयस्कों के आपसी सहमति से साथ रहने पर सिर्फ इसलिए आपत्ति नहीं जताई जा सकती कि वे अलग-अलग धर्मों के हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान हिंदू महिला से शादी करने के बाद लगभग छह महीने से जेल में बंद मुस्लिम युवक की बेल की मंजूरी दे दी।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने शख्स द्वारा दायर अपील के बाद अपना फैसला सुनाया। फरवरी 2025 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शख्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था। इससे पहले उसे उत्तराखंड फ्रीडम ऑफ रिलीजन 2018 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के तहत अपनी धार्मिक पहचान छिपाने और हिंदू महिला से धोखे से शादी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा:** अपने आदेश सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य को



अपीलकर्ता और उसकी पत्नी के साथ रहने परकोई आपत्ति नहीं हो सकती है। वह भी तब जब उनकी शादी उनके माता-पिता और परिवारों की इच्छा के अनुसार हुई है। पीठ ने आगे यह भी कहा कि आगे की कार्यवाही उनके साथ रहने की राह में बाधा नहीं बनेगी। कोर्ट ने इस तथ्य पर जोर डालते हुए कि आरोपी को बेल दी कि वह लगभग छह महीने से जेल में है और आरोप पत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है।

**दोनों परिवारों मौजूदगी में हुई थी शादी:** कोर्ट को बताया गया कि शादी दोनों परिवारों की पूरी जानकारी और मौजूदगी में हुई थी और सिद्दीकी ने शादी के अगले दिन एक हलफनामा दिया था जिसमें कहा था कि वह अपनी पत्नी को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर नहीं करेगा और वह अपने धर्म का पालन करने के लिए स्वतंत्र होगी।अदालत में याचिकाकर्ता की ओर से यह तर्क भी दिया गया कि बाद में कुछ लोगों और संगठनों द्वारा अंतरधार्मिक विवाह पर आपत्ति जताए जाने के बाद स्र्ढ्ढक्र दर्ज की गई थी।

## गुरुग्राम में लगेंगे 2722 नए सीसीटीवी कैमरे, सिर्फ सड़क-चौराहे नहीं सार्वजनिक स्थानों पर भी रहेगी नजर

**नईदिल्ली, गुरुग्राम, एजेंसी।** साइबर सिटी और मानेसर के हर कोने पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रहेगी। दूसरे चरण के 2722 कैमरे लगाने के प्रोजेक्ट को हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में मंजूरी मिलने के बाद अब गुरुग्राम मेट्रोपालिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) की ओर से पूरे शहर को कैमरों की जद में लाने की तैयारी चल रही है। कम्युनिटी सेंटर, बड़े पार्क, बस स्टैंड, बस स्टाप और अस्पताल सहित अन्य बड़े सार्वजनिक स्थलों पर जीएमडीए सीसीटीवी कैमरे लगाएगा। इसके लिए दूसरे चरण के प्रोजेक्ट के साथ ही तीसरे चरण की भी योजना तैयार की जा रही है। बता दें कि जीएमडीए द्वारा दूसरे चरण के 2722 सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रोजेक्ट को एजेंसी को अलाट करने के बाद इसे 18 महीने की अवधि में पूरा किया जाना है। पहले चरण में 1200 कैमरे लगाए गए थे। पहले चरण में 218 जंक्शनों पर कैमरे लगाए गए थे।

## दिल्ली का हाल तो देखिए...हर तरफ फैला अतिक्रमण; दुकानदारों में नहीं अफसरों का खौफ



**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी में अतिक्रमण एक विकराल समस्या है। दिल्ली सरकार भले ही अतिक्रमण को हटाने के लिए तमाम प्रयास कर रही है। लेकिन सरकारी विभाग उन प्रयासों पर पानी फेर रहे हैं।

जिला विकास समिति को क्षेत्र में पावरफुल माना जाता है। शाहदरा जिला विकास समिति के चेयरमैन जितेंद्र महाजन ने चार जून को अपने सामने अशोक नगर में वजीराबाद रोड से अतिक्रमण हटवाया था।

दुकानदारों ने सर्विस रोड पर पहले की तरह ही अतिक्रमण किया हुआ है। फुटपाथ पर अवैध पार्किंग हो रही है। रेहड़ियां पहले ही तरह लगी हुई हैं। यहां कई वाहनों के शोरूम है। समिति के चेयरमैन ने अपने निरीक्षण में सख्त हिदायत दी कि शोरूम संचालक सर्विस रोड को पार्किंग न बनाएं और दुकानदार दुकानों के बाहर समान रखकर अतिक्रमण न करें।

पुलिस से कहा था जहां से अतिक्रमण हटवाया जा रहा है, वहां अतिक्रमण दोबारा नहीं होना चाहिए। लेकिन उनके आदेश अतिक्रमण करने वालों के लिए हवा हवाई साबित हुए। पहले की तरह अतिक्रमण हो रहा है। वहीं, कार्रवाई होने से पहले ही उन्हें पुलिसकर्मी व निगमकर्मियों से पता चल जाता है कि टीम आने वाले है। वह कुछ देर के लिए अतिक्रमण हटा लेते हैं। टीम के जाने के बाद फिर से वह लगा लेते हैं। इसके बदले में वह रकम भी कर्मचारियों व अधिकारियों तक पहुंचाते हैं। निगम वेंडिंग जोन बनाए, काफी हद तक भ्रष्टाचार पर लगाम लग जाएगी। सवाल उठ रहा है अगर चेयरमैन के सड़क पर उतरने के बाद भी अगर अतिक्रमण पर नकेल नहीं कसी जा रही है तो इस तरह की कार्रवाई का क्या फायदा। निगम व पीडब्ल्यूडी भले ही अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति करके अपनी पीठ थपथपा ले, लेकिन सड़कों के हालात सच्चाई बयां कर देते हैं। इस मामले में समिति के चेयरमैन जितेंद्र महाजन से पूछा गया उन्होंने बैठक में मुद्दा उठाया था कि पीडब्ल्यूडी व निगम अतिक्रमण के हटाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करता है। चार जून को वह अधिकारियों के साथ अशोक नगर गए थे। जहां से निगम ने अतिक्रमण हटाया था। मौके पर उन्हें अतिक्रमण लगा मिला था, उन्होंने हटवाया भी था। उनके निरीक्षण के बाद भी हालात बदले क्यों नहीं है। उन्होंने कहा यह तभी संभव है जब निगम व पुलिस की जवाबदेही तय होगी। फिर से अतिक्रमण होता है तो कोई विभाग जिम्मेदार होगा।

## चौथी बार टला प्रक्षेपण, फाल्कन-9 रॉकेट में आई तकनीकी खराबी, नई तारीख का फिलहाल एलान नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य लोगों को आईएसएस लेकर जाने वाले अंतरिक्ष यान-एग्जियोम-4 का प्रक्षेपण फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। स्पेसएक्स ने यह एलान किया। स्पेसएक्स ने बताया कि पोस्ट स्टैटिक फायर बूस्टर के निरीक्षण के दौरान फाल्कन-9 रॉकेट में ऑक्सीजन लीक की समस्या पाई गई। जिसकी मरम्मत के लिए इंजीनियरों ने और समय मांगा है। ऐसे में प्रक्षेपण को फिलहाल टाल दिया गया है।

स्पेसएक्स ने ट्वीट कर बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होने वाले फाल्कन 9 के एक्स-4 प्रक्षेपण को स्थगित किया जा रहा है। जिससे कि इंजीनियरों को पोस्ट स्टैटिक फायर बूस्टर के निरीक्षण के दौरान पहचाने गए एलओएक्स रिसाव की मरम्मत के लिए अतिरिक्त समय मिल सके।



स्पेसएक्स ने कहा कि अब मरम्म होने के बाद हम जल्द ही एक नई लॉन्च तिथि जारी करेंगे।

गौरतलब है कि यह चौथी बार है जबकि यह बहुप्रतीक्षित मिशन टल गया है। सबसे पहले इसकी लॉन्चिंग की तारीख 29 मई तय की गई थी, फिर इसे बढ़ाकर आठ जून कर दिया गया। इसके बाद फिर इसके प्रक्षेपण की तारीख में बदलाव करके 10 जून को 5.30 बजे कर दिया गया। फिर 10 जून से पहले ही नौ जून को भी मिशन को 11 जून तक टाल दिया गया था। तब इसरो ने इसका कारण खराब मौसम को बताया था। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने सोमवार शाम जारी बयान में कहा था, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले यान-एग्जियोम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 के बदले 11 जून 2025 तक स्थगित कर दिया गया है। अब चौथी बार फिर से एग्जियोम-4 का प्रक्षेपण स्थगित कर दिया गया है।

इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत भारत जल्द ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाला है। भारत के शुभांशु शुक्ल अब अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बनने वाले हैं। इतना ही नहीं, वे अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में पहुंचने वाले पहले भारतीय होंगे। इस मिशन को अमेरिका के अंतरिक्ष अभियानों से जुड़ी कंपनी एग्जियोम स्पेस और नासा के सहयोग से अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही एलन मस्क की स्पेसएक्स इस मिशन में अहम भूमिका निभाएगी।

## इस्राइली नौसेना ने पहली बार यमन में किया हमला, हूतियों की सप्लाई चेन काटने की कोशिश

**तेल अवीव , एजेंसी।** इस्राइली नौसेना ने पहली बार यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया। यह हमला यमन के पोत शहर होदेइदा में किया गया। इससे पहले मंगलवार की सुबह इस्राइली वायुसेना ने भी होदेइदा में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। अब नौसेना द्वारा भी होदेइदा को निशाना बनाया गया। होदेइदा शहर पर हूतियों का कब्जा है और माना जाता है कि यमन में राशन और अन्य जरूरी सामान की सप्लाई के लिए होदेइदा काफी अहम है। आरोप है कि होदेइदा से ही हूतियों को हथियारों की सप्लाई होती है। ऐसे में इस्राइली नौसेना के हमले में हूतियों की सप्लाई चेन काटने की कोशिश की गई। हमले में होदेइदा को काफी नुकसान हुआ है। होदेइदा से होने वाली हथियारों की कथित सप्लाई संयुक्त राष्ट्र की पकड़ में भी नहीं आ पा रही थी। मंगलवार सुबह को हूतियों ने भी एक बार फिर इस्राइल पर मिसाइल हमला किया था। हालांकि इस्राइल के एयर डिफेंस ने मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया। इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने भी यमन के हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जिनमें 74 लोग मारे गए थे। अब इस्राइल द्वारा हूतियों पर हमले किए जा रहे हैं। इस्राइल ने हूतियों को चेतावनी भी दी है कि अगर वे आगे भी इस्राइल पर हमले जारी रखते हैं तो इस्राइल द्वारा फिर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस्राइली रक्षा मंत्री ने यमन का हवाई और समुद्री तौर पर ब्लॉक करने की धमकी दी। इस्राइली सेना ने बताया कि मिसाइल नौकाओं से यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया गया।

# ट्रम्प ने नेतन्याहू से गाजा जंग खत्म करने को कहा : ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले को मंजूरी नहीं

### बातचीत जारी रखना चाहते हैं ट्रम्प

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मंगलवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान ट्रम्प ने नेतन्याहू से गाजा में जंग को खत्म करने के लिए कहा है। इजराइल के चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई तक ही बात नहीं रुकनी चाहिए, बल्कि जंग को पूरी तरह खत्म किया जाए। इसके अलावा ट्रम्प ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करने को लेकर भी फिलहाल मंजूरी नहीं दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने यह भी कहा कि जंग रुकने से ईरान और सऊदी अरब के साथ चल रही बातचीत में मदद मिलेगी।

**ईरान से परमाणु डील के लिए कोशिशें जारीत्न** डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू से बातचीत में यह साफ किया कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु डील पर समझौते के लिए कोशिशें जारी हैं। हालांकि ट्रम्प ईरान के हालिया प्रस्ताव से सहमति नहीं है। उन्होंने कहा कि फिर भी बातचीत के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। इसके जवाब में नेतन्याहू ने कहा कि ईरान पर हमेशा सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। हालांकि ट्रम्प ने फिर भी ईरान पर सैन्य हमले को टालने पर जोर दिया।

इस पर नेतन्याहू ने जवाब दिया कि ईरान पर हमेशा एक विश्वसनीय सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। लेकिन ट्रम्प ने दोबारा दोहराया कि बातचीत के दौरान सैन्य हमले की संभावना को टाल देना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रम्प तब तक सैन्य कार्रवाई पर चर्चा नहीं करेंगे जब तक वे यह तय नहीं कर लेते कि कूटनीतिक प्रयास पूरी तरह विफल हो चुके हैं।

**ब्रिटेन-कनाडा समेत 5 देशों का इजराइल के दो मंत्रियों पर बैन:** ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड और नॉर्वे ने मंगलवार को इजराइल सरकार के दो कट्टर दक्षिणपंथी मंत्रियों इतामार बेन-गवीर और बेजालेल स्मोतरिच पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इन पर कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काने का आरोप है। दोनों मंत्री गाजा जंग को जारी



रखने के पुरजोर समर्थक हैं। अब इन पर यात्रा प्रतिबंध और संपत्ति जब्त होने जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। पश्चिमी देशों ने गाजा जंग की शुरुआत के बाद से इजराइल के खिलाफ ऐसा पहला बड़ा कदम उठाया है। इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने इन प्रतिबंधों को अत्यंत आपत्तिजनक बताया और कहा कि वे नेतन्याहू से मिलकर अगले सप्ताह इस पर इजराइल की प्रतिक्रिया तय करेंगे। हमास-इजराइल के बीच संघर्ष का सिलसिला साल 1948 से जारी है। इसने भीषण रूप 7 अक्टूबर 2023 को लिया जब हमास ने इजराइल पर हमला किया। जिसमें 815 नागरिकों सहित 1,195 इजराइली और विदेशी नागरिक मारे गए।

हमास ने 251 इजराइली लोगों को बंधक बनाया। हमास ने इस हमले को इजराइल के कब्जे, गाजा की नाकाबंदी और हजारों फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग के लिए किया।

इजराइल ने जवाब में गाजा पर बमबारी शुरू की और 27 अक्टूबर 2023 को जमीनी हमला शुरू किया। इजराइल का कहना है कि उसका मकसद हमास को खत्म करना और बंधकों को रिहा कराना है।

इस युद्ध में 55 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इजराइल में 1,200 से ज्यादा लोग मारे गए। गाजा में 80प्रतिशत लोग विस्थापित हो चुके हैं और ज्यादातर पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तबाह हो चुका है।

# अभी तो बस यह शुरूआत है, जिला व राज्य का नाम करें रौशनः उपायुक्त

## माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं का सम्मान समारोह








**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र झ छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने की। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक डा. अतुल कुमार चौबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी उदय कुमार समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र झ छात्राएं, उनके अभिभावक आदि उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इन प्रतिभाशाली शिक्षकों झ छात्राओं के बीच वह अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहे है। अपनी मेहनत एवं लगन से आप सबों ने जिले के प्रदर्शन में जो निखार लाया है। यह जारी रहनी चाहिए। कहा कि अभी तो बस ये शुरूआत हैं, यात्रा रूके नहीं...। आप सभी आगे भी जिले एवं राज्य का नाम रौशन करें। माध्यमिक, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं स्नाकोत्तर यह सभी पड़ाव है, इन पड़ावों को पार करके ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। बेहतर व्यक्तिव का निर्माण करके, आप सभी अपने देश की अर्थव्यवस्था झ पूर्ण निर्माण में योगदान दें।

**जिस क्षेत्र में रूचि, उसी को लक्ष्य बना आगे बढ़े**

उपायुक्त ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी को जिस क्षेत्र में जाने की रूचि हो, आप उसी ओर अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। खेलकूद - संगीत, व्यवसाय जिस क्षेत्र में आपका मन करें, आप उसमें अपना शतप्रतिशत दें और उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। शिक्षा यह निर्धारित करता है कि आपका व्यवहार कैसा है, आपके व्यवहार में कितना परिवर्तन आया है। उन्होंने सभी को देश की समाजिक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, वास्तु, विज्ञान एवं तकनीक आदि के संबंध में अध्ययन करने की बात कहीं। साथ ही, अध्ययन के समय अपने विषय से भटकाव नहीं हो, इसका ध्यान रखें, विषय पर केंद्रीत रहे।

**शॉर्टकट नहीं लेना है, जीवन में नशा को अपनाना नहीं**

उपायुक्त ने छात्र झ छात्राओं को कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने का कोई आसान रास्ता या शॉर्टकट नहीं होता है, जो आपको तुरंत सफलता दिला सके। इसलिए आप सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें, बिना समय बर्बाद किए समर्पण के साथ प्रयास करें, और कठोर परिश्रम करें। जीवन में सफलता के लिए, आपको लगातार मेहनत करते रहना चाहिए और किसी भी शॉर्टकट को अपनाना नहीं चाहिए। उन्होंने जीवन में नशा को नहीं अपनाने का अपील किया। कहा कि नशा हमारे व्यक्तित्व को बर्बाद कर देता है। स्वयं कभी नशा नहीं करें और दूसरों को भी ऐसा नहीं करने के लिए प्रेरित करें।

**शिक्षक अपने मूल कार्य को करें, सुविधाओं का ख्याल रखेगा विभाग**

उपायुक्त ने अपने संबोधन में उपस्थित शिक्षकों को कहा कि शिक्षक अपने मूल कार्य बच्चों की पढ़ाई झ लिखाई में ध्यान दें। उनकी सुविधाओं, प्रमोशन व अन्य कार्यों का ख्याल विभाग रखेगा। इसे सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी - जिला शिक्षा अधीक्षक को जरूरी दिशा - निर्देश दिया। उन्होंने द्वय पदाधिकारियों को कहा कि कोई भी शिक्षक आपके कार्यालय का चक्कर नहीं काटे, इसकी व्यवस्था करें। उन्होंने शिक्षकों की समस्या पर सुनवाई - समाधान को लेकर विद्यालय अवधि के बाद या रविवार को दिन निर्धारित कर शिक्षक दरबार लगाने की बात कहीं। शिक्षकों को सम्मान देने को कहा।

**बोकारो शिक्षा का हब बने, सामूहिक प्रयास से करें शुरूआत**

उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षकों से अपील किया कि वह बोकारो जिले को शिक्षा का हब बनाएं। यहां के बच्चें और अन्य जगहों के बच्चें पढ़ने के लिए कहीं अन्यत्र नहीं जाएं। जिला प्रशासन इसमें हर संभव सहयोग आप सबों का करेगा। यह कैसे विकसित होगा, इसकी शुरूआत करें। शिक्षा ही वह धन है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता है और यह जीवन भर काम आएगा। कहा कि, शिक्षक स्वयं को गौरांवित महसूस करें और पूरी तरह समर्पित होकर अपना शत-प्रतिशत दें।

**19 वें. से छठें स्थान पर पहुंचा बोकारो जिला**

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले वर्ष बोकारो जिला माध्यमिक परीक्षा परिणाम में बोकारो जिला 19 वें. पायदान पर था, जिसे विभाग व जिला प्रशासन ने चुनौती से लेते हुए इसमें सुधार लाने का निर्णय लिया। सतत निगरानी, रणनीति के तहत टेस्ट का आयोजन कर शिक्षक झ छात्र सबों के सहयोग से इसे दुरूस्त किया गया। इसी का नतीजा है कि बोकारो जिला इस वर्ष की मैट्रिक परीक्षा में पूरे सूबे में छठा स्थान अर्जित किया है। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि यह क्रम रूकेगा नहीं, हम आगे बढ़ेंगे। इंटरमीडिएट परीक्षा में भी जिले का प्रदर्शन बेहतर हुआ है।

उधर, शिक्षकों व छात्रों ने भी अपना - अपना अनुभव साझा किया। मौके पर उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने माध्यमिक - इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने वाले 54 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में धन्यवाद ज्ञापन जिला शिक्षा अधीक्षक ने दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्याम सुंदर जैन के निधन पर जताया शोक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जैन मिलन के पूर्व सचिव एवं दिगंबर जैन समाज के सचिव तथा अन्य कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े श्याम सुन्दर जैन का अंतिम संस्कार आज गरगा घाट पर कर दिया गया। बेहद धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक व्यक्तित्व के स्वामी श्याम जैन का निधन इलाज के क्रम में कोलकाता में हो गया था। उनके निधन का समाचार से जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई। अपनी लगनशीलता, कर्मठता, ईमानदारी, व्यवहार कुशलता से श्याम सुंदर जैन बोकारो के सफलतम व्यवसायियों में शुमार थे। श्याम जैन अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्र वधू ,दो पुत्रिया, पौत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। गरगा का घाट पर रिषभ जैन, डॉ महेंद्र जैन, कमल जैन,प्रदीप कुमार बैसाखिया,संजय जैन, विनोद चोपड़ा, मनीष जैन, सुभाष जैन, विकाश जैन, सतीश जैन, प्रकाश कोठारी, सुनील जैन, बिमल जैन, अनिमेष जैन, सुशील बैद, अनिमेष जैन,मनोज जैन, आकाश जैन, विकाश जैन, अनिल बैद, माणिक छल्लाणी, निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण सहित समाज के सैकड़ो लोग एवं व्यवसायी उपस्थित थे।

### भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे इंस्टिट्यूट माझेरपाड़ा जगन्नाथ देव मंदिर मे भगवान जगन्नाथ जी के स्नान यात्रा का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी के द्वारा कहा गया कि जगन्नाथ जी के स्नान यात्रा का अर्थ है। देव स्नान पूर्णिमा, जो हिंदू महीना के अनुसार जेठ महीना के पूर्णिमा पर मनाए जाने वाले एक पवित्र स्नान उत्सव है, यह भगवान जगन्नाथ प्रकट होने का याद में मनाई जाती है,यह अनुष्ठान भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा के प्रति



भक्ति और श्रद्धा को प्रकट करते हैं, स्नान यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ बलभद्र और देवी सुभद्रा अस्वस्थ होने का लीला करते हैं, जो 14 दिनों तक दर्शन नहीं देते, जिसे अनवसर कहा जाता है, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केएस बनर्जी, टुबाई बनर्जी, टनि बनर्जी, अशोक विश्वास, वापी विश्वास, अमिताभ दास, अमिताभ बैनर्जी, प्रदीप बनर्जी, टुबाई बनर्जी, प्रणव राय, अनिल पर्वत, अभीक घोष,आदि लोग शामिल थे।

### श्रद्धा भाव से भगवान जगन्नाथ को कराया महास्नान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देव पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भगवान जगन्नाथ का महास्नान बोकारो इस्पात नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ आयोजित किया गया। पूरे विधि विधान के साथ उत्कल सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने इस पूजन प्रक्रिया और महास्नान



में हिस्सा लिया। ओडिशा के पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में मनाया जाने वाला एक अत्यंत पवित्र और प्रमुख वार्षिक उत्सव है। यह रथयात्रा से ठीक पहले ज्येष्ठ पूर्णिमा (संवत्सर की ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा) को मनाया जाता है। महास्नान को 'स्नान यात्रा' भी कहते हैं। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की मूर्तियों को मंदिर के गर्भगृह से बाहर लाया जाता है और 'स्नान मंडप' नामक विशेष मंडप पर सार्वजनिक रूप से स्नान कराया जाता है। 108 कलशों (घड़ों) में जल भरकर भगवानों का अभिषेक (स्नान) किया जाता है। इस दिन को 'देव स्नान पूर्णिमा' भी कहते हैं क्योंकि यह स्नान यात्रा पूर्णिमा तिथि को होती है। यही दिन देवताओं के स्नान और पूजा का विशेष अवसर होता है। महास्नान के बाद भगवान कुछ दिन बीमार हो जाते हैं (इसे "अनसरा" या "अनवसर" कहते हैं), क्योंकि उन्हें ठंड लग जाती है।इस दौरान मूर्तियाँ 14-15 दिनों तक आम जनता को दर्शन नहीं देतीं।इन दिनों में उन्हें विशेष औषधियाँ दी जाती हैं।

# रोटरी क्लब ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास द्वारा चास स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय आसनसोल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक नहीं है, बल्कि हमारे जीवन, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी अनिवार्य है। स्कूल के प्राचार्य राम मूर्ति ठाकुर ने कहा कि जितने अधिक हम पेड़ लगाएंगे उतना ही अधिक हम धरती को सुरक्षित और समृद्ध बना सकेंगे। श्री ठाकुर ने रोटरी क्लब द्वारा किए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रशंसा की। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि विकास के इस युग में हम शहरीकरण के लिए जंगल काट रहे हैं परन्तु भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पेड़ लगाने आवश्यक है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत विद्यालय में वृक्षारोपण किया। मुकेश ने बताया की फलदार पौधे लगाए गए हैं। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और बच्चों ने भी पौधे लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डिंपल कौर, मंजीत सिंह, श्वेता रस्तोगी,ललिता चोपड़ा, बिनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, संजय बैद का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक सुधीर कुमार वर्मा, मीणा कुमारी, श्वेता कुमारी भी उपस्थित थे।

# निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग से लोगों को किया जा रहा जागरूक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत प्रखंडों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय बी.एस. सिटी बोकारो में निषिद्ध मादक पदार्थों के उपयोग रोकने को लेकर परियोजना स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मौके पर उपस्थित सभी सेविका एंव सहायिका को ड्रग अथवा स्वापक औषधियों के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। नशे के रूप में उपयोग किये जाने वाले अन्य पदार्थ जैसे तम्बाकू, गुटखा एंव भांग के बारे में बताया गया। इसके इस्तेमाल से होने वाले दुरूपयोग के कारण लोगों द्वारा नशा करने पर आस-पास के समाज, मानसिक स्वास्थ विकार, परिवार की भागीदारी की कमी के कारणों की भी जानकारी दी गई। सेविका - सहायिका को अपने पोषक क्षेत्र के सभी घरों में जन कल्याण हेतु निषिद्ध मादक पदार्थो के सेवन को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला पर्यवेक्षिका ने किया। इसी तरह जरीडीह प्रखंड, पेटरवार प्रखंड में भी विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम/बैठक का आयोजन किया गया। नशा मुक्त झारखंड बनाने का संकल्प दिया गया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सदर अस्पताल सभागार में विभिन्न प्रखंडों के स्वास्थ्य कर्मियों को प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में नशीली दवाओं और पदार्थों के दुरूपयोग को समझना, कानून - अधिकार और संरक्षण तंत्र, पदार्थों के दुरुपयोग के विभिन्न आयाम और जीवन कौशल और प्रतिरोध तकनीक का निर्माण, नए उपयोगकर्ताओं को रोकने के लिए रणनीतियां, ड्रग्स और लत, संचार और सामुदायिक लामबंदी, 15 दिवसीय जागरूकता अभियान योजना और मुख्य संदेश साझा करना विषयों पर क्रमवार विषय विशेषज्ञों ने जानकारी दी। सिविल सर्जन एवं डीपीएम ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी आगे प्रखंड - पंचायत स्तर पर अन्य लोगों को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग रोकने को लेकर जागरूक करेंगे। द्वय पदाधिकारों वे 'नशे को ना, जिंदगी को हां' के स्लोगन को जन जन तक पहुंचाने की बात कहीं। उधर, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में एलईडी/ जागरूकता वैन के माध्यम से नशा मुक्त जीवन जीने के लिए ऑडियो-वीडियो संदेश को प्रदर्शित कर आमजनों को जागरूक किया गया।

# मृत दो मजदूरों की माताओं को उपायुक्त ने प्रदान किया चेक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने छत्तीसगढ़ में ट्रेन की चपेट में आने वाले तोपचांची थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पंचायत के ब्रहमडिहा में रहने वाले कृष्णा राय एवं डिलू राय की माता क्रमशः राधिका देवी एवं पुनकी देवी को आज 50-50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। साथ ही मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन की ओर से सरकारी योजनाओं का लाभ मुहैया कराने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने जिले के वैसे सभी मजदूरों से, जो बाहर जाकर काम करते हैं, उन्हें पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि रजिस्ट्रेशन हो जाने से किसी भी दुर्घटना या अन्य विपरीत परिस्थितियों में उन्हें योजना के तहत अधिक से अधिक लाभ दिया जा सकता है। साथ ही कहा कि स्थानीय इकाइयों में जहां 10 से अधिक कर्मी है, उन्हें प्रोविडेंट फंड, ईएसआई सहित अन्य लाभ दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा मुहिम चलाई जाएगी। उपायुक्त ने सभी ठेकेदार एवं इकाइयों से अपील करते हुए कहा कि उनका कार्य मजदूरों से चलता है। इसलिए वे अपनी तरफ से भी उन्हें अधिकतम लाभ प्रदान करें। जिला प्रशासन भी मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करेगा। वहीं राधिका देवी एवं पुनकी देवी ने उपायुक्त को बताया कि 10 मई 2025 को उनके गांव से 12 मजदूर, उत्तर प्रदेश के बनारस में रहने वाले ठेकेदार हर्षित सिंह के माध्यम से, छत्तीसगढ़ के डायनासौर कंपनी में काम करने के लिए गए थे। मजदूरों के साथ ₹600 दैनिक मजदूरी तय हुई थी। जब भुगतान का समय आया तब उन्हें ₹400 के हिसाब से मजदूरी दी गई। इसका विरोध करने पर कंपनी के सुपरवाइजर ने स्थानीय लोगों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की और उन्हें खदेड़ने लगे। भागने के क्रम में कृष्णा राय एवं डिलू राय भयभीत होकर रेलवे लाइन पर दौड़ने लगे। इस क्रम में वे दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए जबकि दो अन्य मजदूर, अजय राय एवं विकास हेमब्रम, गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर उपस्थित सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर अंतर राज्य प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास की योजना के तहत मृत्यु के उपरांत मृतकों के आश्रितों को शव लाने के लिए तत्काल उपरोक्त राशि प्रदान की गई है। सारी औपचारिकताएं पूरी कर एक-एक लाख रुपये की और राशि प्रदान की जाएगी। वहीं घायलों को भी उपचार के लिए राशि दी जाएगी।

# विनोद सिंह राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के प्रदेश महासचिव और शेष नारायण सिंह प्रदेश सचिव बने

## अंधाधुंध संतानोत्पत्ति की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की आवश्यकता : कौशल किशोर

**देवघर/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बाबा नगरी देवघर में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। केन्द्रीय पदाधिकारियों के साथ चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाण्डेय ने की। जिसमें धनबाद के विनोद कुमार सिंह को प्रदेश महासचिव, मैथन के शेष नारायण सिंह को प्रदेश सचिव, धनबाद के दीपक सिंह को प्रदेश सह संयोजक और रोहित महतो को धनबाद जिला का जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिन्हें अंगवस्त्र ओढ़कर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत भारतमाता की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी ने नव चयनित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हिन्दू समाज जातियों में बंटकर कमजोर हो रहा है। हमारी जनसंख्या दिन ब दिन कम हो रही है, जो चिंता की विषय है। कहा कि आने वाले समय में इसका भयानक परिणाम हो सकता है। हम सभी हिंदू भाईयों को एक होना होगा, तभी हम अपने संस्कृति व धर्म की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने जात-पात की करो विदाई, हिन्दू हिन्दू भाई भाई के तर्ज पर सभी हिन्दू भाईयों को एक होकर आगे आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर राय ने संगठन के उदेश्यों पर प्रकाश डाला और जनसंख्या विस्फोट एवं जनसंख्यिकीय असंतुलन जैसी समस्या से उत्पन्न हो रहे सम्भावित खतरों से अवगत कराया। श्री राय ने कहा कि एक वर्ग विशेष द्वारा एक रणनीति के तहत जानबूझकर अंधाधुंध संतानोत्पत्ति की प्रवृत्ति पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने की आवश्यकता है, नहीं तो यह भारतीय संस्कृति के लिए विघटनकारी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक रणनीति के तहत जानबूझकर बढ़ाई जा रही जनसंख्या और हिंदू समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने के बढ़ती प्रवृत्ति के कारण आज देश के अनेक भागों में जनसंख्या का संतुलन उस वर्ग विशेष के पक्ष में झूकता दिख रहा है, जो आने वाले दिनों में देश के लिए खतरा उत्पन्न कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव विनोद सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश सचिव शेष नारायण सिंह ने की।



# दिव्यांगों को डालसा ने दिलाया सरकारी योजना का लाभ



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर दिव्यांगों के लिए लॉन्च किए गए साथी परियोजना के तहत 11 दिव्यांगों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र, दिव्यांगता पेंशन से सम्बंधित कागजात सौंपे। इस मौके पर न्यायधीश श्री तिवारी ने बताया कि नालसा व झालसा के निर्देश पर पूरे जिले में है। योजना एक सप्ताह पूर्व लॉन्च की गई है जिसके तहत दिव्यांगों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है जिसके तहत झरिया क्षेत्र से 11 दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया है वहीं इस पूरे योजना के विषय में जानकारी देते हुए और न्यायाधीश सह सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि धनबाद जिले के सभी प्रखंडों में साथी इकाई के तहत डालसा की टीम ऐसे दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर रही है जिनका अभी तक आधार कार्ड नही बना है न ही उन्हे किसी तरह की सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है । प्रोजेक्ट लॉन्च होने के एक सप्ताह के अंदर अधिकार मित्र डिपेंटी कुमारी गुप्ता एवं हेमराज चौहान द्वारा उत्तर क्षेत्र के कुल 11 दिव्यांगों को चिन्हित किया गया। उन सभी को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया गया एवं दिव्यांग पेंशन जैसे सरकारी योजनाओं से जोड़ाई साथ ही दिव्यांगों की सुविधा के लिए पात्रता के अनुसार सामग्री का वितरण किया गया. उन्होंने बताया कि दिव्यांगों का समुचित इलाज एवं समय-समय पर काउंसलिंग की व्यवस्था डालसा धनबाद द्वारा सुनिश्चित की जाएगी ।

# सड़क सुरक्षा को धनबाद प्रशासन कर रहा सजगता से काम : रविंद्र तवारी




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य रविंद्र तिवारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर आज सर्किट हाउस में पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक समाप्त होने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए धनबाद जिला प्रशासन सजगता से काम कर रहा है। कुछ मुद्दों के समाधान के लिए सामाजिक भूमिका भी महत्वपूर्ण है। माननीय सदस्य ने कहा कि जिला प्रशासन ने ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उसे सुरक्षित बनाया है। अवैध कट भी बंद किए हैं। कुछ अवैध कट बंद करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि राजमार्ग पर जो स्थानीय लोग दुकान लगाकर सड़क का अतिक्रमण करते हैं, उनके लिए प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। लेकिन वे सड़क पर ही अपनी दुकान लगाकर सामान बेचना चाहते हैं। इसके समाधान के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक होना होगा। वहीं शहरी क्षेत्र में सड़क पर पार्किंग को लेकर माननीय सदस्य ने कहा कि यहां जितने भी मॉल बने हैं, उसमें अंडरग्राउंड पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण वहां आने वाले लोग सड़क पर ही अपने वाहन पार्क करते हैं। इसके लिए मॉल वाले पर फाइन लगाने का निर्देश दिया है। वही कोल ट्रांसपोर्टिंग में ओवरलोड को लेकर माननीय सदस्य ने कहा कि भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड कोल ट्रांसपोर्टिंग के लिए टेंडर करते हैं। टेंडर मिलने के बाद मुख्य संवेदक छोटे ठेकेदार को कम रेट पर काम देते हैं। नतीजतन छोटे ठेकेदार वाहनों में ओवरलोड करते हैं, अधिक ट्रिप करने के लिए तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिसके कारण दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है। बैठक के दौरान सदस्य ने एनएचएआई धनबाद/दुगार्पुर को अपने क्षेत्र की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा, साइड ग्रिल का काम जल्द पूरा करने, साइनेज लगाने व अवैध कट बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही बीसीसीएल तथा एमपीएस में चल रहे वाहनों के सारे पेपर ठीक रखने, कोइलरी क्षेत्रों से मुख्य सड़क पर आने से पहले स्पीड ब्रेकर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने हिट एंड रन मामले का निदान कर मुआवजा दिलाने, किसी भी सड़क दुर्घटना में वाहन इंश्योरेंस कंपनी द्वारा तत्काल कुछ इंश्योरेंस की राशि उपलब्ध कराने, नगर निगम को अपना पार्किंग बना कर वाहन पार्क करने को कहा गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी द्विवाकर सी द्विवेदी, एमवीआई अभय कुमार, शुभम कुमार, हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, बीसीसीएल के महाप्रबंधक, एमपीएल, एनएचएआई दुगार्पुर के परियोजना निदेशक, एनएचएआई धनबाद, नगर निगम से सहायक नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, साज, एनएच , डॉ राजीव कुमार सिंह, एनजीओ मै हूं धनबाद से पूजा रत्नाकर, यातायात पुलिस से सार्जेंट मेजर राजेश दुबे तथा अन्य सड़क सुरक्षा विभाग के सदस्य उपस्थित थे।

# गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला अंतर्गत नावाडीह प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल गुंजरडीह में सहयोगिनी द्वारा सुरक्षित गांव कार्यक्रम के तहत गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक भुनेश्वर महतो ने बताया कि कोई भी आपके गांव में अनचाहे व्यक्ति आते हैं और आपको यह कहते हैं कि आपको शहर में नौकरी मिलेगा। तो तुरंत आप कॉमिक बुक में दिए हुए टोल फ्री नंबर में कॉल करें । तुरंत कार्रवाई की जाएगी । इस दौरान बाल विवाह के खिलाफ जानकारी दिया गया, कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। 18 साल से नीचे लड़की तथा 21 साल से नीचे लड़के का शादी हो रहा है । इस स्थिति 1098 में कॉल कर सकते हैं। सहयोगिनी के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सुरक्षित गांव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैं ,कि कोई भी बच्ची या बच्चा तस्करी का शिकार ना हो। अगर इस तरह का मामला आते हैं तो तुरंत टोल फ्री नंबर पर कॉल करें । जिससे आरोपी पकड़ा जा सके। स्कूल की छात्रा नीतू कुमारी, नीता कुमारी, अनमोल सिंह, लक्ष्मी कुमारी, संगीता कुमारी ने इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल तस्करी रोकने का मैसेज दिया। स्कूल की संयोजिका मीना देवी ने कहा कि पंचायत तथा गांव स्तर पर बाल तस्करी को लेकर के सघन रूप से जागरूकता का कार्यक्रम चलाने की जरूरत है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK